
16 जनवरी, 2024
पौष, शुक्ल पक्ष, षष्ठी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00
रांची
मंगलवार, वर्ष 09, अंक 87

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही







## प्रधानमंत्री ने पक्का घर बनवाने के लिए एक लाख परिवारों के खाते में पैसे ट्रांसफर किये

# कल्याणकारी योजनाओं से कोई वंचित नहीं होगा : मोदी

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को अति पिछड़े जनजातीय समूह (पीवीटीजी) के एक लाख लाभार्थी परिवारों को पक्के घरों के लिए 540 करोड़ रुपये फंड की पहली किस्त जारी की। एक-एक घर के लिए ढाई-ढाई लाख रुपये ट्रांसफर किये। इस दौरान नरेंद्र मोदी ने पीएम जनमन योजना के लाभार्थियों से संवाद किया। संवाद के दौरान पीएम मोदी ने कहा कि हमारी कोशिश है कि कोई भी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से वंचित न रहे। क्योंकि देश तभी विकसित हो सकता है, जब सरकारी योजनाओं का लाभ सभी तक पहुंचे।

वर्चुअल संवाद में पीएम मोदी ने कहा कि सरकार की योजनाएं सबसे पिछड़े आदिवासी भाई-बहनों तक पहुंचें, यही पीएम जनमन महाअभियान का उद्देश्य है। सरकार की हर योजना उन तक पहुंचे, इसके लिए सरकार पूरी ताकत लगा रही है। मेरी सरकार के 10 साल गरीबों को समर्पित रहे हैं, क्योंकि देश तभी विकसित हो सकता है, जब सरकारी योजनाओं का लाभ सभी तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि आपको अपना घर बनाने के लिए किसी को भी एक भी रुपया नहीं देना। अगर कोई आपसे पैसा मांगे, तो बिल्कुल मत देना। ये आपका पैसा है।

### नौ केंद्रीय मंत्रालय 11 सुविधाओं पर करेंगे काम

जनमन योजना के तहत केंद्र सरकार के नौ मंत्रालय 11 सुविधाओं को सुनिश्चित करने का काम करेंगे। इनमें पक्के घर का प्रावधान, पक्की सड़क, नल से जल-समुदाय आधारित पेयजल, छात्रावासों का निर्माण, मोबाइल मेडिकल यूनिट, आंगनबाड़ी केंद्रों के जरिए पोषण, बहुउद्देशीय केंद्रों का निर्माण, घरों में बिजली पहुंचाना, सोलर पावर, इंटरनेट तथा मोबाइल सर्विस की उपलब्धता और आजीविका संवर्धन के लिए स्किल डेवलपमेंट शामिल हैं। जनमन योजना के तहत 18 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 22000 बस्तियों में लगभग सात लाख परिवारों को कवर करने का लक्ष्य है।

## प्रधानमंत्री ने गुमला की शशि किरण बिरिजिया से की बात

गुमला (आजाद सिपाही)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मोदी ने पीएम जनमन अभियान के तहत अलग-अलग राज्यों की महिलाओं से बात की। इस क्रम में उन्होंने गुमला की शशि किरण बिरिजिया से बात की। उन्होंने उनसे जानना चाहा कि जनमन योजना का लाभ उन्हें कितना मिल रहा है। इस योजना से गांव में क्या बदलाव आया है। जवाब में शशि किरण बिरिजिया ने कहा कि हमारे परिवार में नल-जल मिशन के तहत पानी मिला है। बिजली मिली है। सड़कें मिली हैं। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत हमारे पिता को पैसा मिला है। जनमन से आवास मिल रहा है। हमें रोजगार के लिए ऋण मिला है। इस पर प्रधानमंत्री ने उनसे जानना चाहा कि लोन के पैसे से आप क्या कर रही हैं। जवाब में शशि किरण बिरिजिया ने कहा कि उस पैसे से हमने फोटो कॉपी मशीन लगायी है। हमारे गांव के आसपास फोटो कापी की मशीन नहीं थी। लोगों को बहुत दूर जाना पड़ता था। मशीन लगा देने से लोगों को बहुत लाभ मिला है। रोजगार अच्छा चल रहा है। उन्होंने कहा कि महिलाओं का एक समूह बना है। उसमें बारह सदस्य हैं। सभी सदस्यों ने पत्तल-दोना और आचार बनाने की ट्रेनिंग ली है। सभी मिल कर गांव में अचार बनाते हैं। इसमें कई तरह के आचार बनते हैं। आम का अचार, आंवला का आचार, करील का आचार। आचार की खूब बिक्री हो रही है। उन्होंने प्रधानमंत्री से यह भी कहा कि हम अपना आचार आपको भेजेंगे, उसे खाकर आप बताइयेगा कि उसका स्वाद कैसा है। उन्होंने कहा कि आचार बेचने के लिए रोड किनारे दुकान लगाते हैं। उसमें बहुत लोग आते हैं। दूर-दूर के लोग आचार ले जाते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि पीएम जनमन योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने के लिए, उसकी जानकारी देने के लिए हमारे गांव में शिविर लगाये जा रहे हैं। लोगों को जानकारी मिल रही है। यह सुन कर प्रधानमंत्री ने खुशी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि आपकी बात सुन कर हमें काफी प्रसन्नता हो रही है कि योजनाओं का लाभ आप लोगों तक पहुंच रहा है। केंद्र सरकार की योजनाओं की गति काफी बढ़ गयी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले दस साल से हम प्रयास कर रहे हैं कि सरकारी योजनाओं का लाभ सभी तक पहुंचें। योजनाएं हर इलाके में पहुंचेंगी, यह मोदी की गारंटी है। शशि किरण बिरिजिया ने प्रधानमंत्री को गुमलावासियों के लिए खासकर जनजातीय भाई बहनों के लिए दी गयी योजनाओं के




लिए आभार जताया। उन्होंने कहा कि पहले योजनाएं गरीबों तक नहीं पहुंच पाती थीं। आज आपकी योजनाएं पहुंच रही हैं। योजनाओं के लिए पूरे गुमलावासियों की तरफ से बहुत-बहुत धन्यवाद।

कार्यक्रम के समापन पर प्रधानमंत्री ने देशवासियों को शुभकामनाएं दीं। कहा कि उत्तरायण, मकर संक्रांति, पोंगल, पिहू कितने ही त्याहारों का उमंग चारों तरफ छाया हुआ है। इस आयोजन ने इस उमंग को और शानदार बना दिया है। आज अयोध्या में दीपावली मनायी जा रही है, तो दूसरी ओर एक लाख अति पिछड़े मेरे जनजातीय भाई बहन के घर दिवाली मन रही है। यह अपने आपमें मेरे लिए बहुत ड़ी खुशी है। आज जनजातीय भाई-बहनों के खाते में पैसे ट्रांसफर किये जा रहे हैं। सभी परिवारों को बधाई देता हूं, शुभकामनाएं देता हूं। मेरे लिए यह आनंद की बात है। आज से आपके घरों का काम शुरू होने जा रहा है। मुझे विश्वास है कि इस साल की दीपावली आप अपने पक्के घरों में जरूर मनायेंगे। जल्दी से जल्दी मकान का काम कीजिए। आप मन में पक्का कर लीजिए कि इस बार दीपावली आपको अपने घर में मनानी है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि कुछ दिनों के बाद 22 जनवरी को रामलाल भी अपने भव्य और दिव्य मंदिर में हमें दर्शन देंगे। आपने इतना बड़ा दायित्व दिया है। मैंने भी एक संकल्प किया हूं। आप तो जानते ही हैं कि श्रीराम मर्यादा पुरुषोत्तम राम तब बने, जब उन्हें जनजातीय माता शबरी का आशीर्वाद मिला। मर्यादा पुरुषोत्तम बनने में निषाद भाई का बहुत बड़ा योगदान है। दशरथ पुत्र राम मर्यादा पुरुषोत्तम तब बने, जब उन्होंने आदिवासी माता शबरी के बेर खाये। राम की कथा तब तक पूर्ण नहीं होती, जब तक उसमें गरीब न आयें, वंचित न आयें। वनवासी न आयें। इनके कल्याण के लिए बना कोई आगे नहीं बढ़ सकता। प्रधानमंत्री ने कहा कि गरीबों के कल्याण के ध्येय के साथ ही हम लगातार काम कर रहे हैं। हमने दस साल गरीबों को समर्पित किये हैं। आज गरीबों की पूछ हो रही है, उन्हें पूजा भी जा रहा है। सरकार आप तक पहुंचे, सरकारी योजनाएं अति पिछड़े मेरे जनजातीय भाई बहनों तक पहुंचें, पीएम जन मन महाअभिशन का यही उद्देश्य है। हमें खुशी है कि सिर्फ दो महीने में जन मन अभियान में वह हो गया है, जो पहले कभी नहीं हुआ। पीएम ने कहा कि झारखंड की धरती से जब भगवान बिरसा मुंडा की जन्मतिथि पर सरकार ने यह अभियान शुरू किया था, तो हम सबके सामने चुनौती बहुत बड़ी थी। हमारे जनजातीय भाई जो दूर पहाड़ों पर रहते हैं, दुर्गम जगहों पर रहते हैं। इन तक पहुंचना बहुत कठिन था। लेकिन हमें खुशी है कि इस महाअभियान में लगे अधिकारियों-कर्मचारियों की मेहनत की वहज से हम वहां पहुंच रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारा काफी वक्त आदिवासी भाई बहनों के बीच गुजरा है। इसका मार्गदर्शन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से हमें मिला। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमने पांच सौ नये एकलव्य विद्यालय बनाने की ठानी है। हम हाट बाजारों को भी बढ़ावा दे रहे हैं। हमारी सरकार जनजातीय संस्कृति की सुरक्षा के लिए काम कर रही है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने एक लाख आदिवासियों के कल्याण के लिए पहली किस्त जारी की। उन्होंने कहा कि जो मुसीबतें आपके परिवार ने उठायी हैं, वे मुसीबतें आपको नहीं उठानी पड़ेंगी। उन्होंने कहा कि माताओं-बहनों के सम्मान के लिए हर घर में शौचालय होगा। उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी वाली गाड़ी गांव-गांव तक पहुंच रही है। 80 हजार से ज्यादा अति पिछड़े जनजातीय परिवारों तक आयुष्मान कार्ड पहुंचा है। 30 हजार अति पिछड़े किसानों को किसान सम्मान योजना से जोड़ा है। उन्होंने गारंटी दी कि अब कोई भी हमारा आदिवासी भाई-बहन सरकारी योजनाओं से छूटेगा नहीं। कार्यक्रम के बाद केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने परिसंत्तियों का वितरण किया।






## इडी के आठवें समन का हेमंत ने भेजा जवाब

# 20 को सीएम आवास आकर बयान दर्ज कर लें

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इडी के 8वें समन का जवाब भेजा है। मुख्यमंत्री के जवाब के साथ मुख्यमंत्री सचिवालय से एक कर्मचारी इडी दफ्तर पहुंचा। पत्र में सीएम ने कहा है कि इडी की टीम 20 जनवरी को सीएम आवास आकर बयान दर्ज कर ले। पत्र मिलने के बाद इडी के अधिकारियों ने इसकी जानकारी दिल्ली मुख्यालय को दी।

बता दें कि शनिवार को इडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को आठवां समन भेजा था। इडी ने इस पत्र में हेमंत सोरेन से अब तक पूछताछ के लिए नहीं आने का कारण पूछा था। हेमंत सोरेन से इस मामले में जवाब देने के लिए 16 से 20 जनवरी तक का समय दिया गया था। इडी ने कहा था कि 16 से 20 जनवरी तक या तो खुद आयें या इडी को उनके पास आना पड़ेगा। अब समय से पहले ही सीएम ने चिट्ठी भेज दी है।

### इडी ऑफिस नहीं पहुंचे आर्किटेक्ट विनोद सिंह


रांची। साहिबगंज में हुए अवैध खनन मामले में ग्रिड कंसल्टेंट के आर्किटेक्ट विनोद सिंह को पूछताछ के लिए पहले ही समन भेजा गया था। सोमवार को 11 बजे ही उन्हें इडी ऑफिस पहुंचना था, लेकिन लेकिन वे नहीं पहुंचे। वहीं इसी मामले में सीएम के प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद पिंटू को मंगलवार को बुलाया गया है। इडी ने अवैध खनन की जांच के दौरान 3 जनवरी को साहिबगंज के उपायुक्त रामनिवास यादव, मुख्यमंत्री के प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद उर्फ पिंटू और ग्रिड कंसल्टेंट के मालिक विनोद सिंह सहित अन्य लोगों के 12 ठिकानों पर छापा मारा था। छापेमारी के दौरान विनोद सिंह के रांची स्थित आवास से 25 लाख रुपये कैश सहित कई महत्वपूर्ण दस्तावेज जब्त किये थे।

## मायावती ने अकेले चुनाव लड़ने का किया एलान

लखनऊ (आजाद सिपाही)। बसपा सुप्रीमो मायावती ने 15 जनवरी को अपने 68वें जन्मदिन पर बड़ा एलान किया है। उन्होंने साफ कर दिया है कि 2024 का चुनाव बसपा अकेले ही लड़ेगी। किसी गठबंधन या पार्टी के साथ गठबंधन नहीं करेगी। यानी, बसपा के आइएनडीआइए गठबंधन में शामिल होने की कयासबाजी पर विराम लग गया है। उन्होंने कहा कि गठबंधन से फायदा कम, नुकसान ज्यादा होता है। लखनऊ में मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि मेरे संन्यास लेने की खबरें फर्जी हैं। मैं अंतिम सांस तक बसपा को मजबूत करती रहूंगी। उन्होंने अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि वह तो गिरगिट की तरह रंग बदलते रहते हैं।









# हैदरनगर के तीन युवकों की औरंगाबाद में मॉब लिंचिंग

**बुजुर्ग की गोली मार कर हत्या के बाद उग्र हो गये थे ग्रामीण, एक युवक की हालत गंभीर, अस्पताल में।**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** बिहार के औरंगाबाद जिले के नबीनगर थाना क्षेत्र के तेतरिया मोड़ के पास सोमवार को मामूली बात पर हुए विवाद में चार लोगों की हत्या कर दी गयी। इसमें एक व्यक्ति को गोली मारी गयी, जिससे उसकी मौत हो गयी। इसके बाद नाराज लोगों ने तीन युवकों को पीट-पीट कर मार डाला। वहीं एक की हालत गंभीर बतायी जा रही है।

घटना के संबंध में बताया गया कि तेतरिया मोड़ पर जाम लगा हुआ था। इसी दौरान एक दुकान के आगे कार खड़ी करने को लेकर दुकानदार और कार में बैठे लोगों के बीच बहस शुरू हो गयी। बात इतनी बढ़ी कि कार सवार एक युवक ने पिस्टल निकाली और दुकानदार पर गोली चला दी। गोली दुकानदार को न लग कर पास में बैठे एक स्थानीय ग्रामीण को लग गयी, उसकी मौत अस्पताल ले जाने के क्रम में हो गयी। मृत बुजुर्ग व्यक्ति की पहचान महुली (नबीनगर) गांव निवासी रामशरण चौहान के रूप में हुई।

### बुजुर्ग की मौत के बाद उग्र ग्रामीणों ने पीट-पीट कर मार डाला

घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीण उग्र हो गये और कार में बैठे लोगों पर हमला कर दिया। भीड़ ने कार सवार युवकों को इतना पीटा कि दो की मौत घटनास्थल पर ही हो गयी, जबकि एक कार सवार की मौत अस्पताल ले जाने के दौरान रास्ते में ही हो गयी। वहीं एक गंभीर रूप से घायल है। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचे एसडीपीओ मो. अमानुल्लाह खान और स्थानीय पुलिस जांच पड़ताल में जुट गयी है। शांति



व्यवस्था कायम रखने के लिए घटनास्थल पर भारी संख्या में पुलिस बल को तैनात कर दिया गया है। पुलिस मुस्तैदी से निगरानी कर रही है। जानकारी के अनुसार कार में पांच लोग सवार थे, जो पलामू जिले के हैदरनगर थाना क्षेत्र के रहनेवाले थे। इसमें मुजाहिद राइन, अरमान अंसारी और चमन मंसूरी की मौत हो गयी है, जबकि वकील अंसारी घायल है। उसका इलाज चल रहा है।

## न्यूज रील्स

### उद्धव ठाकरे सुप्रीम कोर्ट पहुंचे

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने विधानसभा स्पीकर के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। 10 जनवरी को स्पीकर राहुल नार्वेकर ने विधानसभा में फैसला देते हुए कहा था कि असली शिवसेना महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे गुट की है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 59,400 रु./10 ग्राम
चांदी 76,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 16 जनवरी, 2024
www.azadsipahi.in


## श्री अयोध्या धाम और श्रीराम जन्मभूमि मंदिर पर विशेष शृंखला : 5

# श्रीराम मंदिर आंदोलन के प्रणेता थे महंत अवैद्यनाथ

## ■ देश में सामाजिक समरसता के अग्रदूत और लोकतंत्र के सच्चे प्रहरी थे महंत

## ■ यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ की रगों में हिंदुत्व को उन्होंने ही सींचा था

**हिंदू समाज के अलग-अलग मत के धर्माचार्यों को अवैद्यनाथ ने एक साथ जोड़कर अयोध्या आंदोलन में आगे बढ़ाने का काम किया था। राम जन्मभूमि यज्ञ समिति के गठन के वक्त महंत अवैद्यनाथ को इसका अध्यक्ष चुना गया था। इसकी वजह भी थी कि सभी धर्माचार्य उन्हें अपना आदर्श मानते थे। योगी आदित्यनाथ ने उन्हें अपने जैविक पिता से भी ऊंचा दर्जा दिया। नाथ संप्रदाय की परंपरा के महंत अवैद्यनाथ यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गुरु थे। योगी ने गोरक्षपीठ का उत्तराधिकार अवैद्यनाथ से हासिल किया है। उनके गोरक्ष पीठाधीश्वर रहते हुए ही अयोध्या में राम मंदिर निर्माण आंदोलन परवान चढ़ा। उनके ही नेतृत्व की वजह से हिंदुत्व को लेकर पूरी दुनिया भर में चर्चा हुई। वह दिसंबर 1992 में हुई कारसेवा के नेतृत्वकर्ताओं में भी शामिल रहे। सितंबर 1969 में महंत दिग्विजयनाथ के ब्रह्मलीन होने के बाद गोरक्षपीठाधीश्वर बने अवैद्यनाथ ने शुरू से ही राम मंदिर आंदोलन की कमान संभाल ली। उन्होंने एलान कर दिया कि राम जन्मभूमि की मुक्ति तक वह चैन से नहीं बैठेंगे। उनका मानना था कि राजनीतिक परिवर्तन के बगैर लक्ष्य प्राप्ति नहीं हो सकती। 1980 में राजनीति से संन्यास लेने के बावजूद राम मंदिर के लिए उनका संघर्ष चलता रहा। उन्होंने सभी पंथों को एक मंच पर लाने में सफलता हासिल की। इस अद्भुत महंत और धर्माचार्य के बारे में बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष



राकेश सिंह

अयोध्या में आखिरकार राम मंदिर का सपना पूरा होने जा रहा है और 22 जनवरी को राम मंदिर में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा होगी। हालांकि राम मंदिर के लिए आंदोलन लंबे समय तक चला और इसकी कामयाबी में कई लोगों का अपार सहयोग भी रहा। इन्हीं में एक नाम है महंत अवैद्यनाथ का। अयोध्या आंदोलन में निडरता और धैर्य की प्रतिमूर्ति थे गोरखपुर की गोरक्षपीठ के महंत अवैद्यनाथ। आखिर ऐसा क्यों था, क्यों वह बेहद निडर थे और क्यों अयोध्या में भव्य राम मंदिर के लिए सत्ताधीशों से टकराने से भी उन्हें गुरेज नहीं था। जिस वक्त बाबरी ढांचा की नियति तय होने वाली थी, उस वक्त महंत अवैद्यनाथ ढांचे से करीब 150 मीटर दूर मौजूद थे।


हिंदू समाज के अलग-अलग मत के धर्माचार्यों को अवैद्यनाथ ने एक साथ जोड़कर अयोध्या आंदोलन में आगे बढ़ने का काम किया था। जुलाई 1984 में राम जन्मभूमि यज्ञ समिति के गठन के वक्त महंत अवैद्यनाथ को इसका अध्यक्ष चुना गया था। इसकी वजह भी थी कि सभी धर्माचार्य उन्हें अपना आदर्श मानते थे। वह जब तक जीवित रहे, इस पद पर सदैव बने रहे। योगी ने उन्हें अपने जैविक पिता से भी ऊंचा दर्जा दिया। वह पिता के कॉलम में भी अवैद्यनाथ का नाम लिखा करते थे। महंत अवैद्यनाथ की प्रेरणा और उनके नक्शे कदम पर चलते हुए ही योगी आदित्यनाथ महज 22 साल की उम्र में गोरक्ष पीठ के विशाल साम्राज्य के उत्तराधिकारी बने। अवैद्यनाथ गोरखपुर लोकसभा से सांसद भी रह चुके हैं। उनके संसद की कार्यवाही में शामिल रहने के लिए दिल्ली रहने के दौरान योगी ही पीठ का कामकाज देखा करते थे। ऐसा कई बार देखा गया कि अवैद्यनाथ को याद करके योगी भावुक हो जाया करते हैं।

**महंत अवैद्यनाथ की निडरता और धैर्य ने दी राम मंदिर आंदोलन को धार :** श्रीराम जन्मभूमि मुक्ति यज्ञ समिति का अध्यक्ष के रूप में महंत अवैद्यनाथ का पहला प्रयोग था श्रीराम जानकी रथयात्रा। ये जातियों में बंटे हिंदू समाज को अयोध्या आंदोलन के लिए एकजुट करने का पहला प्रयास था। वह शुरू से आंदोलन के मार्गदर्शक रहे। उन्हीं के मार्गदर्शन में राम जानकी यात्रा निकली गयी थी। उसी यात्रा के क्रम में दिल्ली जाना था, लेकिन इसी वक्त इंदिरा गांधी की हत्या हो गयी थी, तब यात्रा रोक दी गयी। यात्रा रोकने के बाद एक साल तक कोई कार्यक्रम नहीं हुआ। एक साल बाद राम जानकी रथयात्रा देशभर में निकाली गयी। पहली यात्रा तो मंदिर का नहीं, जो ताला लगा था, उस ताले को खुलवाने के लिए थी। उस ताले को खुलवाने के लिए जो रथयात्रा निकाली गयी, उसमें लोगों को अयोध्या पहुंचना था। उससे पहले ही राम जन्मभूमि का ताला हटा लिया गया। पूज्य संत महंत अवैद्यनाथ का सफलतम कार्यक्रम था। पहली ही यात्रा में ताले खुल गये थे।

**06 दिसंबर, 1992 को पूजा की अगुवाई की :** छह दिसंबर 1992 को विवादित परिसर के इर्द-गिर्द कारसेवकों का भारी हुजूम था। हर ओर शोर-शराबा और जोरदार नारेबाजी हो रही थी, जिसकी गूंज हर ओर सुनाई दे रही थी। विवादित परिसर के चबूतरे पर महंत अवैद्यनाथ की अगुवाई में पूजा हुई। पूजा करीब एक घंटे तक चली। इसके बाद जो कुछ हुआ, वह इतिहास बन गया। ऐसा क्यों हुआ। उसकी बानगी है कारसेवकों और रामभक्तों का यह गुस्सा।

**ऐसे चुने गये श्रीराम जन्मभूमि यज्ञ समिति के अध्यक्ष :** 1990 के दशक की शुरुआत में देश में सड़कों पर गूंजती इस हुंकार से करीब छह साल पहले अयोध्या के वाल्मीकि भवन में सन्नाटा छाया हुआ था। विश्व हिंदू परिषद ने तब तक राम मंदिर आंदोलन की रूपरेखा बना ली थी। आंदोलन के लिए श्रीराम जन्मभूमि मुक्ति यज्ञ समिति बनाने का फैसला हो चुका था। वाल्मीकि भवन में 21 जुलाई 1984 को साधु-संतों की बैठक में तय होना था कि श्रीराम जन्मभूमि मुक्ति यज्ञ समिति का अध्यक्ष कौन होगा। उस बैठक में अशोक सिंघल चाहते थे कि अयोध्या का ही कोई महंत यज्ञ समिति का अध्यक्ष बने। लेकिन कांग्रेस की सरकार थी। अयोध्या के सभी महंतों-संतों ने मना कर दिया। अयोध्या के साधु-संतों को भय था कि अगर उन्होंने राम मंदिर आंदोलन की बागडोर संभाली, तो केंद्र और उत्तर प्रदेश की कांग्रेस सरकार उनके मठ और मंदिर छीन लेगी। उन्हें निर्भय करने के लिए सामने आये गोरक्ष पीठाधीश्वर महंत अवैद्यनाथ। महंत अवैद्यनाथ ने कहा कि हमको डर नहीं है। दरअसल, जिस भय से अयोध्या के साधु-संत घिरे हुए थे, महंत अवैद्यनाथ बचपन में ही उससे मुक्त हो चुके थे।

**उत्तराखंड में जन्मे थे महंत अवैद्यनाथ :** 18 मई 1919 को उत्तराखंड के पौड़ी गढ़वाल में कांडी गांव में जन्मे महंत अवैद्यनाथ का जन्म नाम था कृपाल सिंह बिष्ट। वह अभी बालक ही थे कि उनके माता-पिता का निधन हो गया। जिस दादी ने उन्हें पाला, वह भी कृपाल सिंह बिष्ट को किशोरावस्था में ही छोड़ कर स्वर्ग सिधार गयीं। इस मृत्यु ने उनका सांसारिक रिश्तों से मोहभंग कराया। कृपाल सिंह बिष्ट संन्यास की राह पर निकल पड़े। ऋषिकेश में साधु-संतों की संगत में धर्म-अध्यात्म का अध्ययन और चिंतन करने लगे। कभी ऋषिकेश, तो कभी काशी। आध्यात्मिक संसार में मन इतना रमा कि उन्होंने सांसारिक मायाजाल को तोड़ने के लिए आखिरी बार अपने पुश्तैनी गांव जाने का निर्णय लिया। कृपाल सिंह बिष्ट अपने माता-पिता की इकलौती संतान थे। उनके पिता के दो भाई और थे। गांव जाकर उन्होंने अपने हिस्से की सारी संपत्ति अपने दोनों चाचा को बांट दी।



## ठुकरा दी थी दिग्विजय नाथ की पेशकश

साल 1940 में संन्यासी कृपाल सिंह बिष्ट गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर पहुंचे, जहां उनकी मुलाकात तत्कालीन महंत दिग्विजय नाथ से हुई। दिग्विजय नाथ उदयपुर के उसी राणा परिवार से आये थे, जिसमें बप्पा रावल और महाराणा प्रताप का जन्म हुआ था। उनके बचपन का नाम राणा नान्हू सिंह था और उनका जन्म उदयपुर के कंकरवा टिकाना गांव में हुआ। राजनीतिक सूझबूझ में माहिर महंत दिग्विजय नाथ लंबे और चौड़े कंधे वाले व्यक्ति थे। वे बोलचाल का सलीका जानते थे और लॉन टेनिस में माहिर थे। सात साल की उम्र में साजिश के तहत उनके चाचा ने उन्हें नाथपंथ के योगी फूलनाथ को सौंप दिया, जो उन्हें गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर में ले आये। पहली ही मुलाकात में महंत दिग्विजय नाथ ने कृपाल सिंह को दीक्षा देकर अपना उत्तराधिकारी बनाने की पेशकश की, लेकिन ब्रह्मचारी संन्यासी कृपाल सिंह इसके लिए तैयार नहीं हुए, क्योंकि नाथ पंथ के बारे में वह खुद को तब अल्पज्ञानी ही मानते थे। गोरखपुर से बंगाल और बंगाल से कराची तक धर्म, अध्यात्म और दर्शन के लिए वह ऐसे भी यात्राएं करते रहे।

## योगी शांतिनाथ ने दी अवैद्यनाथ को यह सलाह

संन्यासी कृपाल सिंह साल 1942 में ऋषिकेश से कराची पहुंचे। कराची में उन्हें नाथ पंथ के महान योगी शांतिनाथ से मिलना था, जिनकी प्राच्य दर्शन की समीक्षा से वह बहुत प्रभावित थे। कराची में ही योगी शांतिनाथ ने संन्यासी कृपाल सिंह बिष्ट को गोरखपुर जाकर महंत दिग्विजय नाथ से दीक्षा लेने को कहा। संन्यासी कृपाल ने उन्हें बताया कि महंत दिग्विजय नाथ का प्रस्ताव वह दो साल पहले ही ठुकरा आये थे। अब क्या पता कि महंत दिग्विजय नाथ ने किसी और को अपना उत्तराधिकारी बना लिया हो। उनके इस संदेह के बाद भी योगी शांतिनाथ ने महंत दिग्विजय नाथ को पत्र लिखा, तो जवाब में महंत दिग्विजयनाथ ने किराये के पैसे भेजते हुए संन्यासी कृपाल को गोरखनाथ मंदिर बुलाया। 08 फरवरी 1942 को महंत दिग्विजयनाथ ने विधिवत दीक्षा देकर उन्हें अपना शिष्य और उत्तराधिकारी घोषित कर दिया और उसी दिन से ब्रह्मचारी संन्यासी कृपाल सिंह बिष्ट बन गये नाथ पंथ के साधक अवैद्यनाथ। यहां ये बताना जरूरी है कि करीब सात बरस बाद 22-23 दिसंबर 1949 की रात अयोध्या के विवादित ढांचे में रामलला की मूर्ति रखने वाले पांच साधुओं में दिग्विजयनाथ भी शामिल थे। इस तरह गोरक्षपीठ के महंत बनने के साथ अवैद्यनाथ का राम मंदिर आंदोलन के साथ नाता बन गया।

## आंदोलन के लिए हिंदू समाज को संगठित किया

अयोध्या आंदोलन की ध्वजवाहक श्रीराम जन्मभूमि मुक्ति यज्ञ समिति ही थी। आंदोलन के लिए हिंदू समाज को संगठित करना था। साधु-संतों को एकजुट रखना था और सत्ता की ताकत से लोहा भी लेना था। इसके लिए महंत अवैद्यनाथ से बेहतर कोई हो ही नहीं सकता था। नौ नवंबर 1989, महंत अवैद्यनाथ की अगुवाई में चल रहे राम मंदिर मुक्ति आंदोलन के लिए यह तारीख बेहद खास थी। साधु-संतों और रामभक्तों के दबाव के आगे झुकते हुए केंद्र सरकार ने बाबरी ढांचे के नजदीक राम मंदिर के शिलान्यास की मंजूरी दे दी। महंत अवैद्यनाथ की अगुवाई में देशभर से राम मंदिर के लिए जो ईंटें जुटायी गयी थीं, उन ईंटों को महंत अवैद्यनाथ ने श्रीराम जन्मभूमि मंदिर न्यास के अध्यक्ष रामचंद्र दास परमहंस को सौंप दिया। हालांकि राम मंदिर की पहली ईंट रखने के लिए चुना गया दलित समाज के रामभक्त कामेश्वर चौपाल को। पूज्य महंत मानते थे कि प्रत्येक प्राणी में आत्मा का निवास है और कोई भी भौतिक सत्ता ऐसी नहीं है, जो हमारी आत्मा को मलीन कर सके। कोई भी सत्ता मलीन नहीं कर सकता।

## छुआछूत के आंदोलन की वजह से राजनीति से दूरी

छुआछूत के खिलाफ महंत अवैद्यनाथ का अभियान राम मंदिर आंदोलन के पहले से ही शुरू हो गया था। फरवरी 1981 में तमिलनाडु के कांचीपुरम गांव में दलित परिवारों के इस्लाम कबूल करने के बाद उन्होंने दलित बस्तियों में सहभोज कार्यक्रम शुरू किया, जो मंदिर आंदोलन के दौरान भी जारी रहा। वह 1962 से चुनावी राजनीति में थे, लेकिन दलितों को हिंदुत्व की मुख्यधारा में शामिल करने के अभियान की वजह से उन्होंने चुनाव से भी दूरी बना ली, ताकि कोई यह आरोप न लगाये कि उनका सहभोज कार्यक्रम दलित वोट की खातिर हो रहा है।

## सामाजिक सद्भाव के दूत बने अवैद्यनाथ

राम मंदिर आंदोलन के दौरान जब देश में सांप्रदायिकता की राजनीति को हवा दी जा रही थी, तब महंत अवैद्यनाथ सामाजिक सद्भाव के दूत बनकर सामने आये। उनके व्यापक जनाधार का एहसास 06 दिसंबर 1992 को हुआ। श्रीराम जन्मभूमि मुक्ति यज्ञ समिति के संस्थापक सदस्य राम विलास वेदांती ने बताया, महंत अवैद्यनाथ सुबह सात बजे हमारे साथ ही पहुंचे थे। वहां स्वामी बामदेव महाराज थे, परमहंस थे, नृत्य गोपाल दास, अशोक सिंघल, ऋतंभरा, उमा भारती। सबके सामने जब पूजन शुरू हुआ। जब संकल्प का नाम आया, तो परमहंस से सिंघल ने संकल्प को रामकथा मंच से जाकर करने को कहा। परमहंस जी ने कहा कि मैं इतनी भीड़ में जा नहीं सकता। तब महंत जी का नाम लिया, लेकिन इतनी भीड़ थी कि सबने मना किया। उन्होंने कहा, मैंने नारा लगाया राम नाम सत्य है, ढांचा ध्वस्त है। फोर्स के अधिकारियों ने कहा कि गोली चलाओ, लेकिन किसी पुलिसकर्मी ने गोली नहीं चलायी। पाइप उखाड़ कर हथियार बनाया। उसी के माध्यम से ढांचे पर चढ़े, फिर सब्बल, फावड़े से ढांचे को तोड़ना शुरू किया। हम नारा लगा रहे थे, तभी अशोक सिंघल पहुंच गये। पूज्य महंत अवैद्यनाथ भी पहुंचे। महंत जी ने कहा कि वेदांती ठीक नारा लगा रहा है। अयोध्या में विवादित ढांचा ध्वस्त होने के बाद यह सवाल भी उठा कि जब हिंदू साधु-संत इसे राम जन्मभूमि मंदिर मानते हैं, तो उन्होंने जिस ढांचे को ध्वस्त किया, वह क्या था, राम मंदिर या बाबरी मस्जिद? यही सवाल लिब्रहान आयोग ने भी महंत अवैद्यनाथ से पूछा था, जिसके जवाब में उन्होंने 18 अप्रैल 2002 को लिब्रहान आयोग के समक्ष अपने बयान में कहा, ढांचा ध्वस्त करने वाले लोग ही इसका जवाब दे सकते हैं, क्योंकि हमारे कार्यक्रम में इसको ध्वस्त करने का प्रोग्राम नहीं था, क्योंकि हम इसको मंदिर ट्रीट करते थे, मंदिर का आदर करते थे।

## गोरखपुर में शांति बनी रही

विवादित ढांचे के ध्वंस को पूरी दुनिया में बाबरी मस्जिद पर हमले के नाम से ही प्रचारित किया गया। इस घटना के बाद देश के कई हिस्सों में दंगे शुरू हो गये, लेकिन सांप्रदायिक तनाव के उस दौर में भी राम मंदिर आंदोलन के महानायक महंत अवैद्यनाथ की अपनी कर्मभूमि गोरखपुर में शांति थी। इस मामले पर गोरखपुर के इमामबाड़ा के गद्दीनशीं अदनान फर्रुख अली शाह कहते हैं, यहां का माहौल हमेशा आपस में मेलजोल का रहा है। 1092 में जब हिंसा का सिलसिला शुरू हुआ, तो गोरखपुर में बहुत पीसफुल माहौल था, जबकि पूरे हिंदुस्तान में बवाल था। गोरखपुर में नौबत ही नहीं आयी।

## देश की एकता और शांति के पक्षधर

महंत अवैद्यनाथ सभी धर्मों के सर्वमान्य धार्मिक गुरु थे। इस पीठ और महंत अवैद्यनाथ के नाते हमेशा से गोरखपुर में शांति का वातावरण रहा। गोरक्ष पीठ कभी अन्याय और शोषण का पक्षधर नहीं रहा। कभी किसी को डराने-धमकाने का काम नहीं किया। महंत अवैद्यनाथ की पहचान नाथ पंथ के गुरु और हिंदुत्व के पुरोधा के रूप में तो थी ही, वह राष्ट्रीयता के साधक भी थे।

## पीएसी के विद्रोह को शांत किया

देश की एकता और शांति के लिए महंत अवैद्यनाथ किस हद तक जा सकते थे, इसकी मिसाल दुनिया ने देखी। बेहतर वेतन और सुविधाओं की मांग को लेकर पीएसी के जवानों ने विद्रोह कर दिया। आगरा, बरेली और मेरठ से शुरू हुई इस विद्रोह की चिनगारी गोरखपुर पीएसी कैंप तक पहुंच गयी। पीएसी विद्रोह से निपटने के लिए सेना बुलानी पड़ी। गोरखपुर में पीएसी और सेना के जवान आमने-सामने थे। प्रशासन ने इस संकट में महंत अवैद्यनाथ को याद किया, तो वह बेहिचक खुली जीप में पीएसी कैंप पहुंचे। उन्हें देखते ही पीएसी के जवानों का आक्रोश शांत हो गया। पीएसी के जवान अपना आंदोलन भूल महंत अवैद्यनाथ और गोरक्ष पीठ की जयकार करने लगे।

## सभी सुनते थे उनकी वजनदार बात

महंत अवैद्यनाथ का वही संकटमोचक स्वरूप अयोध्या आंदोलन से जुड़े साधु-संतों की संजीवनी भी बना। उनकी बातों में वजन भी था और व्यापक असर भी। साध्वी ऋतंभरा कहती हैं, जब कोई योजना बन रही होती थी, तो वो बहुत बड़े योजक थे, उनकी उपस्थिति सारी समस्याओं का समाधान कर देती थी। मैंने देखा है कि महापुरुषों के पास समस्याओं के समाधान चुटकी बजाकर हो जाते हैं। महंत जी ऐसे ही थे। उन्हें लगता था कि जन मेदिनी आयेगी, सारा भारत राममय हो जायेगा। जातिभेद की दीवार खत्म हो जायेगी। वह गद्दी राजनीति से ही जुड़ी रही है। उनके गुरुदेव रहे। राजनीति ऐसी जो धर्म परायण रही। महंत अवैद्यनाथ उसी परंपरा के संवाहक थे। उनके मंच पर उनका भाषण सुनना और बैठकों में दो शब्दों में बड़ी से बड़ी समस्याओं का समाधान हो जाता था।

## बेहद धैर्यवान थे महंत अवैद्यनाथ

राम मंदिर आंदोलन जब 1992 के बाद ठंडा होने लगा, रामभक्तों की उम्मीदें टूटने लगीं, तब भी महंत अवैद्यनाथ की आंखों में एक ही सपना था- अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण। साध्वी ऋतंभरा कहती हैं, ढांचा ध्वस्त हो गया, राजनीतिक उथल-पुथल हो गयी, राष्ट्रपति शासन लग गये, मुकदमे हुए, गिरफ्तारियां हुईं। वह वातावरण ऐसा था, जिसकी वजह से लंबा समय लगा। महंत जी उन लोगों में थे, जिनकी आंखें लगी थीं कि मंदिर का निर्माण हो। संत के पास शौर्य होता है, तो धैर्य भी। महंत जी कहते थे कि धैर्य रखो।

## फैसले से दो साल पहले दीपोत्सव की शुरुआत

श्रीराम जन्मभूमि मुक्ति यज्ञ समिति के संस्थापक सदस्य रामविलास वेदांती ने कहा, जब परमहंस की चिता जल रही थी, तब महंत अवैद्यनाथ का भाषण हुआ। एक न एक दिन सबको जाना होगा, क्या हम अपनी आंखों से मंदिर बनता देखेंगे। अटल बिहारी वाजपेयी ने अपने भाषण में कहा कि महंत जी, सबको एक दिन जाना है, लेकिन आज जलती चिता के सामने कहना चाहता हूं कि हमारी ही पार्टी का एक महापुरुष आयेगा, जो भव्य राम मंदिर का निर्माण करेगा। इस संकल्प की पूर्ति होगी। नौ नवंबर को जब निर्णय आया, तब अटल की बात सत्य होती दिखाई दी। अयोध्या में राम जन्मभूमि पर मंदिर निर्माण का रास्ता नौ नवंबर 2019 को सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद साफ हुआ, लेकिन मंदिर आंदोलन के कर्णधार महंत अवैद्यनाथ के उत्तराधिकारी योगी आदित्यनाथ ने उससे दो साल पहले ही अयोध्या में दीपोत्सव की शुरुआत कर दी थी। यह शायद संकेत था कि अयोध्या में भव्य राम मंदिर बनाने का जो संकल्प उनके दादा गुरु महंत दिग्विजयनाथ ने देखा था और जिस आंदोलन की नींव के पत्थर उनके गुरु महंत अवौद्यनाथ थे, उस आंदोलन के संकल्प की सिद्धि का समय आ चुका है।

## कम समय में ही खूब यात्राएं की

महंत अवैद्यनाथ जी ने बहुत कम समय में ही बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री, यमुनोत्री आदि तीर्थस्थलों की यात्रा की। कैलाश मानसरोवर की यात्रा से वापस आते समय अल्मोड़ा में उन्हें हैजा हो गया और उनके साथी अचेतावस्था में ही उन्हें छोड़कर भाग गये।

## राजनीति में प्रवेश

अवैद्यनाथ ने 1962 में राजनीति में प्रवेश किया 1962 से लेकर 1977 तक वह लगातार मनीराम विधानसभा से उप्र विधानसभा में पहुंचते रहे। इस क्षेत्र में वह ऐसे एकमात्र राजनेता बने, जिन्होंने पांच बार विधानसभा तथा तीन बार लोकसभा चुनाव जीता। जनता लहर में भी वह अपराजेय रहे। 1998 में उन्होंने अपने शिष्य योगी आदित्यनाथ जी को चुनावी मैदान में उतार दिया। 1980 में मीनाक्षीपुरम में एक बहुत बड़ा धर्म परिवर्तन हुआ था, जिससे आहत होकर उन्होंने राजनीतिक जीवन से संन्यास ले लिया और हिंदू समाज की सामजिक विषमता को दूर करने में लग गये।

## महंत जी और सामाजिक समरसता

1980-81 धर्म परिवर्तनों से आहत होकर हिंदू समाज से छुआछूत समाप्त करने के लिए प्रयास प्रारंभ किये और जिसका प्रतिफल भी प्राप्त हुआ, जिसके कारण सामाजिक परिवर्तन की आंधी से धर्म परिवर्तन कुछ सीमा तक नियंत्रित हो गया। 18 मार्च 1994 को काशी के डोम राजा सुजीत चौधरी के घर पर उनकी मां के हाथों का भोजन कर छुआछूत की धारणा पर करारा प्रहार किया। यह उस समय की एक महान घटना मानी जाती है, क्योंकि तब अनेक संतों ने महंत जी के इस साहसिक कदम का विरोध भी किया था। महंत जी का धर्म परिवर्तन रोकने का यह प्रयास लगातार चलता रहा और उसमें नये आयाम जुड़ते चले गये।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 24.0 °c | 6.4 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.29 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.17 बजे |



# अर्जुन मुंडा ने किया करोड़ों की परिसंपत्ति का वितरण

**जिले के विशुनपुर में पीएम जनमन के तहत प्रखंड कार्यालय परिसर में प्रधानमंत्री ने लाभुकों से सीधे संवाद किया, केंद्रीय मंत्री मुंडा ने परिसंपत्तियों का किया वितरण**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** जनजातीय मामले सह कृषि विभाग के केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने पीएम जनमन संवाद कार्यक्रम के बाद लाभुकों के बीच परिसंपत्ति का वितरण किया। कार्यक्रम में 25 लाभुकों के बीच विभिन्न योजनाओं के तहत 164.73 लाख (एक करोड़ चौंसठ लाख तिहत्तर हजार रुपये) राशि की परिसंपत्ति का वितरण किया गया।

श्री मुंडा ने कहा कि 75 पीवीटीजी जाति की 39 लाख आबादी तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित है। दो माह पूर्व महाअभियान की शुरुआत हुई और 8000 से अधिक गांव में कैंप लगाये गये। इन्हें आजादी के 75 साल तक कोई लाभ नहीं मिला था, लेकिन प्रधानमंत्री के लक्ष्य निर्धारण का परिणाम है कि आज गांव-गांव तक योजनाओं का लाभ पहुंच रहा है।

**कार्यक्रम में ये रहे उपस्थित :** इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा उपस्थित थे। इसके अलावा राज्यसभा सांसद समीर उरांव, सांसद सुदर्शन भगत, पूर्व मेयर रांची आशा लकड़ा, उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी, पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह सहित जिला एवं प्रखंड स्तरीय वरीय अधिकारी एवं कर्मी कार्यक्रम में मौजूद थे।




## केंद्रीय मंत्री ने किया स्टॉल का निरीक्षण



केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, सांसद सुदर्शन भगत, राज्यसभा सांसद समीर उरांव सहित अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम स्थल में विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टॉल का निरीक्षण किया। इसके उपरांत मेडिकल यूनिट वैन को हरी झंडी दिखला कर रवाना किया। मेडिकल यूनिट वैन गांव-गांव पहुंच कर ग्रामीणों का नि:शुल्क उपचार करेगी। वहीं स्टॉल का निरीक्षण करने के उपरांत अर्जुन मुंडा मीडिया से मुखातिब हुए।

## 22 जनवरी तक सभी मंदिरों में सफाई अभियान चलाने की अपील

कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में राम लला अपने दिव्य मंदिर में दर्शन देंगे। उक्त अवसर पर प्राण प्रतिष्ठा हेतु मुझे भी आमंत्रण मिला है। मैं 11 दिन व्रत अनुष्ठान कर रहा हूं। मकर संक्रांति से लेकर 22 जनवरी तक सभी मंदिरों में विशेष सफाई अभियान चलायें।

## राशिफल
डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** — किसी प्रकार की कोई नवीन समस्या आ सकता है परंतु आप अपनी सूझ-बूझ से सुलझा लेंगे।
- **वृष** — बौद्धिक विकास होगा, रचनात्मक प्रयास सफल होंगे, व्यर्थ की चिन्ताओं में ध्यान बढेगा।
- **मिथुन** — परिश्रम-प्रयत्न से महत्वपूर्ण कार्य में सफलता मिलेगी, घरेलू आवश्यकताओं पर अधिक व्यय करना पड़ेगा।
- **कर्क** — कर्मक्षेत्र में परिश्रम-संघर्ष अधिक करना पड़ेगा, आर्थिक परेशानी दूर होगी,सेहत में सुधार होगा।
- **सिंह** — संकल्पित काम पूरे होंगे,भौतिक सुख-सुविधा बढ़ेगी, आर्थिक समस्याओं का सहजता से समाधान होगा।
- **कन्या** — यात्राएं सफल होंगी, अनावश्यक खर्चों में कमी आयेगी, क्रोध पर नियंत्रण रखना आवश्यक है।
- **तुला** — नवीन योजनायें सफल होंगी, आर्थिक लाभ के एकाधिक अवसर मिलेंगे।
- **वृश्चिक** — रोग-ऋण-शत्रुबाधा से छुटकारा मिलेगा, हर क्षेत्र में सफलता, नवीन व्यापारिक योजना सफल।
- **धनु** — विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा, रूके हुए काम पूरे होंगे, आर्थिक स्थिति सुदृढ़।
- **मकर** — थोड़े परिश्रम से ही अभीष्ट कार्य सिद्ध होंगे, वाहन सुख,यात्रा सुखद। धन लाभ के अवसर बनेंगे।
- **कुंभ** — कर्मक्षेत्र में अनुकूल वातावरण, यशस्वी कार्य करने का अवसर, नये लोगों से सम्पर्क।
- **मीन** — बुद्धि-चतुराई से महत्वपूर्ण काम पूरा होगा, आर्थिक समस्याओं का समाधान, व्यापार वृद्धि।

# कांग्रेस के दिग्गज नेता रहे जॉन हेंब्रम के पुत्र नीरज ने थामा भाजपा का दामन

## बाबूलाल मरांडी ने पार्टी में शामिल होने पर किया स्वागत

कार्तिक कुमार

**साहिबगंज (आजाद सिपाही)।** कभी कांग्रेस के दिग्गज आदिवासी चेहरे में एकीकृत झारखंड बिहार में संथाल परगना के इलाके से नेता हुए जॉन हेंब्रम के बेटे नीरज हेंब्रम ने सोमवार को साहिबगंज में बाबूलाल मरांडी की मौजूदगी में भाजपा का दामन थाम लिया। साहिबगंज जिला परिषद के मार्केट कांप्लेक्स में आयोजित मिलन समारोह में नीरज हेंब्रम अपने सैकड़ों आदिवासी समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हो गये। भाजपा में शामिल होने पर बाबूलाल मरांडी ने उन्हें माला पहना कर और अंग वस्त्र भेंट कर पार्टी में स्वागत किया। साथ ही राजमहल के विधायक अनंत ओझा, पाकुड़ के पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष बाबूधन मुर्मू, जिलाअध्यक्ष रामदरस यादव ने भी नीरज को पार्टी में शामिल होने पर स्वागत किया। भाजपा में शामिल हुए नीरज हेंब्रम ने बताया कि वे और उनका परिवार लंबे अर्से से कांग्रेस से जुड़ा रहा, लेकिन वर्तमान समय में कांग्रेस की कमान संभाल रहे नेतागण पार्टी में सेकंड लाइन तैयार हो, ऐसा वे नहीं चाहते हैं और परिणाम है कि अब तक कांग्रेस में सेकंड लाइन के नेता तैयार नहीं हो पाये। एजुकेटेड आदिवासी युवाओं को भी कांग्रेस में आगे बढ़ने का मौका नहीं दिया गया। भाजपा में आदिवासी समाज को सम्मान के साथ आगे बढ़ाने का अवसर दिया जा रहा है।

### नीरज की फैमिली का कांग्रेस से रहा है पुराना नाता



नीरज के पिता जॉन हेंब्रम एकीकृत बिहार के समय बोरियो विधान सभा से कांग्रेस के दो बार विधायक रहे। सगे बड़े पिता सेत हेंब्रम राजमहल लोकसभा से सांसद, बोरियो से विधायक और मंत्री भी रह चुके हैं। चचेरी बहन मंजू हेंब्रम राष्ट्रीय महिला आयोग की मेंबर रह चुकी हैं। खुद नीरज जिला परिषद सदस्य और तालझारी ब्लॉक के प्रमुख के पद पर रह चुके हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि भाजपा में शामिल हुए नीरज के पार्टी में आने से युवा होने के नाते निश्चित रूप में राजमहल लोकसभा में भाजपा संगठन को मजबूत करने में मजबूती मिलेगी।

## मकर संक्रांति पर बाबूलाल मरांडी ने साहिबगंज में किया गंगा स्नान, शिव मंदिर में की पूजा-अर्चना

**साहिबगंज (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मकर संक्रांति के दिन सोमवार (15 जनवरी) को गंगा में स्नान किया। उन्होंने मुक्तेश्वरधाम शिव मंदिर की सफाई करने के बाद पूजा-अर्चना भी की।

**मंदिर में बाबूलाल मरांडी ने मकर संक्रांति के दिन की सफाई :** सुबह करीब साढ़े नौ बजे साहिबगंज परिसदन से सड़क मार्ग से बाबूलाल मरांडी साहिबगंज नगर के मुक्तेश्वर धाम शिव मंदिर पहुंचे। मंदिर और मंदिर परिसर की अपने हाथों से सफाई की।

**साहिबगंज में मकर संक्रांति के दिन गंगा स्नान करते बाबूलाल मरांडी :** बाबूलाल मरांडी ने वहां मौजूद लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। इसके बाद वह ओझा टोली गंगा घाट पहुंचे और गंगा में डुबकी लगायी।



**मंदिर में पूजा करने के बाद बाहर निकलते बाबूलाल**

गंगा स्नान करने के बाद बाबूलाल मरांडी ने गंगा घाट पर स्थित बाबा गंगेश्वर नाथ धाम शिव मंदिर में भोलेनाथ की पूजा की। उन्होंने तिल, आटा, चीनी, चावल, दाल, आलू और पैसे पुरोहित को दान में दिये।

### साहिबगंज में बीजेपी ऑफिस में रजिस्टर पर किये हस्ताक्षर

इसके बाद भाजपा नेता ओल्ड साहिबगंज स्थित भाजपा जिला कार्यालय पहुंचे। उन्होंने कार्यालय का निरीक्षण किया और कार्यालय के रजिस्टर पर हस्ताक्षर किये। ज्ञात हो कि बाबूलाल मरांडी रविवार को दो दिवसीय दौरे पर साहिबगंज पहुंचे थे।

### सफाई के प्रति लोगों को बाबूलाल ने किया जागरूक

मौके पर राजमहल विधानसभा के विधायक अनंत ओझा, भाजपा जिलाध्यक्ष रामदरश यादव, भाजपा नेता रामानंद साह, चंद्रभान शर्मा, गणेश तिवारी, बाबूधन मुर्मू, धर्मेंद्र कुमार, रेणुका मुर्मू, कौशल किशोर ओझा, जयप्रकाश सिन्हा, गौतम यादव, विनोद चौधरी सहित दर्जनों भाजपा नेता मौजूद थे।

# दीपक प्रकाश के हाथों में सेपक टकरा एसोसिएशन ऑफ झारखंड की कमान

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सेपक टकरा एसोसिएशन ऑफ झारखंड की चुनावी वार्षिक आमसभा सोमवार को संपन्न हो गयी। रांची स्थित एक होटल में संपन्न बैठक में सत्र 2024-2028 के लिए नयी कमिटी का गठन किया गया। इस अवसर पर तपेश्वर नाथ मिश्रा (रिटर्निंग ऑफिसर) और झारखंड ओलंपिक एसोसिएशन के पर्यवेक्षक के रूप में रितेश रंजन झा मौजूद थे। नये सत्र के लिए भाजपा के राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश को अध्यक्ष बनाया गया।

सोमवार को हुई आमसभा में उपस्थित सेपक टकरा एसोसिएशन ऑफ झारखंड के सभी जिले से आये हुए सदस्यों का दीपक प्रकाश ने उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि उन्हें एक ऐसे खेल का विकास करने की जिम्मेदारी दी गयी है, जिससे आम लोग परिचित नहीं हैं। यह एक अत्यंत ही महत्वपूर्ण कार्य है, जिसे हम सभी को मिल-जुल कर संपन्न करना है। सभी का यह प्रयास होना चाहिए कि यह खेल जन जन तक पहुंचे। सभा के अंत में धन्यवाद ज्ञापन सेक्रेटरी उदय साहू ने किया, जबकि मंच संचालन ट्रेजरर शिवेंद्र दुबे ने किया।



**तपेश्वर मिश्र ने सत्र 2024-28 के लिए निम्नवत रूप से कमिटी की घोषणा की, जो इस प्रकार है-**

- प्रेसिडेंट-दीपक प्रकाश
- चेयरमैन-कुमुद प्रसाद साहू
- वाइस चेयरमैन-प्रियदर्श अमर
- वाइस प्रेसिडेंट- प्रदीप खन्ना, अजित कुमार, मनोज कुमार साहू, मनोज कुमार महतो।
- एसोसिएट वाइस प्रेसिडेंट- मिथलेश साहू, राजकुमार जैन, देव रत्न चौधरी
- सेक्रेटरी- उदय साहू
- जॉइंट सेक्रेटरी- प्रकाश गोप
- ट्रेजरर-शिवेंद्रनाथ दुबे
- एग्जीक्यूटिव मेंबर- उमा रानी पालित, मनोज कुमार गुप्ता, वाहिद अली।

## राहुल यादव को रिमांड अवधि समाप्त होने के बाद भेजा गया जेल

**रांची (आजाद सिपाही)।** 1250 करोड़ रुपये के अवैध खनन मामले में दाहू यादव के बेटे राहुल यादव को पांच दिनों की रिमांड अवधि पूरी होने के बाद सोमवार को इडी के विशेष न्यायाधीश के आवास में प्रस्तुत किया गया। यहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। बीते गुरुवार को इडी ने पांच दिनों की रिमांड पर उसे लिया था। दरअसल, हाइकोर्ट के आदेश के आलोक में राहुल ने 2 जनवरी को इडी कोर्ट में सरेंडर किया था, इसके बाद कोर्ट ने उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया था। दरअसल, प्रार्थी को अवैध खनन मामले में इडी ने समन जारी कर पूछताछ के लिए बुलाया था, लेकिन वे इडी के समक्ष उपस्थित नहीं हुए थे।

# इडी की कार्रवाई को लेकर आक्रोश : बंधु तिर्की

- कहा-इन्हें पता नहीं, बारह साल में आदिवासी लोग जनी शिकार भी करते हैं
- आदिवासी को जब गुस्सा आ जाता है, तो वह इडी, बीडी, सीडी क्या है नहीं जानता
- जिस दिन ढलमुगड़ा निकला न तो दिक्कत हो जायेगी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** मकर संक्रांति के दिन झारखंड कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की के बयान से राजनीति गरमा गयी है। उन्होंने कहा कि राज्य के आदिवासी समाज में इडी की कार्रवाई को लेकर आक्रोश है। एक चुनी हुई सरकार को चैलेंज और चुनौती दी जा रही है। इन लोगों को पता नहीं है कि 12 साल में आदिवासी लोग जनी शिकार भी करता है। आदिवासी लोगों को जब गुस्सा आ जाता है तो वह इडी, बीडी, सीडी क्या है, नहीं जानता। आगे कहा कि, आदिवासी के सेंटीमेंट और भावना को नहीं समझ रहे हैं ये लोग। जिस दिन ढलमुगड़ा (पत्थर तोड़ने वाला पारंपरिक औजार) निकला न तो दिक्कत हो जायेगी।

### यह बंधु तिर्की का निजी बयान : सुप्रियो भट्टाचार्य

इधर, बंधु तिर्की के बयान पर झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य का बयान भी सामने आया है। उन्होंने बंधु तिर्की के बयान को उनका निजी बयान बताया। हालांकि उन्होंने कहा कि यह सच है कि लोगों में इसको लेकर आक्रोश है।

## रामोत्सव में शामिल होने के लिए भव्य आमंत्रण यात्रा निकाली

# देश के साथ राममय हुई राजधानी रांची: रमेश सिंह

- चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति एवं श्री श्री शिव बारात आयोजन समिति के अध्यक्ष रमेश सिंह की ओर से आयोजित हो रहा रामोत्सव
- यात्रा रातू रोड के इंद्रपुरी स्थित शिव मंदिर से प्रारंभ होकर पहाड़ी मंदिर से राम मंदिर, मेन रोड होते हुए महावीर चौक से रातू रोड के दुर्गा मंदिर जाकर समाप्त हुई

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अयोध्या में भव्य राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर 21 और 22 जनवरी को रांची के अल्बर्ट एक्का चौक पर भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य और चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति एवं श्री श्री शिव बारात आयोजन समिति के अध्यक्ष रमेश सिंह के द्वारा आयोजित होने वाले रामोत्सव में शामिल होने और राम की भक्ति में लीन होने के लिए आमंत्रण यात्रा निकाली गयी। यात्रा रातू रोड के इंद्रपुरी स्थित शिव मंदिर से प्रारंभ होकर पहाड़ी मंदिर से राम मंदिर, मेन रोड होते हुए महावीर चौक से रातू रोड के दुर्गा मंदिर पर समाप्त हुई। इस दौरान आमंत्रण यात्रा का विभिन्न स्थानों पर सामाजिक संस्थाओं एवं राम भक्तों के द्वारा स्वागत किया गया।

**आमंत्रण यात्रा में रामरथ का भव्य प्रारूप :** इस भव्य आमंत्रण यात्रा में रामरथ का प्रारूप बनाया गया था, जिसमें कलाकारों को सीताजी, रामजी और हनुमान जी के रूप में विराजमान किया गया था। जिस प्रकार से 14 वर्ष के वनवास के बाद जब श्री राम अयोध्या वापस लौटे थे, तो उनके अयोध्या लौटने से पूर्व हनुमान जी, जामवंत जी ने अयोध्या जाकर लोगों को भगवान राम के लौटने की सूचना दी थी। इसी से प्रेरणा लेते हुए राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व इस आमंत्रण यात्रा का आयोजन हुआ। इसमें हजारों की संख्या में रांचीवासी शामिल होकर भगवान राम के भजनों पर नाचते झूमते नजर आये।



### रामोत्सव में शामिल होने के लिए निमंत्रण दे रहा हूं : रमेश सिंह



आयोजनकर्ता रमेश सिंह ने रांचीवासियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सैकड़ों वर्षों के संघर्ष के बाद हम वह पीढ़ी हैं, जिसे प्रभु श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का साक्षी बनने का अवसर प्राप्त हो रहा है और पूरे देश के साथ राजधानी रांची भी राममय हो चुकी है और रांची की जनता को रामोत्सव में शामिल होने के लिए पुन: निमंत्रण देना चाहता हूं। यहां लगातार दो दिनों तक विभिन्न प्रकार के भक्तिमय आयोजन होने वाले हैं जिसमें सुंदरकांड पाठ, कारसेवकों का सम्मान समारोह, प्रसिद्ध गयिका स्वाति मिश्रा के साथ कई कलाकारों के द्वारा दोनों दिन भक्ति संध्या, विभिन्न प्रकार से आरती, राम मंदिर प्रारूप के दर्शन सहित कई कार्यक्रम शामिल हैं।

## 22 को अवकाश के लिए संजय सेठ ने सीएम को लिखी चिट्ठी

# 22 जनवरी को मांस-मदिरा की बिक्री भी हो प्रतिबंधित : सांसद

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अयोध्या में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सांसद संजय सेठ ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखा है। इसमें सांसद ने कहा है कि 22 जनवरी को झारखंड सरकार को अवकाश घोषित करना चाहिए। इसके साथ ही उसे दिन मांस और मदिरा की बिक्री पर प्रतिबंध लगाना चाहिए।

अपने पत्र में श्री सेठ ने कहा है कि 22 जनवरी भारतीय इतिहास का वह दिन है, जिसकी प्रतीक्षा सदियों से भारत का जनमानस कर रहा था। यह दिन इतने लंबे समय के संघर्ष, त्याग और तपस्या के बाद सौभाग्य के रूप में हम सबको मिला है। हम अपने आराध्य रामलला की पुनःप्रतिष्ठा अयोध्याधाम में कर रहे हैं। इस दिन को लेकर हमारा गौरव इसलिए भी बढ़ जाता है क्योंकि झारखंड से भगवान श्रीराम का भी अनन्य प्रेम रहा है। भगवान राम के अनन्य भक्त श्री हनुमानजी की जन्मस्थली भी झारखंड ही है।



श्री सेठ ने कहा कि निश्चित रूप से यह दिन सिर्फ हिंदू समाज के लिए नहीं बल्कि पूरे भारतवर्ष के लिए अविस्मरणीय दिन है। संविधान और शासन व्यवस्था में हम जिस रामराज की संकल्पना की बातें करते हैं, उसी श्रीराम की पुनःप्रतिष्ठा सदियों के बाद हो रही है। यह हम जनप्रतिनिधियों और शासन के लिए भी गौरव की बात है।

उन्होंने अपने पत्र में कहा है कि इस तिथि को लेकर संपूर्ण समाज स्वतः स्फूर्त होकर दीपावली मनाने की तैयारी कर रहा है। कई सामाजिक व सांस्कृतिक उत्सव की तैयारी चल रही है। निश्चित रूप से राज्य के मुखिया होने के नाते आप भी इस उत्सव में शामिल होंगे, यह विश्वास मुझे है।

सांसद ने कहा कि इस महत्वपूर्ण और पवित्र दिन के लिए उनका सीएम से अनुरोध है कि 22 जनवरी को झारखंड में राजकीय अवकाश घोषित करें।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
No. 1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW



# एनएसयूआइ समन्वय समिति के संयोजक बने इंद्रजीत सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** कांग्रेस रांची लोकसभा समन्वय समिति के संयोजक अनादि ब्रह्म एवं केशव महतो कमलेश के निर्देशानुसार कांग्रेस के युवा नेता, एनएसयूआइ पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष एवं यूथ कांग्रेस आउटरीच सेल के प्रदेश चेयरमैन इंद्रजीत सिंह को लोकसभा संसदीय क्षेत्र (रांची जिला ग्रामीण, रांची महानगर, सरायकेला-खरसावां) एनएसयूआइ के लिए समन्वय समिति का संयोजक नियुक्त किया गया है। रांची लोकसभा के संयोजकों ने कहा कि छात्रों के बीच लोकसभा में पार्टी की जीत सुनिश्चित करने हेतु उपरोक्त संसदीय क्षेत्र में कांग्रेस की नीतियों एवं कार्यक्रमों के अनुसार तथा समन्वय समिति के कार्य सूची के अनुरूप कार्यों का प्रारंभ करने एवं कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एवं राहुल गांधी के संदेश का व्यापक प्रचार-प्रसार करें साथ ही साथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खड़गे के रांची में आगामी प्रस्तावित यात्रा को ध्यान में रखते हुए एवं प्रस्तावित भारत जोड़ो न्याय यात्रा की तैयारी हेतु पूर्ण रूप से कार्य शुरू करने का निर्देश दिया गया। इंद्रजीत सिंह ने धन्यवाद देते हुए कहा कि इस जिम्मेवारी को पूर्ण रूप से निभायेंगे एवं आगामी लोकसभा चुनाव एवं राजनीतिक चुनौतियों का डट कर सामना करने में छात्रों की अहम भूमिका होगी।

## संविदा पर नियुक्त और दैनिक कर्मियों के नियमितीकरण पर हाइकोर्ट ने सुनाया फैसला

# एक माह में प्रार्थी संबंधित विभाग को दें रिप्रेजेंटेशन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सरकार के विभिन्न विभागों सहित संस्थानों में संविदा, दैनिक या अस्थायी कर्मियों की ओर से अपनी सेवा को नियमित किये जाने का आग्रह करनेवाली 69 अलग-अलग याचिकाओं पर झारखंड हाइकोर्ट ने सोमवार को अपना फैसला सुनाया है। न्यायमूर्ति एसएन पाठक की कोर्ट ने मामले को निष्पादित करते हुए निर्देश दिया है कि प्रार्थी अपना रिप्रेजेंटेशन एक माह में संबंधित विभाग को देंगे। संबंधित विभाग के अध्यक्ष कमेटी बना कर सुप्रीम कोर्ट के स्टेट ऑफ कर्नाटक बनाम उमा देवी के अलावे अन्य जजमेंट एवं हाइकोर्ट के नरेंद्र कुमार तिवारी बनाम स्टेट आफ झारखंड के जजमेंट को देखते हुए तीन माह में निर्णय लेंगे।




विभाग स्तर पर अगर यह मामला निष्पादित नहीं होता है तो विभागीय सचिव कारण बताते हुए उनके मामले को मुख्य सचिव के पास भेजेंगे। मुख्य सचिव उस पर चार माह में निर्णय लेंगे। इसके लिए मुख्य सचिव विशेषज्ञों की एक कमेटी बनायेंगे। यह कमेटी सुप्रीम कोर्ट और हाइकोर्ट के जजमेंट को संज्ञान में रखते हुए फैसला लेगी। अगर प्रार्थी को लगता है कि उनके मामले में सही फैसला नहीं आया है तो वे फिर से कोर्ट आ सकते हैं। कोर्ट ने टिप्पणी की कि नियमितीकरण झारखंड का बहुत बड़ा मुद्दा बन चुका है। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता सौरभ अरुण, अमृतांश वत्स, सुमित गाड़ोदिया, मनोज टंडन, इंद्रजीत सिन्हा, राधाकृष्ण गुप्ता एवं एके साहनी ने पैरवी की।

बता दें कि पूर्व में सभी पक्षों की सुनवाई पूरी होने के बाद कोर्ट ने मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया था। मामले में याचिकाकर्ताओं की ओर से यह पक्ष रखा गया था कि वे स्वीकृत और रिक्त पद पर 10 वर्षों से अधिक समय से काम कर रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने भी अपने एक आदेश में कहा है कि अगर 10 साल से अधिक समय से कर्मी अस्थायी रूप से स्वीकृत और रिक्त पद पर काम कर रहे हैं तो सरकार स्कीम बना कर उन्हें नियमित करे। याचिकाकर्ताओं की ओर से यह भी कहा गया था कि अगर कोई लंबे समय से काम कर रहा हो भले ही वह जिस पद पर काम कर रहा हो, वह स्वीकृत या रिक्त पद पर हो, ऐसे में सरकार को स्वीकृत करा कर उन्हें नियमित करना चाहिए। याचिकाकर्ताओं में संविदाकर्मी, दैनिककर्मी और अस्थायी कर्मी भी शामिल हैं। उनकी ओर से सुप्रीम कोर्ट के कई जजमेंट सहित राज्य सरकार की नियमावली का जिक्र करते हुए कहा गया कि उनकी नियुक्ति नियमित की जानी चाहिए। वहीं राज्य सरकार की ओर से कहा गया कि जिस समय इन कर्मियों की नियुक्ति हुई थी, उस समय वह पद स्वीकृत और रिक्त पद में शामिल नहीं था। हालांकि बाद में यह पद स्वीकृत और रिक्त पदों में शामिल किया गया। इसलिए याचिकाकर्ताओं को नियमित नहीं किया जा सकता। याचिकाकर्ता कपिल देव सिंह, महेंद्र उरांव, अब्दुल कलाम, अशोक पंडित, धारो उरांव, नूतन कुमारी सहित 69 लोगों की ओर से अलग-अलग याचिकाएं दायर की गयी थीं।

# सांसद महुआ माजी ने कंबल बांटा



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रविवार को वीर बिरसा नगर, लोहार कोचा और श्री चैती दुर्गा पूजा मंदिर में झारखंड मुक्ति मोर्चा से राज्यसभा सांसद डॉक्टर महुआ माजी और वार्ड 18 के पार्षद प्रत्याशी सोमवित माजी ने तिल सकरात के शुभ अवसर पर जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरण और बच्चों के बीच पतंग और सभी के बीच दही चूड़ा का वितरण किया।

इस वितरण कार्यक्रम में सांसद महुआ माजी ने कहा कि आपकी जो भी समस्याएं हैं मुझे निःसंकोच कहिए मैं उसका निदान करने की कोशिश करूंगी। लोगों की समस्याओं का ऑन द स्पॉट निराकरण किया गया। इस मौके पर झामुमो नेता नंद किशोर सिंह चंदेल, संजय सिंह लल्लू, अमित माजी, मोनू, सीटू, एतवा, बिल्टू, अर्जुन लोहरा, नरेश तिर्की, फुल मनी मुंडा, सुकरा उरांव, बुधवा उरांव, अजय लोहरा, मंगू लोहरा, मंजू उरांव, कांति देवी, शकुंतला देवी आदि सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# सीसीएल में जस्ट ट्रांजिशन इन इंडिया कोल सेक्टर-वे फॉरवर्ड पर पैनल डिस्कशन हुआ

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची स्थित सीसीएल मुख्यालय में जस्ट ट्रांजिशन इन इंडिया कोल सेक्टर-वे फॉरवर्ड पर सोमवार को पैनल डिस्कशन का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य सस्टेनेबल खनन कर ग्लोबल टम्प्रेचर को 2 डिग्री से कम करने का लक्ष्य हासिल करने पर था।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीसीएल के सीएमडी डॉ. बी. वीरा रेड्डी ने बताया कि जस्ट ट्रांजिशन से संबंधित कार्य चल रहा है और एफएमसी प्रोजेक्ट, भूमिगत खदान आदि के माध्यम से सस्टेनेबल माइनिंग की जा रही है। खनन क्षेत्र में रहने वाले स्टेकहोल्डर्स को भी इसके संबंध में जागरूक किया जायेगा। इस अवसर पर जेटीटीएफ के चेयरमैन एके रस्तोगी, निदेशक तकनीकी (संचालन) आरबी प्रसाद, निदेशक तकनीकी (योजना-परियोजना), इसीएल एनके सिंह, निदेशक तकनीकी (योजना-परियोजना) बीसीसीएल, एसके सिंह, सीईओ सीड, रामापति कुमार, निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र, सीवीओ, सीसीएल, पंकज कुमार ने अपने-अपने संबोधन में जस्ट ट्रांजिशन के बारे में विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि एनर्जी ट्रांजिशन होना निश्चित है और हम सभी लोगों को अभी से इस क्षेत्र में कार्य करना है।



सोमवार को राम मंदिर अयोध्या के पूजित अक्षत को कश्यप मेमोरियल आइ हॉस्पिटल के डॉक्टर्स को वितरित करते हुए रांची के सांसद संजय सेठ, साथ में हैं डॉ भारती कश्यप, डॉ बीपी कश्यप, डॉ बिभूति कश्यप और डॉ निधि गड़कर कश्यप।

# तेज रफ्तार ने ली युवक की जान

आजाद सिपाही संवाददाता

**बुढ़मू।** थाना क्षेत्र के भुर नदी के पास तेज रफ्तार ने एक युवक की जान ले ली। मृतक की पहचान शिबासु खलखो के रूप में हुई है। वह मांडर थाना क्षेत्र के मलती गांव का रहने वाला है। जबकि इसी हादसे में घायल दो अन्य युवकों का बुढ़मू सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद रांची के रिम्स अस्पताल रेफर कर दिया गया है। वहीं मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स अस्पताल भेज दिया गया। जानकारी के मुताबिक इस दिन एक ही बाइक पर सवार होकर तीन युवक बुढ़मू प्रखंड के तिरु फॉल जा रहे थे। तभी तेज रफ्तार व टर्निंग होने के कारण बुढ़मू भुर नदी पुल के पास अनियंत्रित होकर बाइक डिवाइडर से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि शिबासु खलखो (28) युवक की मौके पर ही मौत हो गई। वह मांडर के मलती का रहने वाला था। जबकि इसी हादसे में सुनील कुमार व एक अन्य घायल हो गया। इसकू सूचना पाकर मौके पर पहुंची बुढ़मू पुलिस ने घायलों को बुढ़मू सीएचसी ले गए। जहां चिकित्सकों ने शिबासु को मृत घोषित कर दिया। जबकि दो अन्य की हालत गंभीर देख रिम्स अस्पताल रेफर कर दिया। बताते चलें कि तीनों व्यक्ति मांडर थाना क्षेत्र के मलती गांव के रहने वाले है। घटना की जानकारी परिजनों को दे दी गई है। उदर, मौत की सूचना पाकर शीबाशु खलखो के परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।



**एक ही बाइक पर सवार होकर जा रहे थे तीन युवक, दो की हालत गंभीर, रिम्स में भर्ती**

## आदिवासी एकता महारैली को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला

# राज्य स्तरीय विशेष आयोजन समिति घोषित

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मोरहाबादी मैदान रांची में 4 फरवरी को आहूत आदिवासी एकता महारैली के संबंध में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन सोमवार को रांची के मोरहाबादी स्थित संगम गार्डन में संपन्न हुआ। इसमें झारखंड राज्य के विभिन्न जिलों से आये आदिवासी मुद्दे के विशेषज्ञों, आंदोलनकारियों, विभिन्न आदिवासी संगठनों के प्रतिनिधियों ने भागीदारी निभायी। इस बैठक में मुख्य रूप से भाजपा आरएसएस की आदिवासी विरोधी नीतियां और आदिवासियों को आपस में लड़ाने के षडयंत्र पर गंभीरतापूर्वक चर्चा की गयी। इसमें यूनिफॉर्म सिविल कोड, वन संरक्षण अधिनियम 2023, प्रकृति पूजक आदिवासियों के लिए अलग सरना धर्म कोड, आदिवासी समुदाय की घटती जनसंख्या, आदिवासी जमीन की लूट-खसोट, आदिवासियों के प्रदत्त संवैधानिक हक-अधिकारों पर लगातार हमला जैसे गंभीर विषयों पर अपने-अपने महत्वपूर्ण विचारों/ सुझावों को रखा। इस कार्यशाला में आदिवासी सवालों को केंद्र और राज्य सरकारों और आम आदिवासियों जन समुदायों बीच गंभीरता से उठाने के लिए आदिवासी मुद्दे के लिए दस्तावेज बनाया गया। इस अवसर पर आगामी 4 फरवरी 2024 की आदिवासी एकता महारैली की तैयारी के लिए राज्य स्तरीय विशेष आयोजन समिति की घोषणा की गयी। इस राज्य स्तरीय विशेष आयोजन समिति में सदस्यों में लक्ष्मीनारायण मुंडा, अजय तिर्की, शिवा कच्छप, एलएम उरांव, रतन तिर्की, राधा उरांव, जगदीश लोहरा, अमर उरांव, शिव उरांव, भौआ उरांव, हरिनारायण महली, तुलेश्वर उरांव, सुशील ओड़ेया, गोविंदा टोप्पो, विल्सन टोपनो, महेश बेक, जानसन मिंज, हरिकुमार भगत को रखा गया है। इसके लिए केंद्रीय स्तर पर तीन प्रवक्ता प्रभाकर तिर्की, दयामनी बारला, लक्ष्मीनारायण मुंडा को बनाया गया है।

### आदिवासियों को खत्म करने के लिए बहुत सारी शक्तियां लगी हुई हैं : बंधु



कार्यशाला में बंधु तिर्की ने कहा कि आदिवासी समुदाय को तोड़कर आपस में लड़ाने और समूचे आदिवासियों को खत्म करने के लिए बहुत सारी शक्तियां लगी हुई हैं। आदिवासी समुदाय को इससे सावधान रहने की जरूरत है। विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि इस कार्यशाला में आदिवासी समुदाय के सभी बुनियादी सवालों को सामने लाना चाहिए और हमारे समाज के राजनीतिक हितों के विरोधियों को पहचानने की जरूरत है। दयामनी बारला ने कहा कि आदिवासी जल, जंगल जमीन और अपनी परंपरागत नैसर्गिक अधिकारों को हासिल करने के लिए कुबार्नी देता आया है। महारैली के संयोजक लक्ष्मीनारायण मुंडा, प्रभाकर तिर्की, वासवी किड़ो, प्रेम चंद मुर्मू, प्रो जगदीश लोहरा, शिवा कच्छप, वाल्टर कंडुलना, हरिनारायण महली, जयराम उरांव, भौआ उरांव, राधा उरांव, एलएम उरांव, सुशील ओड़ेया, सहित कई अन्य प्रतिनिधियों ने अपने अपने विचार रखे।

# स्टारडम बाइ अशप्रीत प्रीमियम सैलून का सांसद ने किया उद्घाटन



रांची (आजाद सिपाही)। स्टारडम बाइ अशप्रीत, रांची का पहला इंडो स्कैंडेवियन थीम वाला प्रीमियम सैलून, मेकअप स्टूडियो और अकादमी का उद्घाटन राज्य सभा सांसद महुआ माजी ने किया। इस अवसर पर महुआ माजी ने कहा इस तरह के प्रीमियम सैलून की रांची में बहुत जरूरत थी। अकादमी की अशप्रीत कौर ने कहा कि शादी के सीजन को ध्यान में रखते हुए दूल्हे और दुल्हन दोनों के लिए विशेष ब्राइडल पैकेज दिया जा रहा है। यहां हेयर स्टाइल, मेकअप, नेल एक्सटेंशन और अन्य सैलून सेवाएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध होंगी। त्वचा उपचार के लिए अल्ट्रा मॉर्डन कोरियाई मशीन का उपयोग होगा। उन्होंने बताया हमारे पास हेयर ड्रेसर, मेकअप आर्टिस्ट और स्किनकेयर विशेषज्ञों की एक अनुभवी टीम है जो अपना सर्वोत्तम देगी। दूल्हे को ध्यान में रखते हुए पहली बार रांची में ग्रूम रूम कॉन्सेप्ट लॉन्च किया गया है। अशप्रीत ने बताया कि उद्घाटन ऑफर के रूप में सभी सेवाओं पर 20 प्रतिशत की खास छूट होगी। इस अकादमी के माध्यम से युवा उद्यमियों को प्रशिक्षण और सैलून खोलने में 100 प्रतिशत सहायता की जायेगी।

## महत्वपूर्ण खबरें

### 91 जरूरतमंदों के बीच निःशुल्क कंबल वितरित




रांची (आजाद सिपाही)। श्री कृष्ण प्रणामी महिला समिति की सदस्यों ने सोमवार को शिवगंज हरमू रोड स्थित सत्संग के प्रांगण में 91 जरूरतमंद महिलाओं के बीच कंबल, टोपी, मोजा, मफलर एवं तिलकुट चूड़ा का निशुल्क वितरण किया। कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, सचिव मनोज कुमार चौधरी, महिला समिति की विधा देवी अग्रवाल, सुधा सुलतानिया, शकुंतला केजरीवाल, उर्मिला पाडिया, शारदा पोद्दार, सुनीता अग्रवाल, शकुंतला देवी, सीता देवी शर्मा, नंदकिशोर चौधरी उपस्थित थे। यह सभी जानकारी संस्था के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल (राजू अग्रवाल) ने दी।

### शारदा ग्लोबल स्कूल की माही शंकर को रजत पदक




रांची (आजाद सिपाही)। धनबाद जिला में आयोजित तृतीय झारखंड स्टेट वीमेंस प्रतियोगिता में शारदा ग्लोबल स्कूल की ग्यारहवीं की छात्रा माही शंकर ने रजत पदक प्राप्त कर विद्यालय की गरिमा बढ़ायी है। यह प्रतियोगिता झारखंड ताइक्वांडो संघ द्वारा धनबाद जिला के प्रीमियम ऋषिकेश मेमोरियल पब्लिक विद्यालय में आयोजित हुई थी। माही शंकर ने जूनियर आयु वर्ग के अंडर 68 किग्रा में रजत पदक प्राप्त किया। उनकी इस उपलब्धि पर समस्त शारदा ग्लोबल परिवार हर्षित है। विद्यालय की डायरेक्टर एकेडमिक्स डॉ रंजना स्वरूप तथा विद्यालय की प्राचार्या ने माही की इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### योग एवं ज्ञान गीता सत्संग ने खाना का पैकेट बांटा



रांची (आजाद सिपाही)। योग एवं ज्ञान गीता सत्संग ने मकर संक्रांति के पावन पर्व पर लगभग 2000 खाने के पैकेट गरीबों में बांटे। यहां प्रतिदिन लगभग 150 महिलाएं सुबह शाम सत्संग के लिए आती हैं। यहां पर उपचार एवं योग भी सिखाया जाता है। समय-समय पर जरूरतमंदों को निशुल्क सेवा भी दी जाती है और अगल बगल की सफाई का भी ध्यान रखा जाता है। ये संस्था ईस्ट बड़ा तालाब के पास है। यहां की संचालिका सुमन साबू ने इसकी जानकारी दी।

### जेसीआइ रांची यूथ ने बच्चों को खाना खिलाया



रांची (आजाद सिपाही)। जेसीआइ रांची यूथ ने लोहड़ी एवं मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर संत माइकल स्कूल में करीब 200 बच्चों को खाना खिलाया और साथ में बच्चों के लिए उपयोगी सामान का भी वितरण किया। इस पावन अवसर पर जेसीआई रांची यूथ की अध्यक्ष सोनल अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष कुशा जलान, संस्थापक अध्यक्ष अंकित अग्रवाल, अदिती सिंघानिया, मोनिका गोयंका, मनीषा सोंथालिया सहित अन्य सदस्य मौजूद थे।

### 16 और 17 जनवरी को नहीं चलेगी राजधानी एक्सप्रेस

रांची (आजाद सिपाही)। लिंक रैक के विलंब से चलने और रैक की अनुपलब्धता के कारण रांची रेल मंडल से होकर परिचालित होनेवाली राजधानी एक्सप्रेस 16 और 17 जनवरी को रद्द रहेगी। 16 जनवरी को भुवनेश्वर से चलनेवाली ट्रेन संख्या 22823 भुवनेश्वर-नयी दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन (वाया-मूरी) और 17 जनवरी को नयी दिल्ली से चलनेवाली ट्रेन संख्या 22824 नयी दिल्ली-भुवनेश्वर राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन (वाया- मूरी) नहीं चलेगी।

### अक्षत निमंत्रण का वितरण किया गया



रांची (आजाद सिपाही)। स्थानीय स्प्रिंग वैली फेज टू में श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के कार्यकर्ताओं द्वारा अक्षत निमंत्रण वितरण कार्य किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत शंखनाद के साथ हुई। इसमें स्प्रिंग वैली फेज टू, स्प्रिंग वैली फेज वन, गुरु कृपा अपार्टमेंट और आसपास के क्षेत्र में अक्षत निमंत्रण का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान तीनों अपार्टमेंट के सदस्यों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और तकरीबन 500 परिवारों को निमंत्रण दिया गया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं और बच्चों का सहयोग काफी सराहनीय रहा। कार्यक्रम में स्प्रिंग वैली फेज टू के दिलीप सिंह, मुकेश सिन्हा, कामेश सिन्हा और उदय साहू का सहयोग सराहनीय रहा।

### मारवाड़ी युवा मंच समर्पण शाखा ने उठाया मंदिरों की सफाई का बीड़ा

रांची (आजाद सिपाही)। 22 जनवरी को अयोध्या मंदिर में प्रभु रामलला के स्वागत के लिए देशभर में तैयारी चल रही है। इसी को देखते हुए मकर संक्रांति के पावन अवसर से 22 जनवरी तक स्वच्छ भारत अभियान के तहत मंदिरों में सफाई कार्य शुरू हो रही है। इसका शुभारंभ समर्पण शाखा ने हरमू रोड स्थित खाटू श्याम मंदिर की सफाई के साथ किया। रविवार की सुबह 7 बजे खाटू श्याम मंदिर और किशोरगंज के देवी मंडप की सफाई की गयी। शाखा के सदस्यों ने मिल कर पूरे मंदिर प्रांगण की सफाई की। इस सेवा कार्यक्रम में अध्यक्ष श्वेता भाला, सचिव सपना सिंघानिया, दीपिका मोतिका उपस्थित थीं।

### उर्दू भाषा के शिक्षकों का पद समाप्त किये जाने का फैसला लिया जाये वापस : माकपा

रांची (आजाद सिपाही)। माकपा ने कहा है कि प्राथमिक शिक्षा निदेशालय की ओर से जारी आदेश को तुरंत वापस लिया जाना चाहिए, जिसमें कहा गया है कि उर्दू प्रशिक्षित शिक्षक के शत-प्रतिशत पद एवं स्नातक प्रशिक्षित सहायक शिक्षक संवर्ग के 50 प्रतिशत सीधी नियुक्ति से भरे जाने वाले पद को 'मरणशील' संवर्ग घोषित कर उर्दू शिक्षकों की बहाली पर रोक लगा दी गयी है। इस संबंध में सीपीआइएम राज्य सचिव मंडल की ओर से बयान जारी किया गया है। बयान में पार्टी की ओर से विभाग के आदेश को वापस लेने की मांग की गयी है।







## केंद्रीय मंत्री खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री पशुपति कुमार पारस पहुंचे अड़की

# जनजातीय समुदाय पर मोदी का फोकस : केंद्रीय मंत्री

**पीएम जनमन कार्यक्रम में मोदी के संवाद को ग्रामीणों ने सुना**

स्वरूप भट्टाचार्य



**अड़की (आजाद सिपाही)।** अड़की प्रखंड परिसर में लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा देशभर में 100 जगहों पर आयोजित कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री जनजाति न्याय महाअभियान (पीएम जनमन) के लाभार्थियों से संवाद कार्यक्रम में ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री का संबोधन सोमवार को सुना। ज्ञात हो कि भगवान बिरसा मुंडा की धरती से उनके जन्मदिवस पर प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान योजना शुरुआत की थी। इस योजना में आदिम जनजाति समुदाय के विकास के लिए 24 हजार करोड़ से अधिक खर्च किये जाने हैं। देश के सुदूरवर्ती क्षेत्र में रहने वाले आदिम जनजाति समुदाय को न्याय मिले, इसी को लेकर यह अभियान की शुरुआत की गयी है। जिसके तहत लोगों को आवास, शुद्ध जल, बिजली, स्वास्थ्य सुविधाएं, शिक्षा, सड़क और कई तरह की सुविधाएं मिलेंगी। दो महीने पहले शुरू हुए इस अभियान में 8 हजार से अधिक कैंप लगातार 10 लाख से अधिक लाभार्थी को जोड़ने के प्रयास किया गया।

ज्ञात हो कि इस कार्यक्रम में अड़की पहुंचे केंद्रीय मंत्री खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री पशुपति कुमार पारस ने बताया कि इस अभियान में 8 हजार से अधिक कैंप लगातार 10 लाख से अधिक लाभार्थी को जोड़ने के प्रयास किया गया। एक मिशन के तहत चल रहे इस अभियान में आज 4700 करोड़ रुपये की योजना की स्वीकृति मिल चुकी है। यह अभियान एक प्रयास है जिसका उद्देश्य इन जनजातीय समुदायों को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करके पीवीटीजी परिवारों को व्यक्तिगत अधिकारों और बस्तियों को बुनियादी सुविधाओं से संतृप्त करना है। अभियान अवधि के दौरान, आधार कार्ड, सामुदायिक प्रमाणपत्र और जन धन खाते प्रदान किये जायेंगे क्योंकि ये अन्य योजनाओं जैसे आयुष्मान कार्ड, पीएम किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड आदि जारी करने के लिए बुनियादी आवश्यकताएं हैं। साथ ही उन्होंने खूंटी जिले के जनजातीय समूहों के लाभुकों को शुभकामनाएं दी एवं जागरूक होकर उज्ज्वल भविष्य की दिशा में अग्रसर होने की बात कही। ज्ञातव्य हो कि अड़की प्रखंड में तेलंगाडीह और सोसोकुटी गांव में बिरहोर जनजाती समुदाय के लोग निवास करते हैं। तेलंगाडीह में बिरहोर जनजाती समुदाय के कुल 14 परिवार के 53 लोग और सोसोकुटी में 4 परिवार के 12 लोग रहते है। दोनों गांव में स्वच्छ पेयजल और बिजली की उचित व्यवस्था उपलब्ध है। उक्त दोनों ग्राम में प्राथमिक/उच्च प्राथमिक विद्यालय भी है। साथ ही उक्त दोनों ग्राम में स्वास्थ्य केंद्र और आंगनबाड़ी क्रियाशील अवस्था में है। उक्त दोनों ग्राम में निवासित बिरहोर जनजाती समुदाय के लोगों को बिरसा आवास एवं प्रधानमंत्री आवास योजना से पूर्ण रूप से आच्छादित किया जा चुका है।

जिला प्रशासन द्वारा सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ तेलंगाडीह के लाभुकों तक तत्काल पहुंचाने के उद्देश्य से ग्राम तेलंगाडीह में विशेष कैंप का आयोजन कराया गया। जिसमें स्वास्थ्य विभाग द्वारा लाभुकों का स्वास्थ्य जांच करायी गयी। जिसमें सिकल सेल जांच, हिमोग्लोबिन जांच, सुगर जांच और अन्य आवश्यक जाच भी शामिल है। कैंप में प्रधानमत्री सम्मान निधि योजना अंतर्गत 6 लोगों को लाभान्वित किया गया तथा उक्त समुदाय के छुटे हुए लोगों को राशन कार्ड में नाम जुडवाने का कार्य भी किया गया। कैंप में ग्राम तेलंगाडीह के 46 लोगों का जाति प्रमाण पत्र और 12 लोगों का आधार कार्ड भी बनाया गया। कैंप में सेंट्रल बैंक और यूनियन बैंक की अड़की शाखा द्वारा योग्य लाभुकों का प्रधानमंत्री जनधन योजना अंतर्गत खाता भी खोला गया। तेलंगाडीह ग्राम के पीवीटीजी के कुल 38 और नन पीवीटीजी के कुल 12 परिवारों को मिलाकर वन धन विकास केंद्र भी स्थापित किया गया है, साथ ही तेलंगाडीह ग्राम में बहुउद्देशिय भवन के निर्माण हेतु 50 डिसमिल भूमि चिन्हित की गयी है। जल्द ही बहुउद्देशिय भवन के निर्माण का कार्य प्रारंभ किया जायेगा तथा तेलगाडीह गांव जाने वाले रास्ते में एक पुल का निर्माण भी बहुत जल्द प्रारंभ कराया जायेगा। इस दौरान किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री जीवन ज्योती बीमा योजना और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत जिला अग्रणी प्रबंधक, खूंटी द्वारा लगभग 92 लाख रुपये से अधिक की परिसंपत्तियों का वितरण कराया जा रहा है। साथ ही उज्जवला योजना अंतर्गत 8 लाभुकों को गैस का कनेक्शन दिया गया तथा 15 योग्य लाभुकों के बीच आयुष्मान कार्ड का वितरण किया गया।

# अब दीपोत्सव की तैयारी: डॉ वीरेंद्र साहू

**पूजित अक्षत और निमंत्रण अभियान संपन्न**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भगवान पुरुषोत्तम श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा के निमित्त अयोध्या से आया पूजित अक्षत का 15 दिवसीय निमंत्रण अभियान का सोमवार को अंतिम दिन कार्यकर्ताओं ने घर-घर, गली-गली जाकर लोगों को आमंत्रित किया। विश्व हिंदू परिषद के प्रांत मंत्री डॉ बीरेंद्र साहू ने कहा कि अयोध्या से आया पूजित अक्षत एवं नूतन मंदिर के चित्र के माध्यम से 15 दिवसीय निमंत्रण कार्यक्रम का सोमवार को संपन्न हो गया। आज दिन भर कार्यकर्ताओं ने पूरे जोश और हर्षोल्लास के साथ झारखंड प्रांत के सभी नगरों और गांवों के घर-घर जाकर निमंत्रण देकर आगामी 22 जनवरी को मंदिरों में पूजा अर्चना के बाद संध्या बेला में दीपोत्सव करने का अनुरोध किया गया। डॉ साहू ने कहा कि निमंत्रण अभियान पूर्ण हुआ, अब पूजन-अनुष्ठान और दीपोत्सव की तैयारी की जायेगी। अभियान के तहत रांची के प्रथम महापौर उदय प्रताप सिंह, बाल्मीकि नगर संघचालक रमेश सिंह सहित दर्जनों परिवारों के बीच पूजीत अक्षत के द्वारा निमंत्रण दिया गया। इसकी जानकारी विहिप झारखंड के प्रचार प्रसार प्रांत सह प्रमुख प्रकाश रंजन ने दी।

# एनसीसी युवाओं के लिए अभूतपूर्व अवसर

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** हर युवा सेना की वर्दी से प्रभावित होता है। राष्ट्रीय कैडेट कोर वर्दी पहनने के साथ-साथ युवाओं को भारतीय सेना में अफसर, जेसीओ और सैनिक बनने के लिए विशेष प्रावधान और अवसर प्रदान करता है। अपनी प्रारंभिक भूमिका के साथ राष्ट्रीय कैडेट कोर युवाओं में सैनिक जीवन से संबंधित आधारभूत गुणों जैसे अनुशासन, चरित्र निर्माण, सदाचार्य, धर्मनिरपेक्ष दृष्टिकोण, साहस की भावना और निःस्वार्थ सेवा भाव की संरचना करता है। राष्ट्रीय कैडेट कोर द्वारा प्रशिक्षित उपर्युक्त कैडेट (पहली पंक्ति) 1/3 कंपनी, सेंट जेवियर्स कॉलेज, रांची से हैं, जिन्हें एक अधिकारी के रूप में भारतीय सेना में नियुक्त किया गया है। जबकि, अंतरराष्ट्रीय शिविरों में भागीदारी एनसीसी कार्यक्रम का एक विशिष्ट पहलू है, जो कैडेटों को वैश्विक प्रदर्शन और सांस्कृतिक आदान-प्रदान के अद्वितीय अवसर प्रदान करता है। ये अंतरराष्ट्रीय शिविर विभिन्न उद्देश्यों की पूर्ति करते हैं, जिनमें विभिन्न देशें के कैडेटों के बीच सौहार्द्र को बढ़ावा देना, विविध संस्कृतियों की समझ और अंतरराष्ट्रीय मंच पर नेतृत्व और टीमवर्क कौशल को बढ़ाना शामिल है। 1/3 कंपनी, सेंट जेवियर्स कॉलेज, रांची के उपर्युक्त कैडेटों (दूसरी पंक्ति) ने भारत के राजदूत के रूप में वाइइपी (यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम) में भाग लिया है।

# उत्थान विकास ट्रस्ट ने कंबल का वितरण किया

**22 जनवरी को भव्य रामलला के उत्सव को लेकर जुलूस निकाला जायेगा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** ठंड को देखते हुए मकर संक्रांति के अवसर पर उत्थान विकास ट्रस्ट की अध्यक्ष श्रीमती रीता देवी के नेतृत्व में 100 बुजुर्ग, वृद्ध और जरूरतमंद लोगों को कंबल दिया गया। विशिष्ट अतिथि युवा कांग्रेस महासचिव सह रांची विधानसभा प्रभारी रोहित सिन्हा द्वारा महिलाओं को अगरबत्ती बनाने की ट्रेनिंग सर्टिफिकेट, सिलाई कोर्स पूरी होने पर सर्टिफिकेट का वितरण किया गया। उत्थान विकास ट्रस्ट की अध्यक्ष रीता देवी ने बताया कि हमारी संस्था गरीब लड़कियों की शादी भी करवा रही है। संस्था में 300 महिलाओं का योगदान है जो लोहरदगा, नगड़ी, रातू रोड, झिरी, पिस्का मोड़, बिजूपाड़ा, लालगुटवा, कटहल मोर, किशोरगंज, अरगोड़ा आदि स्थानों पर बच्चों को निःशुल्क पढ़ा रही है। संस्था से जुड़े लोग हमेशा जरूरतमंद व असहाय लोगों की सेवा में तत्पर रहते हैं। ठंड के बढ़ते मौसम में गरीब व असहाय की परेशानी को देखते हुए समय पर संस्था द्वारा लगातार मदद पहुंचायी जा रही है, जो काफी सराहनीय कार्य है। कड़ाके की ठंड में असहायों की सेवा ही मानवता की सेवा है। अध्यक्ष श्रीमती रीता देवी ने कहा कि सोसायटी हमेशा लोगों की समस्याओं को दूर करने का हर संभव प्रयास करता है। मानव सेवा करना परमधर्म है। ट्रस्ट हमेशा हर गरीब जरूरतमंद महिलाओं के लिए हमेशा सहयोग और साथ देने के लिए तैयार है और लगातार मदद करते आ रही है। रीता देवी ने कहा कि 22 जनवरी को भव्य रामलला के उत्सव को लेकर जुलूस निकाला जायेगा। जिसको राम मंदिर से पहाड़ी मंदिर तक ले जाया जायेगा। इस जुलूस में लगभग 2000 महिलाएं शामिल होंगी। महाभंडारा का आयोजन किया जा रहा है। मौके पर अध्यक्ष रीता देवी, युवा कांग्रेस महासचिव रोहित सिन्हा, चंदन, अफरोज आलम, ललिता मिश्रा, राजा मिश्रा, शारदा देवी, सुनीता सिंह, ममता मिश्रा आदि महिलाएं मौजूद रहीं।

# कैमयेन एसइ ने लिथियम के खनन और अन्वेषण के लिए समझौते पर हस्ताक्षर किये

आजाद सिपाही संवाददाता



**कैटामार्का (अर्जेंटिना)/ भुवनेश्वर।** खान मंत्रालय, भारत सरकार भारत सरकार को यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि आज कैटामार्का, अर्जेंटीना में खनिज बिदेश इंडिया लिमिटेड ने अर्जेंटीना के कैटामार्का प्रांत के राज्य स्वामित्व वाले कैटामार्का मिनेरा वाई एनर्जेटिका सोसिएडैड डेल एस्टाडो (कैमयेन एसई) के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर करके एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। कैटामार्का के माननीय गवर्नर एलआईसी राउल जलील, कैटामार्का के उप-गवर्नर, इंजी. रूबेन डूसो और खान मंत्री कैटामार्का, मार्सेली मुरुआ और अर्जेंटीना में भारत के राजदूत, महामहिम दिनेश भाटिया की उपस्थिति में समझौते पर हस्ताक्षर किया गया। हस्ताक्षर समारोह में केंद्रीय संसदीय कार्य, कोयला और खान मंत्री, भारत सरकार, प्रल्हाद जोशी और सचिव, खान मंत्रालय, भारत सरकार, वीएल कांथा राव ने वर्चुअल रूप से भाग लिया। काबिल के अध्यक्ष और अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, नालको श्रीधर पात्र और काबिल के मुख्य कार्यकारी आधिकारी तथा नालको के निदेशक (वाणिज्यिक) सदाशिव सामंतराय हस्ताक्षर समारोह में उपस्थित रहे। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी ने कहा कि यह भारत और अर्जेंटीना दोनों देशों के लिए एक ऐतिहासिक दिन है, क्योंकि हम काबिल और कैमयेन के बीच समझौते पर हस्ताक्षर के साथ द्विपक्षीय संबंधों में एक नया अध्याय लिख रहे हैं - एक ऐसा कदम जो न केवल संधारणीय भविष्य के लिए ऊर्जा परिवर्तन को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायें, बल्कि भारत में विभिन्न उद्योगों के लिए आवश्यक महत्वपूर्ण और रणनीतिक खनिजों के लिए एक सुगम और विविध आपूर्ति श्रृंखला भी सुनिश्चित करेगा। इस समझौते के साथ, काबिल ने मूल्यांकन, संभावना और अन्वेषण हेतु 5 ब्लॉकों के लिए अन्वेषण और विशिष्टता अधिकार प्राप्त किया है और लिथियम खनिज के अस्तित्व/खोज के बाद, वाणिज्यिक उत्पादन का अधिकार प्राप्त किया है।

# दुश्मन की भी निंदा ना करें : डॉ उमाकांतानंद सरस्वती

**हनुमत वैदिक पूजन के प्रतिदिन के यजमान राकेश भास्कर ने सपत्नी पूजन किया**

**यजमान सुरेश सिंह व सपत्नी रीना सिंह ने ब्यास पूजन, माल्यार्पण, चंदन वंदन किया**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** हरिद्वार धाम से पधारे श्री श्री 1008 जूना अखाड़ा के महामंडलेश्वर स्वामी डॉक्टर उमाकांतनंद सरस्वती महाराज के पावन सानिध्य में अयोध्या में श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर झारखंड की राजधानी रांची के हरमू मैदान में श्री राम कथा का यह आयोजन किया जा रहा है। श्री मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के पावन कथा के श्रवण की अमृत वर्षा का लाभ परम पूज्य स्वामी डॉ उमाकांतनंद सरस्वती महाराज के मुखारविंद से प्राप्त हो रहा है। व्यास पीठ पर पवित्र ग्रंथ श्री रामायण का पूजन, वंदन, माल्यार्पण मुख्य यजमान सुरेश सिंह व सपत्नी रीना सिंह ने किया। ब्यास पीठ पर विराजमान स्वामीजी को चंदन, वंदन, माल्यार्पण और आरती के बाद महाराज जी कथा अमृत वर्षा का लाभ देते हुए महाराज श्री ने कथा प्रारंभ की।

उन्होंने कहा सनातन का मूलमंत्र है हम सब मिल जुल कर रहें। उन्होंने कहा कि कलयुग में में भगवान कब अवतार आयेंगे, इतना अत्यचार हो रहा भगवान क्यो नहीं आ रहे। दैत्य दानव के अत्याचार की चर्चा की। उन्होंने कहा सभी जातियों की जनगणना होनी चाहिए साथ ही राष्ट्र का भला सोचने वाले को ही देश चलाने की सेवा मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा अहंकार, जय, विजय, हमारी कीर्ति हमे हमारे भगवान से मिलने नही देती। हमारे देश मे समय बदलने का, युग परिवर्तन का संकेत है अब यह जय जयकार भारत माता की, भगवान श्री राम की हो रही है। नारद प्रसंग पर चर्चा कर कहा भक्तो के सबसे बड़े भक्त नारद मुनि है। निंदा किसी की भी ना करे निंदा करने वाले कि भी जब आप प्रशंसा करेंगे तो वो आपकी निंदा नही करेंगे।

भगवान के भक्ति पर चर्चा करते हुए बताया भगवान जिसकी रक्षा करते है, उसका कोई भी कुछ नही बिगाड़ सकता। भक्ति वो ताकत होती है, जो सारी गति बदल देती है। भक्त को अहंकार आ जाये तो कितना भी सिद्ध पुरुष हो उसे गिरने में देर नही लगेगा। इस अवसर पर राज्य सभा सांसद दीपक प्रकाश, अध्यक्ष राकेश भास्कर, राज किशोर सिंह, वीरेंद्र सिंह, अजय सिंह, सुरेश सिंह, प्रमोद सारस्वत, धर्मेंद्र तिवारी, (केंद्रीय अध्यक्ष भारतीय जनतंत्र मोर्चा) राजीव रंजन (पूर्व डीआइजी), रितेश झा, श्याम झा, अरुण सिंह ने गुरु को माल्यार्पण कर स्वागत, अभिनंदन किया। कथा श्रवन सांसद दीपक प्रकाश, संघ से अनिल ठाकुर, (पूर्व अध्यक्ष मैनुरिटी कमीशन) रिजवान खान ने किया। कथा स्थल पर लोगों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। मुख्य रूप से प्रमोद सारस्वत, इंद्रजीत यादव, गोपाल सोनी, नवीन झा, रामचंद्र जायसवाल, राजीव चौधरी, पुनीत, नीरज शुक्ला, बिपिन सिंह,मुन्ना सिंह, रितेश झा सहित कई लोग निरंतर अपनी सेवा दे रहे हैं।

## महत्वपूर्ण खबरें

### श्री महावीर मंडल ने राम भक्तों के बीच पूजित अक्षत और निमंत्रण पत्र बांटा



**रांची (आजाद सिपाही)।** श्री महावीर मंडल रांची ने रांची के विभिन्न क्षेत्रों में राम भक्तों के बीच श्री अयोध्या धाम से आये हुए पूजित अक्षत को देकर अपने-अपने घरों और नजदीकी मंदिरों में दीप जलाकर दीपोत्सव मनाने का निमंत्रण दिया। सोमवार को इस अभियान में मुख्य रूप से श्री महावीर मंडल रांची के पूर्व अध्यक्ष राजीव रंजन मिश्रा, अध्यक्ष अशोक पुरोहित, वरिष्ठ समाजसेवी शंकर दुबे, श्री राम बानर सेना के अध्यक्ष लंकेश सिंह, हिंदू जागरण मंच के महानगर अध्यक्ष सुजीत सिंह, श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति के महामंत्री सह विश्व हिंदू परिषद के महानगर उपाध्यक्ष गोपाल पारीक उपस्थित थे। श्री मिश्रा ने बताया कि अयोध्या से आये पूजित अक्षत को घर-घर तक श्री महावीर मंडल रांची के द्वारा पहुंचाने का कार्य दिनांक 03 जनवरी से 15 जनवरी तक किया गया। अभियान के दौरान श्री महावीर मंडल रांची ने सभी सनातनी भाइयों एवं बहनों से 22 जनवरी 2024 को श्री रामनवमी जन्मभूमि में मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम जी के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर दीप जलाकर दीपोत्सव मनाने का आग्रह किया। कार्यक्रम में पीयूष आनंद, साहिल कुमार, सुमित साहू, जेमिश तिग्गा, दुर्गा साहू, संजीव सोनी, अमित सिंह, इंदर सिंह, रमेश केडिया, टिंकू सहित कई अन्य मौजूद थे।

### स्व. पौलुस मुंडा फुटबॉल प्रतियोगिता में सनराइज फुटबॉल क्लब बने विजेता



**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड में खेल प्रतिभा की कमी नहीं है। इसको लेकर राज्य सरकार लगातार प्रयासरत है। यही वजह है कि आज झारखंड के खिलाड़ियों की पहचान विश्व स्तर पर देखने को मिल रही है। वहीं दूसरी तरफ झारखंड के लोग भी खेल प्रतिभा को सम्मान देने के उद्देश्य से लगातार कुछ न कुछ टूर्नामेंट कराते आ रहे हैं। राजधानी रांची के अहीर टोली धर्मवीर क्लब की तरफ से भी स्व. पौलुस मुंडा फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें 16 टीमों ने भाग लिया। फाइनल मुकाबला सोमवार को सनराइज फुटबॉल क्लब दलदली और एसएस कुजूर फुटबॉल क्लब के बीच खेला गया। इसमें सनराइज फुटबॉल क्लब ने तीन गोल से एसएस कुजूर क्लब को पराजित कर प्रतियोगिता को अपने नाम किया। विजेता टीम को पचीस हजार एक खस्सी ट्रॉफी और रनरअप को ग्यारह हजार एक खस्सी और ट्रॉफी दिया गया। इस टूर्नामेंट के समापन समारोह में कांग्रेस के खिजरी विधायक राजेश कच्छप और झारखंड के जाने-माने सर्जन डॉ. एसएन यादव वार्ड 19 की निवर्तमान पार्षद रोशनी खलखो शामिल हये। उन्होंने खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया और कहा कि आज के समय में पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद भी बहुत जरूरी है। क्योंकि शरीर जब तक स्वस्थ नहीं रहेगा। आप किसी भी दिशा में आगे नही बढ़ सकते है। आज यहां आने के बाद अपना बचपन याद आ गया।

### विनय सिन्हा ने दही चूड़ा भोज का किया आयोजन



**रांची (आजाद सिपाही)।** आज दिनांक 15 जनवरी 2024 दिन सोमवार को हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मकरसंक्रांति के शुभ अवसर पर विनय सिन्हा 'दीपू' के डोरंडा निवास स्थान पर दही चूड़ा तिलकुट भोज का आयोजन हुआ। भोज में खिचड़ी सब्जी पापड़ चटनी की भी प्रयाप्त व्यवस्था थी। भोज में रांची के हर क्षेत्र के गणमान्य लोग शामिल हुए। कार्यक्रम में 400 से 500 लोगों ने नव वर्ष और मकरसंक्रांति की शुभकामनाएं आपस में साझा की। आयोजन में मुख्य रूप से सर्व श्री सुबोध कांत सहाय जी, झारखंड गो रक्षा समिति के अध्यक्ष राजीव रंजन, शहजादा अनवर, केशव महतो, रिजवान अंसारी, आजम अहमद, मुहम्मद, मुजीब कुरैशी, दीपक ओझा, अभिलाध साहू, शशि भूषण, अमरेंद्र सिंह, संतोष शर्मा, बेलाल खान, अनिल श्रीवास्तव, प्रकाश करमाली, कुमार राजा, कमल ठाकुर, सुरेश बैठा, राजेश सिंह 'सनी', मनिंदर सिंह, वारिस कुरेशी और पंकज प्रियदर्शी, रंजन प्रसाद, उमेश लाल दास, विनय सिन्हा, सुरेश मल्लिक, नसीरूल हक सरफराज शामिल हो कर इस कार्यक्रम को सफल बनाया।

### भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर कांग्रेस ने की बैठक

**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो की अध्यक्षता में भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर सोमवार को कांग्रेस भवन रांची में बैठक हुई। डॉ राकेश किरण ने कहा कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा झारखंड में अगले माह प्रवेश होने जा रही है। इसके लिए हर प्रखंड से न्याय योद्धाओं को चिन्हत कर और समन्वय स्थापित कर भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल करवाने का आह्वान कार्यकर्ताओं से किया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की यह यात्रा उन समाज के दबे कुचले लोगों के लिए जिन्हें न्याय नहीं मिला। शोषित महिलाओं और बेरोजगारी के शिकार युवको के लिए यह यात्रा लाभकारी होगा। इस यात्रा से आर्थिक न्याय, सामाजिक न्याय, राजनीतिक न्याय मिलेगी। एससी, एसटी, अल्पसंख्यक, ओबीसी समाज को भी इस यात्रा से लाभ मिलेगा। इस बैठक में मेरी तिर्की, चंद्र रश्मि पिंगुवा, अजय साहू, साबीर लोहरा, रीता चौधरी, संजय कुमार, बरतु मुंडा, राजकिशोर सिंह मुंडा, रामदेव सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

### मशहूर शायर मुन्नवर राणा के निधन से शोक

**रांची (आजाद सिपाही)।** उर्दू जुबान के मशहूर शायर मुन्नवर राणा का 14 जनवरी को रात करीब 11 बजे इंतकाल हो गया। वह पिछले काफी दिनों से बीमार भी चल रहे थे। राणा के निधन से रांची में भी शोक की लहर है। लोक सेवा समिति के अध्यक्ष, मोहम्मद नौशाद, सीमा प्रसाद, डॉक्टर सीमा प्रसाद , प्रोफेसर खलीक अहमद, प्रोफेसर हरि उरांव, मुसर्रत नौशाद, हाफिज अनस, डॉक्टर हरमिंदर वीर सिंह और लोक सेवा समिति के सभी सदस्य आहत है और दुख का इजहार किया। कहा कि राणा जैसे शख्सियत आज हमारे बीच नहीं रहे जो एकता भाईचारा सद्भावना के एक पिलर माने जाते थे उनके मगफरात माफी की दुआ करते हैं मकसद की दुआ करते हैं और घर वाले दोस्त को सब्र जमील अतः करें अल्लाह/ ईश्वर इसकी दुआ करते हैं।

# चुनावी यात्रा

दिलचस्प है कि इस साल होने वाले लोकसभा चुनावों के मद्देनजर दो सबसे बड़े अभियानों की शुरुआत गैर-पार्टी पहल के रूप में हुई है। सत्ता पक्ष ने अयोध्या के राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह को जितना भव्य और व्यापक रूप दे दिया है, उससे इसे राष्ट्रीय स्तर पर सबसे बड़ा चुनावी मुद्दा बनाने का मकसद साफ झलक रहा है। हालांकि भाजपा की ओर से लगातार कहा जा रहा है कि उसके लिए मंदिर कोई चुनावी मुद्दा नहीं। कुछ इसी तर्ज पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी की अगुआई में मणिपुर से भारत जोड़ो न्याय यात्रा भी शुरू कर दी गयी। निश्चित रूप से इसके पीछे चुनावी माहौल बदलने और अपने अनुकूल नैरेटिव सेट करने की मंशा काम कर रही है। लेकिन कांग्रेस के नेता बार-बार दोहरा रहे हैं कि इस यात्रा का चुनाव से कोई लेना देना नहीं है। चुनावी हितों के साथ तालमेल बनाने की ही कोशिशों के तहत आइएनडीआइए गठबंधन की शनिवार को हुई बैठक के दौरान कांग्रेस ने सभी सहयोगी दलों को यात्रा में शामिल होने का आमंत्रण दिया। इससे पहले जब इस न्याय यात्रा की तारीखें घोषित की गयी थीं, तब समाजवादी पार्टी के अखिलेश यादव ने सार्वजनिक तौर पर कहा था कि यात्रा से पहले सीटों का बंटवारा हो जाना चाहिए। जाहिर है, सहयोगी दलों के मन में कही न कहीं यह भाव भी है कि यात्रा के जरिए अगर देश का माहौल कांग्रेस या राहुल गांधी के पक्ष में बना, तो उसका असर सीटों के लिए होने वाली सौदेबाजी पर पड़ सकता है। आइएनडीआइए गठबंधन में सीटों के बंटवारे का काम अभी तक पूरी तरह नहीं निपटा है। हालांकि बातचीत की प्रक्रिया सहज ढंग से आगे बढ़ने का पूरा संकेत दिया जा रहा है। विवादित बयानों से बचने की कोशिश भी हो रही है। फिर भी पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में बने मतभेद छुप नहीं पा रहे। गठबंधन की अगुआई का सवाल हालांकि मल्लिकार्जुन खड़गे को आइएनडीआइए का अध्यक्ष बनाकर निपटाने की कोशिश की गई, लेकिन इस पर विभिन्न दलों की असहजता दूर नहीं हुई है। इसका पता इस बात से चलता है कि संयोजक पद की पेशकश नीतीश कुमार ने ठुकरा दी, जबकि जदयू नेता काफी समय से अलग-अलग तरीकों से इस मांग पर जोर दे रहे थे। कांग्रेस नेता मानें या न मानें भारत जोड़ो न्याय यात्रा की सफलता की सबसे बड़ी कसौटी विपक्ष के चुनावी प्रदर्शन को ही माना जायेगा। इस लिहाज से न्याय यात्रा के साथ ही कांग्रेस को आइएनडीआइए गठबंधन के मोर्चे पर भी तेजी से आगे बढ़ना होगा। सीटों के बंटवारे के साथ न्यूनतम साझा कार्यक्रम को अंतिम रूप देने का काम भी जितनी जल्दी निपटाया जायेगा, मतदाताओं को अपनी एकजुटता का यकीन दिलाने में उतनी आसानी होगी।

**सीटों के बंटवारे के साथ न्यूनतम साझा कार्यक्रम को अंतिम रूप देने का काम भी जितनी जल्दी निपटाया जायेगा, मतदाताओं को अपनी एकजुटता का यकीन दिलाने में उतनी आसानी होगी।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**श्री राम भारतीय संस्कृति के प्रेरणा पुरुष हैं। एक आदर्श राजा, आदर्श पुत्र, आदर्श भाई, आदर्श पति, आदर्श मित्र हैं। हम भारतीय जिन सात्विक मानवीय गुणों को सदियों से पूजते आये हैं, वे सभी राम के व्यक्तित्व में निहित हैं। इसीलिए श्री राम मर्यादा पुरुषोत्तम हैं और हमारी आस्था के केंद्र में हैं, हमारे चेतन-अवचेतन मन में हैं और चिर काल से इस देश के मानस में बसे हुए हैं। यहां राम सब के हैं और सब राम के हैं।**

# श्रीराम मंदिर : भारत के खोये गौरव और आत्मविश्वास के जागरण का प्रतीक

**श्याम जाजू**



अयोध्या में श्री राम मंदिर का पुनर्निर्माण और प्रभु श्री राम की मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा मात्र एक धार्मिक आयोजन नहीं है, बल्कि यह भारत के सांस्कृतिक पुनर्जागरण और अभ्युदय का अमृत काल है। सांस्कृतिक विविधता और समृद्धि से भरे हमारे देश में सांस्कृतिक धरोहर हमारी पहचान है। धर्म, भाषा, रूपरेखा, शैली और विविध संस्कृतियों और जीवन शैलियों के बाद भी भारत एक है। उसकी आत्मा एक है। हम सब एक-दूसरे से अपनी सांस्कृतिक पहचान से जुड़े हुए हैं। इसी जुड़ाव को बढ़ाने की दिशा में प्रभु श्री राम के मंदिर का निर्माण एक महत्वपूर्ण कदम है। अयोध्या में भव्य राम मंदिर हमें अपनी सांझी धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहर को अक्षुण्ण रखने में मदद देगा।

श्री राम भारतीय संस्कृति के प्रेरणा पुरुष हैं। एक आदर्श राजा, आदर्श पुत्र, आदर्श भाई, आदर्श पति, आदर्श मित्र हैं। हम भारतीय जिन सात्विक मानवीय गुणों को सदियों से पूजते आये हैं, वे सभी राम के व्यक्तित्व में निहित हैं। इसीलिए श्री राम मर्यादा पुरुषोत्तम हैं और हमारी आस्था के केंद्र में हैं, हमारे चेतन-अवचेतन मन में हैं और चिर काल से इस देश के मानस में बसे हुए हैं। यहां राम सब के हैं और सब राम के हैं।

**अयोध्या में नव-निर्मित राम मंदिर मात्र मंदिर नहीं है, बल्कि करोड़ों लोगों की आस्था, विश्वास और भारत के पुनर्जागरण का प्रतीक है।**

चाहे पूरब हो या पश्चिम, उत्तर हो या दक्षिण, राम हमारे मानस में समाये हुए हैं। देश के किसी भी हिस्से में जायें और आपको लोगों के नाम में राम मिलेगा-दक्षिण में रामय्या, रामचंद्रन या रामनाथन हो या उत्तर में रामशरण, राम सिंह या रामदास, राम सभी में हैं। सुबह की राम राम से लेकर जय सिया राम और जय श्री राम हमारे लिए अभिवादन और अभिनंदन हमारे व्यवहार में समाहित/ सन्निहित हैं और भारत ही नहीं राम का संदेश भोगौलिक सीमाओं से परे, सार्वभौम और कालातीत है, उनकी प्रासंगिकता महज भारतीय उपमहाद्वीप तक ही सीमित नहीं है। राम कथा के अनगिनत संस्करण दक्षिण पूर्वी एशिया के देशों जैसे थाईलैंड, इंडोनेशिया, कंबोडिया, म्यांमार, लाओस में आज भी प्रचलित हैं।

राम के आदर्शों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता एक लोकहितकारी न्यायपूर्ण शासन व्यवस्था को जिसमें सभी के लिए शांति, न्याय और समानता हो, सुनिश्चित करती है। इसीलिए राम मंदिर का निर्माण न केवल भारतीय सांस्कृतिक एकता का एक अद्वितीय प्रतीक है, यह सुशासन और सामाजिक समरसता की ओर प्रवृत्त करने की दिशा में एक महती प्रयास भी है। मंदिर ही एक वह जगह होती है, जहां सभी वर्गों, जातियों और समुदायों के लोग एकत्र होते हैं और सांझा व्यवहार करते हैं, जिससे धार्मिक एकता का संवर्धन होता है।

रामायण में श्री राम की कथा ने सभी वर्गों और समुदायों को एक साथ लाने का संदेश दिया है तथा भारतीय समाज में धर्म, नैतिकता, और सत्य के मूल्यों को प्रोत्साहित किया है। परिणामतः राम मंदिर निर्माण एक बड़े सामाजिक, राजनीतिक और धार्मिक संवाद का हिस्सा बन गया है, जो भारतीय समाज को धार्मिक और सांस्कृतिक आधारों पर मजबूत करने का प्रयास कर रहा है।

निःसंदेह समाज में एकता और सभी धर्म-संप्रदायों के बीच समरसता की ओर यह एक महत्वपूर्ण कदम है। 22 जनवरी को होने वाले प्रतिष्ठा समारोह में वाल्मीकि और रविदास मंदिर के पुजारियों की उपस्थिति और महर्षि वाल्मीकि के नाम पर अयोध्या धाम हवाई अड्डे का नामकरण, माता शबरी के नाम पर भोजनालय, निषाद राज के नाम पर अतिथि निवास, सामाजिक एकता, न्याय और सद्भाव का ही एक उदाहरण है। बौद्ध और जैन परंपराओं में भी इस नगरी का विशेष महात्म्य है। साथ ही अयोध्या के मुस्लिम समुदाय का मंदिर निर्माण की तैयारियों में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेना और फारूक अब्दुल्ला जैसों का यह कहना है कि राम केवल हिंदुओं के नहीं हैं, राम सभी के हैं, सचमुच एक महान परिवर्तन है।

अयोध्या में नव-निर्मित राम मंदिर मात्र मंदिर नहीं है, बल्कि करोड़ों लोगों की आस्था, विश्वास और भारत के पुनर्जागरण का प्रतीक है, बल्कि यह भारत की सोई अस्मिता और आत्मविश्वास के जागरण का प्रतीक भी है। श्री राम जन्म भूमि का आंदोलन हिंदू समाज का आत्म साक्षात्कार है। यह इस बात का प्रमाण है कि अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए हिंदू 550 बरस की लंबी लड़ाई लड़ और जीत सकते हैं। सच में अयोध्या में राम लला का भव्य मंदिर का निर्माण सभी भारतीय नागरिकों के लिए सदियों पुराने सपने के पूरे होने जैसा है। 500 वर्षों बाद रामनगरी का वैभव एवं कीर्ति लौट रही है।

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के प्रमुख महंत श्री नृत्य गोपाल दास, अध्यक्ष के शब्दों में, मंदिर निर्माण के साथ सिर्फ अयोध्या ही नहीं, बल्कि संपूर्ण भारत के भाग्य का नया सूर्य उदित होगा। निःसंदेह यह अवसर हर्ष और उल्लास का है। अयोध्या इस तरह प्रसन्न है, जैसे कि अपने आराध्य का पुनः प्राकट्य हो रहा हो। सच में सामूहिक चेतना से जो काम होते हैं, उनमें अलग ही आनंद की अनुभूति होती है। आज सम्पूर्ण देश प्रसन्न है, जन-मानस आह्लादित है। जिन असंख्य लोगों ने राम मंदिर आंदोलन में अपने प्राणों की आहुति दी है, उनकी आत्माएं प्रसन्न हो रही होंगी, क्योंकि उनका बलिदान अब सार्थक होने जा रहा है। इसी के साथ मंदिर निर्माण आंदोलन की इति भी होगी, जिसने भारतीय जनमानस की चेतना को लगभग 3 दशकों तक एक सूत्र में पिरोकर रखने का काम किया।

इसे विधि की व्यवस्था भी कह सकते हैं कि नव-निर्मित मंदिर में श्री राम के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा का शुभ कार्य राम जन्मभूमि आंदोलन के महानायक पूर्व उप प्रधानमंत्री और सबके सम्माननीय लाल कृष्ण अडवानी और देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में हो रहा है, जो स्वयं भी राम जन्मभूमि आंदोलन के नायकों में से एक रहे हैं। सर्वविदित है कि मोदी साल 1990 में भारतीय जनता पार्टी के तत्कालीन अध्यक्ष अडवानी की सोमनाथ से अयोध्या तक की उस रथयात्रा के सारथी थे, जिसने मंदिर आंदोलन को निर्णायक रफ्तार देने का काम किया था।

राम जन्मभूमि मंदिर का निर्माण गर्व का क्षण है, लेकिन इन क्षणों में इस पर भी विचार किया जाना चाहिए कि हिंदू समाज को किन कारणों से विदेशी हमलावरों के अत्याचार और उनकी गुलामी का सामना करना पड़ा। निःसंदेह हिंदू समाज के एकजुट न होने के कारण विदेशी हमलावरों ने फायदा उठाया। यह स्वीकार किया जाना चाहिए कि भेदभाव और छुआछूत हिंदू समाज को कमजोर करने का एक बड़ा कारण बना।

अब जब समाज के हर तबके को अपनाने वाले भगवान राम के नाम का मंदिर बनने जा रहा है तब सभी का यह दायित्व बनता है कि वे पूरे हिंदू समाज को जोड़ने और उनके बीच की बची-खुची कुरीतियों को खत्म करने पर विशेष ध्यान दें। यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि अयोध्या एक ऐसा केंद्र बने जो भारतीय समाज को आदर्श रूप में स्थापित करने में सहायक बने। हमें पूर्ण विश्वास होना चाहिए कि राम मंदिर का निर्माण भारत के लिए एक नये युग का प्रादुर्भाव करेगा, जो देश को सांस्कृतिक एकता, भ्रातृत्व और समरसता की दिशा में आगे ले जायेगा।

**(लेखक : भाजपा के निवर्तमान राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

# जुगसलाई में पुलिस ने गोली चलने की घटना का किया खुलासा, हथियार के साथ एक गिरफ्तार



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** जुगसलाई में गोली चलने के मामले का जमशेदपुर पुलिस ने कुछ ही घंटे के अंदर खुलासा कर दिया। पुलिस ने मो माजिद और महफूज आलम को गोली मारने वाले आरोपी जाहिद हुसैन उर्फ विक्की को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पास से घटना में प्रयुक्त पिस्टल और घटना स्थल से एक खोखा बरामद कर लिया। सोमवार को जानकारी देते हुए सिटी एसपी मुकेश कुमार लुणायत ने बताया कि घायल माजिद ने घटना में रंगदारी का रुप देने का प्रयास किया। साथ ही अन्य लोगों के भी नाम लिए। लेकिन सीसीटीवी की जांच में सिर्फ जाहिद ही नजर आया। शिकायत में भी सिर्फ जाहिद का ही नाम लिखा गया। घटना के कुछ घंटो बाद ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी के पास से घटना में प्रयुक्त पिस्टल और घटना स्थल से एक खोखा बरामद किया गया। फिलहाल आरोपी को पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## दो युवक घायल, जांच में जुटी पुलिस






**जमशेदपुर। जुगसलाई थाना अंतर्गत मरारपड़ा में अज्ञात अपराधियों के द्वारा गोली चलाने से दो युवक घायल हो गया। घटना की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस और स्थानीय लोगों के सहयोग से दोनों घायलों को टीएमएच में भर्ती कराया गया। घायलों में जुगसलाई निवासी मो मजीद और मानगो निवासी महफूज आलम शामिल है। बताया जा रहा है कि घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी मौके से फरार हो गया। घायल के अनुसार वे अपने साथी महफूज के साथ पार्टी में शामिल होकर घर लौट रहा था। तभी मुर्गा चौक के पास पिस्टल से फायरिंग की गयी। लगभग छह राउंड फायरिंग की बात सामने आरही है। एक गोली मो मजीद के हाथ और कमर में लगी। जबकि महफूज आलम की हथेली में एक गोली लगी। वैसे रंगदारी की मांग के लिए गोली चलने की बात सामने आरही है। फिलहाल पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है।**

# आगजनी से कंपनी के लाखों का नुकसान

**आदित्यपुर इंडस्ट्रियल एरिया में आगजनी, अग्निशमन विभाग ने कड़ी मुस्क्कत के बाद आग पर पाया काबू**






**आजाद सिपाही संवाददाता**

**आदित्यपुर।** सरायकेला-खरसावां जिले के आदित्यपुर इंडस्ट्रियल एरिया फेज एक स्थित सोमा पफ मेटल प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में अचानक आग लग गयी। सोमवार की अहले सुबह भीषण आगजनी से कंपनी के लाखों की नुकसान होने की संभावना है। आग की तपिश इतनी ज्यादा थीं महज दो से तीन घंटों के अंदर कई मशनरी के साथ महंगे समान जलकर खाक हो गया। मौके पर अग्निशमन विभाग की पांच गाड़ियां कड़ी मुस्क्कत के बाद आग में काबू पाया। वैसे आग कैसे लगी फिलहाल यह पता नहीं चल सका।

कंपनी के प्लांट हेड राजेश ने बताया सुबह लगभग 10 बजे के आसपास कंपनी में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते पूरे प्लांट को अपनी चपेट में ले लिया। प्लांट के शेड और तैयार माल पूरी तरह जलकर खाक होगया। फिलहाल नुकसान का आकलन किया जा रही है।

# आरोग्यम में प्राकृतिक चिकित्सा का शुभारंभ






**आजाद सिपाही संवाददाता**

**आदित्यपुर।** आरोग्यम प्राकृतिक चिकित्सा केंद्र शहर की पहली संस्थान है, जहां शहर के लोगों को प्राकृतिक चिकित्सा मिल रही है। जहां किडनी का प्रॉब्लम, स्किन डिजीज, माइग्रेन, जॉइंट पेन सहित कई अन्य बीमारियों का इलाज कर लोग आसानी से स्वस्थ हो रहे हैं। सोमवार को इसकी जानकारी देते हुए डॉक्टर चित्रा सोन ने बताया कि पेट दर्द गैस्ट्रिक और अन्य छोटी मोटी बीमारियों के लिए मरीज को प्रतिदिन दवा का सेवन करना पड़ता है। इससे बाद में साइड इफेक्ट होने का भी संभावना बनी रहती है। एलाहपति दवा में इलाज नहीं होने पर शहर और आसपास के लोगों को प्राकृतिक चिकित्सा के लिए हरिद्वार, ऋषिकेश, पुणे, बेंगलुरु जाना पड़ता था। लेकिन अब उन्हें कही जाने की जरूरत नही है। अब वे आरोग्यम प्राकृतिक चिकित्सा केंद्र में इलाज करा सकते है। उन्होंने बताया इसके तहत प्राकृतिक चिकित्सा, नेचुरोपैथी, पंचक्रमण, योग, एक्यूप्रेशर, एक्युपंचर सभी को मिलाकर एक पैकेज सिस्टम में इलाज किया जायेगा। ताकि लोगों को राहत मिल सके। उन्होंने बताया कंबाइन ट्रीटमेंट के माध्यम से लोगों को हर हाल में राहत मिलेगी।

वहीं डॉ नीरु सिंह ने बताया कि आदित्यपुर शेरा पंजाब के पास आरोग्यम प्राकृतिक चिकित्सालय में सभी तरह के बीमारी का इलाज नेचुरल तरीके से की जाती है। उन्होंने बताया कि जमशेदपुर में पहली बार इस तरह के इलाज कर लोगों को स्वस्थ्य की जा रही है। इसमें बाहर का कोई दवा या केमिकल का इस्तेमाल नहीं होता। एक ही छत के नीचे नेचुरोपैथी, पंचक्रमण, योग, एक्यूप्रेशर, एक्युपंचर की सुविधा उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि अभी के समय किडनी का प्रॉब्लम, स्किन डिजीज, माइग्रेन जॉइंट पेन का दवा से इलाज नहीं हो पाता। लोग दावा लंबे लंबे समय तक खाते है। लेकिन फायदा नहीं होता। आरोग्यम प्राकृतिक चिकित्सा केंद्र में वैसे कई बीमारी में लोगों को ट्रीटमेंट किया गया। आज वे स्वस्थ होकर घूम रहे हैं।

# बंसल क्लासेस की आइआइटी मेडिकल की तैयारी शुरू

**मोतीलाल स्कूल में विद्यार्थी फरवरी माह तक ले सकते है एडमिशन**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** शहर के मोतीलाल स्कूल प्रांगण में विद्यार्थियों के लिए आईआईटी मेडिकल की तैयारी अब बंसल क्लासेस के द्वारा की जायेगी। सोमवार को इसकी जानकारी श्वेताव सुमन ने पत्रकारों को दी। उन्होंने बताया बंसल क्लासेस का ऑफिस मोतीलाल स्कूल में खोला जायेगा। बंसल क्लासेस के शिक्षकों के द्वारा विद्यार्थियों को आईआईटी मेडिकल की तैयारी करायी जायेगी। जमशेदपुर शहर के लिए यह अति सौभाग्यशाली बात है। आज उसी क्रम में मोतीलाल नेहरू पब्लिक स्कूल में स्कॉलरशिप की परीक्षा हुई। जिसमें लगभग 400 विद्यार्थी शामिल हुए। पास करने पर इन्हें स्कॉलरशिप दी जायेगी। मार्च महीना से क्लास शुरू की जायेगी जिन्होंने एडमिशन लेना चाहते हैं, वह फरवरी तक अपना नामांकन दर्ज करा सकते है।

# मीडिया प्रभारी और बंजरंग दल ने अयोध्या से आये पूजित अक्षत भेंट कर दिया निमंत्रण



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** अयोध्या से आये पूजित अक्षत को लेकर भारतीय जनता पार्टी के झारखंड प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी लकी सिंह और बंजरंग दल की अपर्णा दता के नेतृत्व में सोनारी और अन्य क्षेत्र मे सभी राम भक्तों से मिलकर निमंत्रण दिया गया। मौके पर 7th एक्सटेंशन रोड में लोगों को निमंत्रण दी। भाजपा सोशल मीडिया प्रभारी लकी सिंह ने कहा लंबे संघर्ष के बाद आये पावन दिन 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा दिवस है। उन्होंने उस दिन सभी को अपने घरों में दीपावली मनाने का आग्रह किया। ताकि भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दिन जमशेदपुर में भी भव्य दीपावली हो सके।

# ज्ञान निकेतन स्कूल को हरा कर गोविंद हाई स्कूल बना चैंपियन

**गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता सीनियर वर्ग**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** जिला पब्लिक स्कूल समन्वय समिति के तत्वाधान में खेले जा रहे 22वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में गोविंद हाई स्कूल ने ज्ञान निकेतन स्कूल बेलचंपा को पांच विकेट से हराकर पहली बार चैंपियन बना।

गोविंद हाई स्कूल के मैदान में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए ज्ञान निकेतन स्कूल की टीम ने निर्धारित उभर में निर्धारित आवर में दिव्यांश के 104 रन की बदौलत तीन विकेट खोकर 175 रनों का स्कोर खड़ा किया। गोविंद




हाई स्कूल की ओर से नीतीश और दीपक ने एक-एक विकेट प्राप्त किया। जवाबी पारी खेलने उतरी गोविंद हाई स्कूल की टीम ने आकाश के 45 और शशि के नवाद 41 रनों की बदौलत सात गेंद शेष रहते तीन विकेट खोकर जीत हासिल करते ही पहली बार चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार ज्ञान निकेतन के दिव्यांश को दिया गया। मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार गोविंद हाई स्कूल के आकाश कुमार, बेस्ट बल्लेबाज का पुरस्कार ज्ञान निकेतन बेलचंपा के नंदन को बेस्ट गेंदबाज का पुरस्कार गोविंद हाई स्कूल के गोलू को दिया गया। इस मौके पर सचिव आनंद सिन्हा, कोषाध्यक्ष कमलेश कुमार दुबे, सह सचिव प्रिंस सोनी, अभय कुमार, मनोज तिवारी, प्रिंस खान, अभिषेक द्विवेदी अभिषेक द्विवेदी, आशुतोष रंजन, रोहन तिवारी, मनीष उपाध्याय, विशाल कुमार, आलोक, दिव्य रंजन, धीरज दुबे, प्रिंस, नैतिक, शजाद खान सहित काफी संख्या में लोग शामिल थे।

# खबर प्रकाशित होने के बाद मनरेगा कर्मी हुए रेस

आजाद सिपाही संवाददाता

**केतार।** आजाद सिपाही के 15 जनवरी के अंक में छपी खबर शीर्षक 'मनरेगा योजना में किया जा रहा है मशीनों का प्रयोग' छपने के बाद मनरेगा कर्मी रेस हो गये। योजना स्थल पर प्रभारी बीपीओ मनोज कुमार सहित जेई अमर भारती, राजीव कुमार, रोजगार सेवक दीपक जायसवाल, रामकुमार प्रजापति पहुंचे। प्रखंड से नियुक्त जांच करने पहुंचे जेई अमर भारती योजना स्थल पर मशीन के पहिए का निशान पाया। उन्होंने मनरेगा योजना में मशीन और ट्रैक्टर का उपयोग करने की जानकारी विद्यालय के अध्यक्ष से ली। विद्यालय के अध्यक्ष सुनील प्रजापति ने अपने ऊपर जिम्मेदारी लेकर विद्यालय में हो रहे कार्य की जिम्मेदारी लिखित रूप से दिया गया। परंतु बात उठती है कि इस मनरेगा योजना से खेल मैदान निर्माण कार्य में 43605 रू के निकासी कैसे कर दी गयी? जब योजना स्थल पर ट्रैक्टर और जेसीबी की खबर प्रकाशित हुआ तो लिखित रूप में क्यों दिया गया?



**क्या कहते हैं जांच करने गये प्रतिनियुक्त कर्मी**

खबर प्रकाशित होने के बाद प्रखंड से घटनास्थल पर गये प्रतिनियुक्त कर्मी जेई अमर भारती ने बताया की योजना स्थल पर पहिये का निशान पाया गया है। इसका रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को कर दी गयी है। उन्होंने दूरभाष पर बताया कि मनरेगा योजना में संलिप्त लोग जो मशीन से कार्य करा रहे लोगों पर कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

कार्य करने से बहुत पहले ही 43605 रु की निकासी कैसे हुए? यह जांच का विषय है। बिना कार्य किये और बिना रोजगार सेवक की जानकारी के बिना मास्टर रोल कैसे भरा गया? इससे साफ जाहिर होता है कि यह विभागीय लापरवाही है। इस योजना की मेठ मुकेश गुप्ता को खबर की भनक लगते ही जेसीबी का चिन्ह मिटाने के लिए रात में ही मजदूरों को लगा दिया। ताकि यह खबर पर पर्दा डाला जा सके। जबकि जेसीबी के पहिये का निशान मिटाने वाले मजदूर का कहना है कि इसमें मेरी गलती नहीं है, मैं मजदूरी तुरंत मिलने के चलते बहकावे में आ गया था।

# जायंट्स ग्रुप उपाध्यक्ष की अध्यक्षता में चूड़ा, गुड़ और लाई का वितरण

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** जायंटस ग्रुप ऑफ गढ़वा के तत्वधान में महुपि गांव और जोड़ा पुल मझियाव रोड के पास मजदूर स्त्री, पुरुष और बच्चों के बीच मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर जायंट्स ग्रुप उपाध्यक्ष राकेश केशरी की अध्यक्षता में चूडा, गुड़ तथा लाई का वितरण किया गया। इस अवसर पर जायंट्स वेलफेयर फाउंडेशन फेडरेशन 8 के पूर्व अध्यक्ष विनोद कमलापुरी, स्पेशल कमिटि के पूर्व सदस्य विजय केशरी विशेष रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर पदाधिकारीयों ने कहा कि समाज



के सबसे नीचले पायदान पर खड़े जरूरत मंदो के साथ मिल जुल कर पर्व मनाने से अद्भुत आनंद की अनुभूति होती है। इस अवसर पर उपरोक्त पदाधिकारीयों के अतिरिक्त जायंट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा के प्रशाशनिक निदेशक मोजीबुद्दीन खान, वित्त निदेशक अशोक केशरी, ग्रुप के पुर्व अध्यक्ष ध्रुव केशरी, दीपक तिवारी, मनोज केशरी हिंदुस्तान सेनेटरी सहित मनोज केशरी सन रेडियो, रवींद्र केशरी, अरूण सोनी आदि सदस्य उपस्थित थे।

# शौर्य और शांतनु की टीम ने ट्राफी पर जमाया कब्जा

आजाद सिपाही संवाददाता

**मझिआंव।** नगर पंचायत क्षेत्र के गढ़ परिसर में एक सप्ताह से राधाकृष्ण मंदिर के महंत केशव नारायण दास के संरक्षण में चल रहे बैडमिंटन टुर्नामेंट का फाइनल मैच खेला गया। जिसमें मेदनी नगर के रेड़मा की टीम शौर्य कुमार सोनी और शांतनु की जोड़ी ने फाइनल मैच जीतकर ट्रॉफी पर कब्जा जमा लिया। यह मैच की शुरूआत 7 जनवरी से की गयी थी, जिसमें 17 टीम में भाग ली। इसमें सेमीफाइनल और फाइनल मैच 14 जनवरी के रात्रि में खेला गया, जिसमें मझिआंव की टीम में गोलू



विश्वकर्मा और ऋषभ जायसवाल की जोड़ी तथा गढ़वा की टीम प्रशांत और हनी के साथ खेला गया। जिसमें मझिआंव की गोलू और रीषभ की जोड़ी ने सेमी फाइनल में पहुंचा, फिर मझिआंव की टीम गोलू ऋषभ की जोड़ी ने मेदनी नगर की टीम गुरमीत सिंह और अजय ठाकुर की जोड़ी के साथ खेला गया। जिसमें मझिआंव की टीम हार गया और मेदनी नगर की गुरमति अजय की जोड़ी ने सेमीफाइनल में जगह बना ली। फिर मेदनी नगर की रेड़मा की दुसरी टीम शार्य एवं शांतनु की जोड़ी ने मेदनी नगर की नई मुहल्ला टीम गुरमति सिंह और अजय ठाकुर की जोड़ी ने दो सेटों में खेला गया।

# मुरली और कमल केशरी को मंदिर प्रांगण में सम्मानित किया



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** मकर संक्रांति के पावन अवसर पर राम मंदिर में कारसेवा देने वाले आंदोलन में शामिल होने वाले मुरली श्याम सोनी, कमल केशरी का मंदिर प्रांगण में सम्मानित किया गया। श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में विशेष रूप मुरली श्याम सोनी, कमल केशरी को विशेष रूप से आमंत्रण पत्र प्राप्त हुआ है। गढ़वा शहर से कारसेवा में शामिल होने वाले स्व उमेश भारती, स्व रामनाथ गुप्ता, स्व उदय पहलवान, मुखराम पांडेय। सम्मान समारोह सांसद प्रतिनिधि चन्दन जायसवाल द्वारा आयोजित किया गया। विशेष रूप से मंदिर के मुख्य पुजारी राजन पांडेय, वार्ड पार्षद विनोद प्रसाद, मंदिर निर्माण के अध्यक्ष विनोद जायसवाल, अधिवक्ता अशोक पटवा, हेमंत सोनी, अध्या शंकर पांडे, राकेश केशरी, दिनेश विश्वास, वीरेंद्र सिंह, सुशील तिवारी, मनीष, अरविंद, अनीश सिंह, मधु, माना केशरी उपस्थित थे।

# घटवारिया में भव्य मेला का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**विशुनपुरा।** मकर संक्रांति पर मुख्यालय के प्रसिद्ध घटवारिया घाट स्थित शिव मंदिर के प्रांगण में भव्य मेला का आयोजन किया गया। मकर संक्रांति पर लोग तिल का मिष्ठान खाने की परंपरा के तहत दही, चुरा, तिलकुट, तिलवा खाने के साथ लोग मेले का लुप्त उठाते नजर आयें। घटवारिया बाबा मेला कमिटी के संयोजक रविंद्र मिश्र ने बताया कि मेले को लेकर संपूर्ण व्यवस्था की गयी है। दवनकारा कीर्तन मंडली के द्वारा हरि कीर्तन का आयोजन किया गया है। इस घाट पर लोगों को प्राकृतिक छटा से भरपूर अद्भुत सौंदर्य देखने को मिल रहा है। चारो ओर से पहाड़ी वन संपदा से घिरा यह क्षेत्र कुछ समय के लिए कश्मीर की वादियों की याद दिलाता है। वहीं घटवारिया बाबा कमिटी के द्वारा मेला के शुभ



अवसर पर लगभग 1000 फिट उच्ची कोसियारा पहाड़ी की सबसे उच्ची चोटी पर भगवा ध्वज लहराया गया। वहीं इस जगह से पूरब की ओर कुछ ही दूरी पर बुड्डुकुवा नाला का अद्भुत नजारा देखने को मिल रहा है। जहां लोगों का कहना है कि तपती धूप में भी नाला में पानी पहाड़ी से निकलती रहती है। विशुनपुरा प्रखंड के यह क्षेत्र काफी मनमोहक वादियों से भरा पड़ा है। वहीं मेले में लोगों की भीड़ देखने को मिल रही है। जहां युवक युतियों के अलावा बच्चे बुजुर्ग भी मेले का आनंद उठाते देखे गये। वहीं मेले में विधी व्यवस्था को लेकर पुलिस बल लगे हुए है। इस मेले को लेकर घटवारिया बाबा शिव मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष राजबली चंद्रवंशी, सचिव अनिल चंद्रवंशी, कोषाध्यक्ष हीरा शर्मा, अजय प्रसाद गुप्ता, विहिप प्रखंड अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार यादव, ललन गुप्ता, नवल किशोर गुप्ता, शंभु, छुनु ठाकुर, जगदीस, तुलसी, ज्वाला मेहता, जितेंद्र गुप्ता सहित कयी लोग व्यवस्था में लगे हुए थे।

# हाथियों ने घरों को तोड़ा, जिप सदस्य ने अविलंब मुआवजा देने की मांग की

**डाले और सिंजो गांव में हाथियों ने घरों को क्षति पहुंचाई और घर में रखे अनाज को खा गये**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रंका।** रंका अनुमंडल मुख्यालय के नजदीकी गांवों में तीन दिनों से लगातार हाथियों का हमला जारी है। जिसमें अभी तक लगभग दस घरों को हाथियों के द्वारा तोड़े जा चुके हैं। रंका अनुमंडल मुख्यालय से महज तीन चार किमी की दूरी पर स्थित डाले और सिंजो गांव में हाथियों ने घरों को क्षति पहुंचाई और घर में रखे अनाज को खा गये। हालांकि लोगों ने सावधानी से जान बचाने में सफल रहे हैं। सिंजो में रामदेव



कोरवा, सुरेश कोरवा, रामावतार कोरवा, सोमारू कोरवा, राम प्रसाद कोरवा, राजेश कोरवा के घर को क्षतिग्रस्त कर दिया। जिसमें खरडीहा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि पप्पू यादव ने पिड़ित परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान किया। वहीं कंचनपुर पंचायत के डाले गांव में हाथियों ने मनोज तिवारी, अमन कोरवा, रमन कोरवा और सुनिल कोरवा के घर को क्षतिग्रस्त कर दिया। जिसके आलोक में रंका प्रखंड उतरी जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि राहुल तिवारी ने वन विभाग से पिड़ित परिवार को अविलंब मुआवजा देने कि मांग की है।

# प्रशिक्षु डीएसपी ने मुखिया के साथ 22 जनवरी को होनेवाले उत्सव पर की चर्चा



**मेराल (आजाद सिपाही)।** थाना में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षु आरक्षी उपाधीक्षक चिरंजीवी मंडल ने सोमवार को मेराल थाना प्रभारी के रूप में प्रभार ग्रहण किया। विशेष प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए दो सप्ताह पूर्व इन्होंने मेराल थाना में योगदान दिया था। प्रशिक्षणार्थी पदाधिकारी के रूप में इन्हें मेराल थाना के थाना प्रभारी के रूप में संबद्ध किया गया है, जहां ये थाना प्रभारी के रूप में प्रतिनियुक्त रहकर सभी कार्यों का निष्पादन करेंगे। प्रभार ग्रहण करने के बाद इन्होंने थाना प्रभारी नीतीश कुमार के साथ क्षेत्र के सभी मुखिया के साथ बैठक कर पंचायत का हाल जाना। इस दौरान उन्होंने 22 जनवरी को अयोध्या में आयोजित होने वाले भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर थाना क्षेत्र में आयोजित होने वाला धार्मिक आयोजन की जानकारी प्राप्त किया। बैठक में मुखिया रामसागर महतो, वीरेंद्र नाथ तिवारी, अनिल चौधरी, मनदीप सिंह, प्रतिमा देवी, राम प्रताप साह, अजीज अंसारी, संजय राम, मुखिया पति मुन्ना राम, हरेंद्र, सुरेंद्र, धर्मराज, शंभू, राजेंद्र, दिलजान, रविंद्र सहित कई लोग थे।

# झामुमो खपरो पंचायत महिला मोर्चा कमेटी का गठन, सकिना बीबी बनी अध्यक्ष



**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका प्रखंड अंतर्गत खपरो पंचायत में सोमवार को झामुमो महिला मोर्चा पंचायत कमेटी का गठन किया गया। जिसमें सकिना बीबी सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुनी गयी। जबकि सचिव रूपा देवी, कोषाध्यक्ष आशा देवी तथा उपाध्यक्ष मालती देवी, शारदा, रेणू, सविता, चनरी और ग्यारह सदस्य बनाया गया। इस अवसर पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष पूर्व मुखिया मालती देवी, प्रखंड सचिव प्रियंका तिवारी, झामुमो पंचायत अध्यक्ष रिजवान अंसारी सहित काफी संख्या में महिला कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# प्रमुख ने 50 गरीबों के बीच वितरित किया कंबल



**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** श्री बंशीधर नगर-प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी ने सोमवार को प्रखंड के विलासपुर पंचायत के 50 गरीब, असहाय, विधवा और दिव्यांगों के बीच कंबल वितरण किया। इस अवसर पर प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी ने कहा कि कड़ाके की पड़ रही ठंड को देखते हुए ठंड से बचाव के लिये गरीब, असहाय, विधवा और दिव्यांगों के बीच कंबल का वितरण किया गया है। उन्होंने कहा कि उनके द्वारा लगातार कई वर्षों से कंबल वितरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मानवता की सेवा से बड़ा कोई धर्म नही है। मौके पर पूर्व प्रखंड प्रमुख रविंद्र कुमार पासवान, सुखदेव विश्वकर्मा, राजेश्वर विश्वकर्मा, मदन यादव, विवेक पासवान, विनोद चौधरी सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

# गरीब और असहाय लोगों की मदद करने से पुण्य मिलता है: राकेश पाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** शहर के सोनपुरवा मोहल्ला स्थित एसएनसी होटल परिसर में सोमवार को मकर संक्रांति के अवसर पर 500 जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल, चूड़ा और गुड़ का वितरण किया गया। यह कंबल, चूड़ा और गुड़ का वितरण एसएनसी होटल के संचालक राजीव चौबे और युवा समाजसेवी सह प्रतिष्ठित व्यवसायी राकेश पाल के सहयोग से किया गया। इस अवसर पर युवा समाजसेवी सह प्रतिष्ठित व्यवसायी राकेश पाल ने कहा कि वर्तमान समय मे ठंड का प्रकोप बढ़ गया है। ऐसे में गरीब और असहाय लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। गरीब और असहाय लोगों की परेशानी को देखते हुए आज उक्त कार्यक्रम के तहत जरूरतमंद के बीच कंबल वितरण किया गया। ताकि गरीब और असहाय लोगों को राहत मिल



सके। उन्होंने कहा कि इस तरह का कार्य समय-समय पर होने से गरीब असहाय लोगों को मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि मकर संक्रांति को स्नान और दान का पर्व भी कहा जाता है। इस दिन तीर्थों और पवित्र नदियों में स्नान का बेहद महत्व है। साथ ही तिल, गुड़, खिचड़ी, फल और राशि अनुसार दान करने पर पुण्य की प्राप्ति होती है। ऐसा भी माना जाता है कि इस दिन किये गये दान से सूर्य देवता प्रसन्न होते हैं। इसलिए सभी लोगों को इस दिन दान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि गरीब और असहाय लोगों की मदद करने से पुण्य मिलता है। एसएनसी होटल के संचालक राजीव चौबे ने कहा कि वर्तमान समय में जिला मुख्यालय सहित विभिन्न क्षेत्रों में ठंड का प्रकोप बढ़ गया है। जिले का न्यूनतम तापमान पांच डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया है। ऐसे में गरीब और असहाय लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गरीब और असहाय लोगों की परेशानी को देखते यह कंबल वितरण किया गया। उन्होंने कहा कि समाज सेवा से बढ़कर कोई भी बेहतर कार्य नहीं है। इसलिए सभी लोगों को इस तरह का कार्य करना चाहिए। ताकि गरीब व असहाय लोगों को मदद मिल सके। उन्होंने कहा कि चार वर्ष पूर्व यह कार्यक्रम शुरू की गयी थी।

इस कायर्क्रम का मुख्य उद्देश्य जरुरतमंद को राहत पहुंचाना है। कार्यक्रम के दौरान रामनाथ गोंड, सुषमा देवी, लालती देवी, उपेंद्र पासवान, कुमारी देवी, देवंती कुंवर, अनिल गोंड, अनीता देवी, लक्ष्मी देवी, मुन्नी देवी, दीनानाथ गोंड, पूनम देवी सहित 500 लोगों के बीच कंबल,चूड़ा व गुड़ का वितरण किया गया। इस अवसर पर राजीव चौबे, राकेश पाल, संजीव दत्त चौबे, बैजनाथ सिंह, संतोष मिश्रा, गौरव कुमार, हिमांशू मिश्रा, मयंक कुमार, दिनेश कुमार, सुमित कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

# श्री सूर्यनारायण मंदिर परिसर में प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर की गयी बैठक



**केतार (आजाद सिपाही)।** प्रभु श्री राम की अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर प्रखंड क्षेत्र के सुप्रसिद्ध श्री सूर्य नारायण मंदिर मुकुंदपुर में मंदिर विकास समिति के पदाधिकारी ने बैठक किया। बैठक में प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर दीपोत्सव, महाप्रसाद वितरण और अखंड कीर्तन का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। साथ ही इस बैठक में धर्मेंद्र कुमार सिंह को सूचना मंत्री बनाया गया। इस मौके पर मंदिर विकास समिति के अध्यक्ष योगेंद्र कुमार सिंह, सचिव रविकांत चंद्रवंशी, उपसचिव नगीना वियार, धर्मेंद्र सिंह, सुरेंद्र कुमार सिंह, चंद्रदेव ठाकुर, दिल किशोर प्रसाद, गोपाल वियार, दिनेश गुप्ता, जयकुमार पासवान, बिंदु साह, नागा चंद्रवंशी उपस्थित थे।

# मंदिर सफाई अभियान कार्यक्रम का आयोजन

**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका प्रखंड अंतर्गत मंदिर सफाई अभियान के तहत सोमवार को शिवनाला भगवान शिव मंदिर कि सफाई किया गया। वहीं झंडा भी लगाने का काम किया गया। इस पूनित कार्य में सोनू कुमार मद्धेशिया, आलोक कुमार, मोहित चौधरी, राजन गुप्ता, सुमित कुमार नन्हकू सोनी सहित अन्य श्रद्धालु मौजूद थे।



# सोनाहातू : 1740 से लग रहा है ऐतिहासिक सतीघाट का टुसू मेला

## मकर संक्रांति के अवसर पर स्वर्णरेखा नदी में हजारों लोगों ने लगायी डुबकी

आजाद सिपाही संवाददाता

**सोनाहातू।** सोनाहातू प्रखंड के बारेंदा पंचायत अंतर्गत स्वर्णरेखा नदी पर हजारों लोगों ने मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में डुबकी लगायी यही से टुसू मेला की शुरुआत हुई। ऐतिहासिक टुसू मेले को लेकर मेला कमेटी सारी तैयारी पूरी कर ली गयी है। मेला परिसर मे बच्चों के मनोरंजन के लिए विभिन्न तरह के झूले लगे हुए हैं। मौत का कुं आ भी बनकर तैयार है जो सभी के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगा। प्रशासन के द्वरा मेले में असमाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखी जायेगी। सतीघाट मेला पश्चिम बंगाल के सीमावर्ती क्षेत्र से सटे होने के कारण बंगाल से भी हजारों की तादाद में मेला प्रेमी मेला देखने आते हैं। पांडूडीह टोला से सतीघाट तक करीब एक किमी लंबे रास्ते पर दोनों ओर की जमीन रिजर्व हो चुकी हैं जहां सैकड़ों दुकानें लगती हैं। दुकानदारों ने जमीन की मार्किंग के लिए सफेद निशान लगा दिया है। हजारों साल से टुसू मेला लग रहा है।पंडित अजय शुक्ला के मुताबिक यहां श्राद्धकर्म करने झारखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल और ओडिशा से लोग पहुंचते है। सतीघाट की मिट्टी को पवित्र माना जाता है और लोग माथे पर माटी का तिलक लगाते हैं। जानकारों के अनुसार टुसू की स्मृति में पहली बार सती घाट पर 1740 में मेला लगा था। 14-15 या 16 जनवरी को झारखंड का सबसे बड़ा टुसू मेला यहां लगता है। एक महीने तक घरों में पूजा के बाद लोग टुसू की प्रतिमा और चौड़ाल (पालकी) का विसर्जन करते हैं। यहां तीन नदियों का संगम स्वर्णरेखा, कांची व राढ़ू नदी में है सती घाट। यहां लगने वाले झारखंड के सबसे बड़े टुसू मेले में चार राज्यों झारखंड, बिहार, प० बंगाल और ओड़िसा के लोग इकट्ठा होकर टुसू मनी की पवित्रता को नमन करते हैं। आसपास के बुद्धिजीवी वर्ग के लोगो ने बताया कि रांची से करीब 80 किमी दूर रांगामाटी- सिल्ली मार्ग पर रांची जिले में स्थित बारेंदा पंचायत पांडुडीह गांव में इसी स्थान पर काशीपुर महाराजा उदय प्रताप सिंह की बेटी टुसू मनी ने बलिदान दिया था। प्राकृतिक सौंदर्य से लबरेज यह क्षेत्र अपने में पवित्रता की खान समेटे है। गांव में रह रहे टुसू मनी के वंशजों से भी बात की। पांडूडीह टोला में सती घाट पहुंचते ही टुसू के बलिदान की स्मृतियां दिखाई देती है। उस घाट को लोग बहुत पवित्रता से देखते हैं जहां टुसू ने बलिदान दिया था। कई लोग इसीलिए दूर-दूर से आकर अपने परिजन का यहां अंतिम संस्कार करते हैं। घाट के निकट मां गंगा का मंदिर है। एक और मंदिर है भगवान शिव का। 1956 से पहले इस इलाके में बारेंदा राज था। राजा अर्जुन सिंह के वंशज फिलहाल गांव में रहते हैं। राजपरिवार के लोग बताते हैं कि उनके पूर्वज राजा अर्जुन सिंह के साथ टुसू मनी की शादी हुई थी। गांव के ग्रामीणों ने वह स्थान दिखाया जहां यह मान्यता है कि टुसू ने देह त्याग किया था। जिसके नाम पर हर साल टुसू मेला लगता है वहां टुसू की एक प्रतिमा भी नहीं है। लंबे समय से यहां टुसू की प्रतिमा और मंदिर बनाने की मांग की जा रही है। पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने सांसद मद से विश्रामागार बनवाया गया था। जो मरम्मत के अभाव में वह जर्जर हो गया है। वही पूर्व विधायक केशव महतो कमलेश ने तीन यात्री पड़ाव बनवाये थे।जो मरम्मत के अभाव में वह भी काफी जर्जर हो गया है यहां हर साल टुसू मेला में मंत्री, नेता, बड़े अफसर आते हैं, लेकिन किसी की नजर नहीं है।



### वन विभाग की ओर से लगाये गये हैं 2200 पौधे

पर्यटन स्थल को सजाने के लिए वन विभाग की ओर से लगाये गये हैं फल और फूल के 2200 पौधे। मकर संक्रांति के मौके पर सोमवार को सोनाहातू और राहे के हजारों श्रद्धालुओं ने सतीघाट स्वर्णरेखा नदी कोकरो नदी और राढू नदी में मकर स्नान किया। सवेरे ही लोग नदी घाट पर जुट गये स्नान के बाद विधिवत पूजा करके गुड़, तिल, चावल, दान किये। मान्यता है कि आज के दिन सूर्य धनु राशि से मकर में प्रवेश करता है, इसीलिए मकर संक्रांति मनाई जाती है। इस दिन गुड़, तिल और चावल का दान बहुत ही महत्वपूर्ण माना गया है। इस त्योहार को खिचड़ी के नाम से भी जाना जाता है। साथ ही एक दूसरे को मकर संक्रन्ति की बधाई दी। इधर रिवाज के अनुसार गलऊ पंचायत में मुखिया सावना महली के नेतृत्व में ग्रामीणों ने फोदी खेल का आयोजन किया गया। खेल संपन्न होने के बाद ग्रामीण गाजे बाजे के साथ मुखिया के घर गये जहां मुखिया ने सभी को सम्मानित किये।

### ऐसे जा सकते हैं सतीघाट

सतीघाट पर्यटन स्थल की दूरी रांची से लगभग 80 किलोमीटर है। सड़क मार्ग से सिल्ली एवं बुंडू होकर आ सकते हैं, सोनाहातू पहुंचने के बाद दो रास्ते हैं एक रास्ता सोनाहातू-जामुदाग-जाड़ेया होकर जाती है और दूसरा रास्ता सोनाहातू-भकुवाडीह-बारेडीह होकर पहुंचा जा सकता है दोनों की दूरी में लगभग 5 किलोमीटर का अंतर है वहीं जमशेदपुर से दूरी लगभग 100 किलोमीटर है जो रांगामाटी-टीकर-बारेंदा, सिल्ली सड़क मार्ग से आ सकते हैं।

# टुसू मेला में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** टुसु पर्व सोमवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जिला मुख्यालय से 15 किमी दूर घने जंगल के बीच कांची नदी के किनारे रंगरोड़ी धाम में पारंपरिक टुसू मेला का आयोजन हुआ। टुसू मेला समिति रंगरोड़ी के तत्वावधान में आयोजित टुसू मेला का उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व विधायक कालीचरण मुंडा और कांग्रेस जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर पूर्व विधायक कालीचरण मुंडा ने रंगरोड़ी टुसू मेला को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन से आपसी सौहार्द और एकता का माहौल बनता है। मौके पर जिला परिषद सदस्य सुशील सांगा, ईश्वरीय विश्वविद्यालय के अंजिता दीदी, ग्राम प्रधान देवसाय मुंडा, दिनेश महतो, जीतवहान महतो, मुकेश महतो आदि कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे। हर साल 15 जनवरी को लगने वाले इस टुसू मेले में उमंग के साथ-साथ भक्ति-भाव भी नजर आया। मेला में आसपास गांव सहित दूरदराज गांवों से हजारों की संख्या में पहुंचे ग्रामीणों ने मेले की मस्ती के साथ ही भगवान भोले शंकर की दर्शन पूजन भी की। नदी तट पर चट्टानी गुफा के अंदर अवस्थित स्वयंभू शिवलिग के दर्शन पूजन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। टुसू मेला आयोजन समिति की ओर से मेला परिसर में रंगारंग नागपुरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। रांची से आए म्यूजिकल ग्रुप के कलाकारों ने एक से बढ़कर एक नागपुरी गीत प्रस्तुत कर समां बांध दिया। गायक बीरबल नायक, अनीश महली तथा गायिका पूनम खलखो और केशो देवी के गानों पर ग्रामीण थिरकते नजर आए। आयोजन को सफल बनाने में आयोजन समिति के अध्यक्ष राजू महतो, सचिव मुकेश महतो, दशाय पहान सहित अन्य सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।



## केके इंटरप्राइजेज महावीर नगर में लक्की ड्रॉ का आयोजन

# रौशनी देवी को एलइडी स्मार्ट टीवी मिली

आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** केके इंटरप्राइजेज महावीरनगर में सोमवार को लक्की ड्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। धनतेरस से लेकर मकर संक्रांति तक केके इंटरप्राइजेज से खरीददारी करने वाले ग्राहकों के लिए लक्की ड्रा का आयोजन किया गया था। आयोजित लक्की ड्रा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में वरिश्ठ पत्रकार धीरेन्द्र प्रसाद और दिनेश पांडेय घंटु उपस्थित थे। उपस्थित अतिथियों का दुकान संचालक यषवर्धन साहु के द्वारा बुके देकर सम्मानित किया गया। जिसके बाद मुख्य अतिथियों ने लक्की ड्रा कुपन निकाल कर भाग्यशाली विजेताओं की घोशणा की। जिसमें प्रथम पुरस्कार मैक्लुस्कीगंज निवासी रौशनी देवी को एलईडी स्मार्ट टीवी, द्वितीय पुरस्कार खलारी बाजारटांड़ निवासी सुधीर सिंह को रेफ्रीजिरेटर, तृतीय पुरस्कार लंबा धौडा निवासी मंतोष कुमार को वाशिंग मशीन, चैथा पुरस्कार लंबा धौड़ा निवासी राधे श्याम को वाटर हीटर, पांचवा पुरस्कार महाबीर नगर निवासी किरण कुमारी को सिल्वर का 10 ग्राम का सिक्का, छठा पुरस्कार महाबीर नगर निवासी अमोद लोहरा को बजाज इंडक्शन कुकुर, सातवां पुरस्कार अरगड्डा रामगढ़ निवासी प्रफुल्ल कुमार को नोइज का स्मार्ट वाच, आठवा पुरस्कार महावीर नगर निवासी दीपक सिंह को बजाज मिक्सर, नौवा पुरस्कार सरना क्लब केडीएच निवासी बबलू कुमार को यूनाइटेड प्रेशर कुकर और दसवां पुरस्कार अम्बा टोंगरी खलारी निवासी मंटू मुंडा को इलेक्ट्रिक आयरन मिला है। इसके अलावा 10 अन्य लोगों को संतावाना पुरस्कार के रूप मे इलेक्ट्रिक आयरन भी दिया गया।



## जामुन दोहर में नौकरी और मुआवजा की मांग को लेकर 107 दिनों से बैठे हैं विश्रामपुर के रैयत



**खलारी (आजाद सिपाही)।** बिहार कोलयरी कामगार यूनियन (सीटू) के बैनर तले लगातार 107 दिनो से विश्रामपुर के रैयतों का सीसीएल की केडीएच परियोजना खदान से सटे जामुन दोहर में नौकरी और मुआवजा की मांग को लेकर धरना जारी है। वहीं लगातार बढ़ती ठंड और कनकनी के बीच भी रैयत धरने पर बैठे हुए है। अपनी मांगो को लेकर धरना पर बैठे बिहार कोलयरी कामगार यूनियन के कार्यकारी अध्यक्ष सह रैयत रतिया गंझू ने कहा कि रैयतों की नौकरी मुआवजा के समस्या के साथ भू-धंसान यहां के लिए बड़ी चुनौती बन गयी है। उन्होने कहा कि डीसी के आदेष के बाद भी सीसीएल प्रबंधन एवं खलारी अंचलाधिकारी रैयतों की समास्याओं का सामाधान करने को आगे नहीं आ रहे हैं। विवष होकर हम रैयतों ने सीसीएल एनके प्रबंधन को पत्र के माध्यम 15 दिनों का रैयतों की समस्याओं के समाधान करने का समय दिया है, अगर तय समय में प्रबंधन समस्याओं का समधान नही होता है तो विश्रामपुर के रैयत केडीएच परियोजना कार्यालय की ताला बंदी कर धरना प्रदर्शन करेंगे। जिसकी पुर्ण जवाबदेही प्रबंधन की होगी। धरना में रैतय देवराज गंझू, संतोष गंझू, संजय गंझू, रोशन गंझू, बलदेव गंझू, मंतोष गंझू, सोनू गंझू, चंद्रमणि गंझू, सुखदेव गंझू, दशरथ गंझू, बलराम गंझू, दीपक गंझू सहित अन्य ग्रामीण बैठे है।

## मानकी बस्ती में रैयती एवं जंगल में बन रहा पीसीसी पथ, ग्रामीणों ने किया विरोध

**खलारी (आजाद सिपाही)।** खलारी प्रखंड के मानकी बस्ती के समीप डीएमएफटी फंड से वन भूमि एवं रैयत की जमीन पर सड़क बनाने का मामला प्रकाश में आया है। ग्रामीणों ने बताया कि डीएमएफटी फंड से डकरा पेट्रोल पंप पीछे से सुखदेव महतो के घर तक 1750 फिट पीसीसी पथ निर्माण कार्य किया जा रहा है। यह पीसीसी पथ कुछ रैयती जमीन और जंगल में बनाया जा रहा है। ग्रामीणों ने रैयती भूमि को लेकर ठेकेदार को अवगत कराया था लेकिन कोई सुनवाई नही हुई। इस संबंध में ग्रामीणों ने ट्वीट कर इसकी जानकारी रांची उपायुक्त एवं मुख्यमंत्री, सांसद सहित कई लोगों को दिया है। ग्रामीणों के अनुसार गैरजरूरी सड़क पर इस फंड का दुरुपयोग किया जा रहा है। इस संबंध में ठेकेदार एवं विभागीय अधिकारियों से पक्ष लेने का प्रयास किया गया लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो पाया है।

## टीसीपीएल का काम आज से अनिश्चितकालीन बंद करायेगा मोर्चा

आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी (आजाद सिपाही)।** रैयत विस्थापित मोर्चा के द्वारा 16 जनवरी से अनिश्चितकालीन टीसीपीएल को बंद किया जायेगा। मोर्चा के अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता ने बताया कि जॉय माईनिंग एवं बीकेबी, मधुकॉन प्रोजेक्ट ने मोर्चा के साथ वार्ता की है और रोजगार पर सकरात्मक पहल करने का आष्वासन दिया है। मोर्चा ने कहा कि टीसीपीएल के द्वारा रोजगार पर कोई सकरात्मक पहल नहीं किया गया। इसलिए टीसीपीएल कंपनी का काम बंद कराया जायेगा। मोर्चा ने कहा कि अब रैयत विस्थापितो के रोजगार पर कोई समझौता नहीं किया जायेगा।

इस मौके पर एरिया अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता, जालिम सिंह, विनय खलखो, राम लखन गंझू, नरेश गंझू, प्रकाश महतो, प्रभाकर गंझू, शिवनारायण लोहरा, रामधारी गंझू, सुनील यादव, भरत महतो, आनंद तुरी, संतोष महतो सहित कई लोग मौजूद थे।

## खलारी कोयलांचल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया मकर संक्रांति का पर्व



**खलारी (आजाद सिपाही)।** खलारी में सोमवार को मकर संक्रांति का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर कई लोगों ने नदी तथा तालाबों में जाकर स्नान किया। इसके बाद मंदिरों में जाकर पूजा करके दान पुण्य किया। खलारी स्थित पहाड़ी मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। वहीं लोगों ने मकर संक्रांति पर दही-चुड़ा तथा तिलकुट का सेवन किया। बच्चों ने पंतगबाजी किया। खलारी डकरा सहित क्षेत्र के अन्य जगहों पर लगी तिलकुट की दुकानों में तिलकुट खरीदने वालों की भीड़ रही। जहां पर तरह तरह के तिलकुट से बने सामानों की बिक्री हुई।

# अयोध्या धाम पैदल निकले पिता-पुत्री का बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** अयोध्या धाम दर्षन के लिए बुढ़मू प्रखंड के सारले गांव के रहने वाले कृष्णा सिंह और उनकी पुत्री अंकिता कुमारी पैदल निकले है। सोमवार की सुबह दोनो के खलारी पहुंचने पर बजरंगदल रांची जिला संयोजक बिनोद विष्वकर्मा ने खलारी बजरंग दल के सदस्यों के साथ महावीर नगर के (अमृत नगर) में माला पहना कर दोनों का जोरदार स्वागत किया। साथ ही पिता कृष्णा सिंह को भगवा गमछा और छोटी बच्ची अंकिता कुमारी को चुनरी ओढ़ाकर सम्मानित भी किया गया। जिसके बाद स्थानीय मंदिर में दोनों को पूजा करवाया गया। वहीं पूजा के बाद सभी बजरंग दल कार्यकर्ता दोनों के साथ पैदल चल कर खलारी बैंक चैक तक गए। जहां पर दोनों को आगे की यात्रा की मंगल कामना करते हुए विदा किया गया। इस मौके पर बजरंग दल खलारी प्रखंड संयोजक अमित लोहरा, दीपक तूरी, ऋतिक, दीपु साव, विनीत कुमार, भरत प्रजापति, मनोज कुमार, मिथलेश कुमार, विक्की कुमार, विजय कुमार, किशन कुमार, रवि कुमार, बजरंगी कुमार, करण कुमार, आकाश कुमार, दीपक तुरी, बंटी कुमार, सत्यम कुमार, विशाल कुमार, यश कुमार, दीपक लोहरा, कुणाल कुमार, रेबेल साव, प्रकाश कुमार, अंकित कुमार सहित काफी संख्या में रामभक्त मौजूद थे।



## महत्वपूर्ण खबरें

### ग्रामीणों के साथ विधायक ने की शिव मंदिर परिसर की साफ-सफाई



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** भाजपा के आह्वान पर तोरपा के भाजपा विधायक कोचे मुंडा ने पर्ट्टी कार्यकर्ताओं और ग्रीणों के साथ सोमवार को सुंदारी गांव स्थित शिव मंदिर परिसर की सफाई की। साथ ही उन्होंने अयोध्या से आये पुजित अक्षत का वितरण ग्रामीणों के साथ किया। मौके पर ग्रामीणों को संबोधि करते हुए विधायक ने कहा कहा कि जीवन में साफ-सफाई का बहुत बड़ा महत्व है। जहां साफ-समाई होती है, वहीं ईश्वर का वास होता है। यहीकारण है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरे देश में स्वच्छता अभियान की शुरूआत की है। उन्होंने कहा कि जब हम अपने घर-आंगन और गांव को साफ सखेंगे, तो हम कई तरह की बीमारियों से बच सकते हैं। अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह की चर्चा करते हुए विधायक ने कहा कि यह हमारा सौभज्ञग्य है कि हम इस ऐतिहासिक पल के साक्षी बनने जा रहे हैं। डन्होने कहा कि लाखों लोगों के बलिदान के लगभग साढ़े पांच सौ साल के अत्रबादयह सौभाग्य हें मिला है। उन्होंने कहा कि सभी गावों में उस दिन मंदिरों को सजाना है और दिवाली मनानी है। मौके पर विश्व हिंदू पिश्ष परिषद के संयोजक गौझूप्रधान, संतोष त्रिपाठी, कमल सिंह, एमपी सिंह, वीरेंद्र साहू सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थै।

### आस्था की डुबकी लगा कर मनायी मकर संक्रांति

**ईचागढ़ (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के महादेव बेड़ा जरगोडीह, नदीसाई, पातकुम, ईचागढ़, खोखरो, टिकर आदि नदी तट में सोमबार को आस्था की डुबकी लगा कर मकर संक्रांति मनाया गया।लोग सुबह से ही अपने घर से गुड़ पीठा, चीनी पीठा, मसाला पीठा तथा अन्य खाने का सामान ले कर स्वर्णरिखा नदी ओर करकरी नदी किनारे पहुंच कर नहाया ओर नदी किनारे स्थित महादेव बाबा को पानी चढ़ा कर अपने ओर परिवार के लिए सुख शांति हेतु प्रार्थना किया। वही प्राचीनकालीन शिव मंदिर जरगोडीह के परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का उद्घाटन मुखिया नयन सिंह मुंडा ने फीता काट कर किया।झाड़ ग्राम से आये उषारानी महतो झूमर मंडली ने मेला के दर्शक को झुमाया। ओर आठ टीमें के बीच फुटबॉल खेल का भी आयोजन किया गया। मौके पर आजसू प्रखंड अध्यक्ष गोपेश कुमार महतो, सुकदेव साव,सुबोध राय, दिगंबर सिंह मुंडा, निमाई चंद्र महतो आदि उपस्थित थे।

### हाथियों ने जगदीश लोहरा के घर को किया क्षतिग्रस्त

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** बुंडू प्रखंड के हुमटा पंचायत स्थित गितिलडीह गांव में बीती रात हाथियों के झुंड ने जगदीश लोहरा के घर को क्षतिग्रस्त कर दिया एवं सहदेव मुंडा के एक एकड़ खेत में लगे आलू को नष्ट कर दिया बुंडू प्रखंड के प्रमुख राजकुमार बिंजिया पीड़ित परिवार के मुलाकात कर चावल दाल तेल गुड का सहयोग प्रदान किया एवं वन विभाग से पीड़ित परिवार को जल्द से जल्द मुआवजा देने की मांग की ज्ञात होगी इन दिनों बुंडू प्रखंड में 50 की संख्या में हाथियों का झुंड आया हुआ है हाथियों के झुंड आने से ग्रामीणों में भय व्याप्त है

### फुटबॉल खेल और मुर्गा लड़ाई प्रतियोगिता



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** नगर पंचायत के नावाडीह टोली स्थित पगला बाबा आश्रम परिसर में एक दिवसीय टुसू मेला फुटबॉल खेल सह मुर्गा लड़ाई प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस मेले में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक विकास कुमार मुंडा ने अपने संबोधन में कहा टुसू पर्व हमारी सांस्कृतिक पहचान है मेला पर्व त्योहार से लोगों में आपसी मेल-जोल बढ़ता है। टुसू मेला में महिला पुरुष चौड़ल लेकर ढोल नगाड़े संगीत के साथ नाचते-गाते देखे गये। मेला में हजारों लोगों ने आनंद उठाया.फुटबॉल खेल के फाइनल खेल प्रतियोगिता में एफसी टीम हुमटा 1-0 गोल से एफसी कोटा 11 टीम बुंडू को को हराया। मुख्य अतिथि के हाथों से विजेता और उपविजेता टीम को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा मुर्गा लड़ाई के प्रतियोगिता में विजेता टीमों को आकर्षक इनाम दिया गया। इस मौके पर शंभू महतो, संतोष गोराई, दिलीप महतो राकेश गोराई आदि मौजूद थे।

### मोहननगर में मां वत्सला भवानी की प्रतिमा विधि-विधान से पूजन कर हुआ विसर्जन



**खलारी (आजाद सिपाही)।** मां वत्सला भवानी की प्रतिमा का पूरे विधि विधान से पूजन कर सोमवार को मोहननगर स्थित सीएचपी छठ तालाब में विसर्जन कर दिया गया। प्रतिमा विसर्जन के साथ ही मां वत्सला भवानी पूजन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। पूजा में क्षेत्र के सभी लोगो को सहयोग करने के लिए एनके एरिया नोनिया चैहान एकता मंच के द्वारा धन्यवाद देते हुए आभार प्रकट किया गया। प्रतिमा विसर्जन में मुख्य रूप से कृष्णा चैहान, नंदलाल चैहान, कमलेश चैहान, सुधीर चैहान, अजय चैहान, बुटन चैहान, अवधेश चैहान, रामाशीष चैहान, सीताराम चैहान, प्रवीण चैहान श्यामजी महतो, डॉ.राजकुमार, दिलीप चैहान, रमेश चैहान, सुरेंद्र नोनिया, राजेन्द्र नोनिया, अनिरुद्ध नोनिया सहित कई लोग शामिल हुए।

### आश्वासन के बाद यूसीडब्ल्यू असंगठित का 17 जनवरी को घोषित धरना स्थगित

**खलारी (आजाद सिपाही)।** यूसीडब्ल्यू के द्वारा असंगठित मजदूरों के सीएमपीएफ भुगतान हेतु 17 जनवारी को घोषित धरना कार्यक्रम एनके एरिया एसओपी ज्योति कुमार से सकारात्मक वार्ता के बाद स्थगित कर दिया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए यूसीडब्ल्यू के असंगठित एनके एरिया अध्यक्ष जितेंद्र सिंह ने कहा कि असंगठित मजदूरों के प्रति सीसीएल एनके प्रबंधन एवं यूसीडब्ल्यू ईमानदारी से प्रयास कर रहा है। साथ ही सभी असंगठित मजदूर एक होकर कोल नीति के साथ उत्पादन में सहयोग करें। वहीं मजदूर नेता अशोक राम ने कहा कि एसओपी द्वारा दिए गए समय में यदि प्रबंधन कोई सकारात्मक पहल नहीं करती है तो अनिश्चितकाल धरना प्रदर्शन किया जायेगा, जिसकी सारी जिम्मेदारी एनके प्रबंधन की होगी।

# 22 जनवरी को ऐतिहासिक होगी शोभायात्रा और दीप उत्सव : अरुणा शंकर






आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नगर निगम की प्रथम महापौर अरुणा शंकर के सौजन्य से पलामू चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के नेतृत्व में 22 जनवरी को अयोध्या में श्री रामलाल के प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर मेदिनीनगर में भी शाम चार बजे गीता मंदिर के प्रांगण से रथ पर सवार राम, सीता, लक्ष्मण एवं हनुमान जी की झांकी के साथ भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी। जो गीता मंदिर से होते डॉ राजेंद्र प्रसाद चौक, डाबर रोड, पचमुहान, बाटा रोड, घास पट्टी होते हुए कोयल रिवर फ्रंट गंगा आरती के मंच तक जाएगी। वहां शाम छह बजे विशेष आरती, आतिशबाजी एवं हर घाट पर हजारों दीप जलाए जाएंगे। कार्यक्रम के प्रोजेक्ट चेयरमैन राकेश सोनी एवं आलोक माथुर ने बताया कि इस शोभा यात्रा में कोलकाता से दीप एवं अबीर गुलाल के साथ नृत्य करने वाली कई महिला कलाकारों को बुलाया गया है। शोभा यात्रा में कई लंगूर होंगे। आगे-आगे बाइक पर महाराष्ट्रीयन लड़कियां श्रीराम का ध्वज लेकर चलेंगी। कई महात्मा शंख बजाएंगे। बंगाल से बंगाली महिला झांकी नृत्य एवं स्थानीय आदिवासी नृत्य झांकी की शोभा होगी। कोयल रिवर फ्रंट में आरती के बाद दिल्ली और कानपुर से आए कलाकारों द्वारा सीता स्वयंवर, राधा-कृष्ण की होली, राज्याभिषेक, शिव तांडव की प्रस्तुति एवं मशहूर गायिका इशरत जहां द्वारा भजन का कार्यक्रम होगा। शोभा यात्रा एवं कार्यक्रम के अतिथि पलामू सांसद वीडी राम, प्रथम महापौर अरुणा शंकर, विधायक, भाजपा जिला अध्यक्ष, मंच मोर्चा एवं शहर के कई प्रतिष्ठित गणमान्य लोग होंगे। उक्त आयोजन को लेकर सोमवार को हुई बैठक की अध्यक्षता कर रहे चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर ने बताया कि 22 जनवरी का दिन हम सभी सनातनी माताएं, बहने एवं भाइयों के लिए ऐतिहासिक है। जो अपने जीवन में श्रीराम को वापस गर्भ गृह आते देखेंगे। कार्यक्रम की विशेष तैयारी की जिम्मेदारी रिंकू दूबे, प्रेम जायसवाल, अमिताभ मिश्रा, विक्रांत एवं चेंबर महिला शाखा को सौंपा गया है।

# हर त्योहार हम लोगों को कुछ न कुछ सिखा कर ही जाता है: अनिवाश देव

**संत मरियम छात्रावास परिसर में हर्षोल्लास से मनाया गया मकर संक्रांति का त्योहार**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नावाटोली स्थित संत मरियम छात्रावास परिसर में रहकर शिक्षा ग्रहण करने वाले सैकड़ों बच्चों को यह महसूस ना हो कि मकर संक्रांति की खुशी व उत्साह के त्योहार में वे अपने परिवार से दूर रहकर निरुत्साह है। उपरोक्त तथ्यों को ध्यान में रखते हुए सोमवार को छात्रावास परिसर में मकर संक्रांति का पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव, प्रधानाध्यापक कुमार आदर्श, छात्रावास अधीक्षक उत्कर्ष देव के साथ-साथ सभी कर्मचारी व बच्चों ने एक साथ बैठकर तिलकुट, लाई, दही, चूड़ा आदि ग्रहण किया। इस अवसर पर अविनाश देव ने बताया कि साल के पहले त्योहार से शुरूआत हो रहे सूर्य का यह पर्व हमारे जीवन में ज्ञान, उमंग, ऊर्जा, विचार का भंडार लेकर आता है। भारत के अलग-अलग हिस्से में यह अलग-अलग नामों से मनाया जाता है। यह पर्व विविधता भरे देश में लोगों के बीच आपसी एकता अखंडता और भाईचारा स्थापित सुनिश्चित करता है। आज पूरे भारतवर्ष में घर के सभी सदस्यो के साथ सामूहिक रूप से दही, चूड़ा लाई और तिलकुट खाकर यह पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। अविनाश देव ने बताया कि प्रत्येक त्योहार निश्चित रूप से हमे बहुत कुछ सिखाते है। बस आवश्यकता है उसके पीछे के तथ्यों और अच्छे विचारों को अपने जीवन में आत्मसात करने की।




## पांकी विधायक ने मेला में किया सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन

# सभी को मिलेगी सहूलियत

## विधायक मद से किया विवाह मंडप का शिलान्यास

आजाद सिपाही संवाददाता

**पांकी/पलामू।** तरहसी प्रखंड के बांस गुरु में मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर लगने वाले मेले में सोमवार को इस साल भी जनसैलाब उमड़ पड़ा। मेला में पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता के पहुंचते ही मेला समिति के सदस्यों ने फूल माला पहना कर जोरदार स्वागत किया। वही आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम के डॉ शशिभूषण मेहता ने फिता काट कर शुरुआत किया। कलाकारों ने एक से बढ़कर एक गीत प्रस्तुत किया। उन्होंने विधायक मद के राशी से विवाह मंडप का नारियल फोड़कर शिलान्यास किया और शिव मंदिर में पूजा पाठ कर क्षेत्रवासियो के लिए अमन चैन एवं सुख शांति के लिए पूजा की। मौके पर प्रोफेसर बचन ठाकुर, कमेश यादव, मुखिया पति अनुज सिंह, सुरेंद्र शुक्ला, समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह, संजय प्रसाद, वीरेंद्र प्रभाकर, शशिभूषण पासवान, विपिन बिहारी प्रसाद, डॉ रंजीत महतो, अजय सिंह, परमेश्वर साव, देवराज कुमार, सतीश कुमार आदि थे।



विवाह मंडल निर्माण का शिलान्यास करते पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता।

# ग्रासिम इंडस्ट्रीज सामाजिक दायित्व का भी करता है निर्वहन : हितेंद्र अवस्थी

**बीसीसीएल जन सेवा ट्रस्ट ने 500 जरूरतमंदों में कंबल बांटा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर/पलामू।** ग्रासिम इंडस्ट्रीज रेहला सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग व बीसीसीएल जन सेवा ट्रस्ट ने इस वर्ष भी मकर संक्रांति के अवसर पर गरीब व जरूरतमंद लोगों के बीच 500 कंबल और गुड़ा-चूड़ का वितरण समारोह का आयोजन बेलचंपा व्यवसायिक केंद्र में किया गया था। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्रासिम इंडस्ट्रीज के इकाई प्रमुख हितेंद्र अवस्थी व संचालन जन सेवा ट्रस्ट के अनिल गिरी ने किया। संस्थान प्रमुख हितेंद्र अवस्थी ने कहा कि ग्रासिम इंडस्ट्रीज हमेशा से अपने सामाजिक दायित्व का निर्वहन करता रहा है। आसपास के क्षेत्र में सामाजिक व आर्थिक विकास के लिए दृढ़ संकल्पित है। इसी संकल्प के तहत स्वास्थ, शिक्षा, सामाजिक सरोकार, जरूरतमंदों की मदद सहित कई कार्य किये जाते है। कहा कि जनसेवा ट्रस्ट स्थानीय महिलाओं व युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए दर्जनों स्वयं सहायता समूह का गठन करते हुए सभी को प्रशिक्षित कर स्वरोजगार से जोड़ चुका है। वहीं, अनिल गिरी ने भी सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग द्वारा किए जाने वाले कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। बताया कि इस वर्ष कुल 1500 कंबल वितरित करने का लक्ष्य है। मौके पर लायजन हेड नितेश पाण्डेय आदि मौजूद थे।



# उर्दू शिक्षक पद समाप्ति का निर्णय वापस नहीं लिया, तो आंदोलन : मशरुर अहमद

**यूनाइटेड मिल्ली फोरम एवं आइडियल टीचर्स एसोशिएशन की हुई संयुक्त बैठक**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** यूनाइटेड मिल्ली फोरम एवं ऑल इंडिया आइडियल टीचर्स एसोसिएशन की संयुक्त बैठक सोमवार को शह के मेहदीनगर स्थित निवर्तमान नगर उपाध्यक्ष ग्यासुद्दीन सिद्दीकी के आवास पर हुई। जिसकी अध्यक्षता अब्बास अंसारी और संचालन शिक्षक जुबैर अंसारी ने किया। कांग्रेस नेता मशरुर अहमद ने बताया कि झारखंड सरकार के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा जारी प्रोन्नति नियमावली 2024 के प्रारूप (ड्राफ्ट) 2 (1) में उल्लिखित उर्दू शिक्षक के पद को समाप्त कर दिया जाएगा। यह निंदनीय है। इस प्रस्ताव को सरकार वापस ले अन्यथा बाध्य होकर बृहत आंदोलन किया जाएगा। वहीं, निवर्तमान नपं उपाध्यक्ष गयासुद्दीन सिद्दीकी ने कहा कि पूर्व में भी 543 उर्दू स्कूलों का स्टेटस छीनकर उन्हें सामान्य विद्यालय बना दिया गया। यह निर्णय भी वापस हो। वहीं, अब्बास अंसारी ने राज्य सरकार के शिक्षा विभाग से विद्यालय शिक्षक प्रोन्नति नियमावली 2024 से उर्दू पद समाप्त करने के प्रावधान को हटाने की मांग करते हुए प्रारंभिक विद्यालय के लिए खाली पड़े पद पर शिक्षक नियुक्ति नियमावली 2012 के अनुसार बहाली की मांग की। बैठक में इजहार अंसारी, मौलवी अब्दुल रहीम, मो अली, ताहिर अली, मुजफ्फर हुसैन और शकील अहमद आदि मौजूद थे।



## महत्वपूर्ण न्यूज

### निवर्तमान नगर अध्यक्ष ने पार्षदों के साथ उठाया वनभोज का आनंद

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। नगर पंचायत के निवर्तमान अध्यक्ष शशि कुमार के साथ पार्षदो ने सोमवार को देवरी सोननदी के तट पर वनभोज का आनंद उठाया। नगर अध्यक्ष ने पार्षदों के साथ स्नानदान कर पूजा अर्चना की। इसके बाद नौका बिहार का आनंद उठाया और शहर के विकाश को लेकर चर्चा की। उन्होंने शुद्धता व प्रकृति की पूजा से समर्पित मकरसंक्रांति पर्व पर क्षेत्रवासियों के जीवन में सुख समृद्धि की कामना की। मौके पर निवर्तमान वार्ड पार्षद अखिलेश यादव, सुहैल आलम, उमा देवी, अर्जुन गुप्ता, ज्ञानंजय कुमार, पार्षद पति संतोष शर्मा, सूर्यनाथ पासवान, अजय गुप्ता, अनवर आलम, सुरेंदर पासवान, डॉ अजय कुमार आदि मौजूद थे।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होने से बढ़ता है आपसी भाईचारा : कर्नल संजय



हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के दंगवार ओपी अंतर्गत श्री सूर्य मंदिर मेला कमेटी के तत्वधान में मकरसंक्रांति के शुभ अवसर पर सोमवार को आयोजित भक्ति जागरण सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन भाजपा सैन्य प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सह किसान ब्रिगेड संरक्षक कर्नल (डॉ) संजय कुमार सिंह ने किया। कर्नल संजय सिंह ने कहा कि सूर्य मंदिर मेला कमेटी दंगवार प्रति वर्ष मेला के आयोजन में अपने नाम के अनुरूप बेहतर कार्य कर रहा है जो सराहनीय कदम है। यहां के लोगों ने वर्षो से अयोजित होती आ रही मेला को शांति पूर्वक सफल बनाया है। एक ओर सांस्कृतिक कार्यक्रम से लोगों का जहां मनोरंजन होता है वहीं दूसरी ओर लोगों के ज्ञान में वृद्धि होती है और आपसी भाइचारे भी बढ़ता है। उन्होंने उपस्थित लोगों से 22 जनवरी को अपने-अपने घरों, मंदिरों आदि में दीप जलाने का अनुरोध किया। मौके पर मेला कमेटी के अध्यक्ष वकिल सिंह, मनोज प्रसाद गुप्ता, विवेक गुप्ता, राजकुमार मेहता, संतलाल चौधरी, राकेश चौधरी, प्रमोद पासवान, बद्रीनारायण सिंह, मृत्युंजय सिंह आदि मौजूद रहे।

### ओबीसी एकता अधिकार रथ यात्रा की तैयारी पूरी, आज टाउन हॉल से निकलेगी रथयात्रा



मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। शहर के आरडीएस रामाडा होटल में पिछड़ा वर्ग एकता एवं अधिकार मंच के संयोजक मंडल की ओर से संयोजक समाज सेवी ब्रह्मदेव प्रसाद एवं रामदास साहू, युगल पाल, अशर्फी चंद्रवंशी, अजय वर्मा ने संयुक्त रूप से प्रेस वार्ता किया। मंच की ओर से पलामू मंडल स्तरीय महासम्मेलन के तैयारी की जानकारी देते हुए बताया गया कि पिछड़ा वर्ग के साथ किए गए सौतेला व्यवहार से खासकर युवा वर्गों में काफी आक्रोश है। मुझे पूरा विश्वास है कि यह कार्यक्रम ऐतिहासिक होगा। इस कड़ी में 16 जनवरी को मेदिनीनगर टाउन हॉल में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के प्रतिमा पर एवं समाज में जन्में महापुरुषों के प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर पिछड़ा वर्ग एकता एवं अधिकार रथ यात्रा को मंच की ओर से हरी झंडी दिखाकर प्रमंडल के गांव-गांव अपनी मांगों के समर्थन अपने समाज को गोलबंद का आगामी 11 फरवरी को शिवाजी मैदान में महासम्मेलन में आने सादर आमंत्रण किया जाएगा। प्रेस वार्ता में विनोद कुमार, शंकर विश्वकर्मा, राज नारायण पटेल, रवि पाल, सतीश कुमार, शैलेश चंद्रवंशी, ललन साहू, अजय प्रसाद, राजा गुप्ता, बृजनंदन मेहता, जंगाली महतो और भोला साहू आदि थे।

### हमारा संकल्प विकसित भारत के तहत नगर पंचायत में कार्यक्रम आयोजित



हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम के तहत सोमवार को शहर के टाउन हॉल में हुसैनाबाद नगर पंचायत की ओर से कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें केंद्र प्रायोजित योजना शहरी आवास, प्रधानमंत्री स्वनिधि, स्वच्छता मिशन आदि के विषय में जानकारी दी गई। इस दौरान लाभार्थी इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिए। इस अवसर पर लाभुकों के जीवन शैली में कैसे योजना को प्राप्त कर बदलाव आये इस विषय पर चर्चा की गई।

### मिशन समृद्धि संस्था ने चूड़ा-गुड़ का वितरण किया



मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। मिशन समृद्धि संस्था की ओर से संचालित समृद्धि की रोटी अभियान के तहत शनि मंदिर के आसपास और अंबेडकर पार्क के सामने दोना-पत्तल दातून बेचने वालों के बीच मकर संक्रांति के अवसर पर सोमवार को चूड़ा गुड़ का वितरण किया गया। मेदिनीनगर के एक आदर्श और समाज सेवा की भावना से ओत-प्रोत दंपति का आशीर्वाद और सहयोग मिलने से मिशन समृद्धि संस्था अपने को मजबूत पा रही है और जरूरतमंदों के लिए और भी तादाद में सेवा देने में अपने को सक्षम पा रही है। इसके अतिरिक्त उनका झुकाव बच्चों की शिक्षा के प्रति बहुत ही ज्यादा है। उनके सहयोग से ही जरूरतमंदों के बीच भरपूर कंबलों और मोजों का वितरण भी किया गया। जरूरतमंदों के बीच अवसर के अनुसार वस्तुएं दी जाती रही है। हम सहायता करने वालों के प्रति सहृदय आभार व्यक्त करते हैं और सहयोगियों जिनके प्रयासों से यह सारा कार्य संपन्न होता है इसके लिए बैजंती गुप्ता, वंदना श्रीवास्तव, वीणा गुप्ता, शिल्पी गोस्वामी, रंजीता लीलावती, शैलेंद्र कुमार और ऋषि कुमार का भी आभार व्यक्त किया गया।

## स्पोर्ट्स



कर्नाटक के बल्लेबाज प्रखर चतुर्वेदी ने कूच बिहार ट्रॉफी के फाइनल में मुंबई के खिलाफ नाबाद 404 रन की पारी खेली। ऐसा करने वाला वह वहला खिलाड़ी भी बन गया है।

## कीर्तिमान : अंडर-19 टूर्नामेंट में 400 से अधिक रन बनानेवाले बने पहले खिलाड़ी

# प्रखर चतुर्वेदी ने कूच बिहार में बनाये नाबाद 404 रन

**युवराज सिंह का 25 साल पुराना रिकॉर्ड भी तोड़ा**

**शिवमोग्गा (एजेंसी)।** कर्नाटक के बल्लेबाज प्रखर चतुर्वेदी ने कूच बिहार ट्रॉफी के फाइनल में मुंबई के खिलाफ नाबाद 404 रन की पारी खेली। वे इस अंडर-19 क्रिकेट टूर्नामेंट में 400 से अधिक रन बनाने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं। चतुर्वेदी ने युवराज सिंह का 25 साल पुराना रिकॉर्ड भी तोड़ दिया है। युवराज ने 1999 में बिहार के खिलाफ एक मैच में पंजाब के लिए 358 रन बनाए थे। इसमें भारत के पूर्व कप्तान एमएस धोनी बिहार टीम का हिस्सा थे। शिवमोग्गा के केएससीए नेवले स्टेडियम में प्रखर की पारी की बदौलत मैच ड्रॉ रहा और कर्नाटक ने पहली पारी में 510 रन की बढ़त के आधार पर ट्रॉफी अपने नाम की। कूच बिहार ट्रॉफी अंडर-19 खिलाड़ियों के लिए इंडिया का फर्स्ट क्लास डोमेस्टिक टूर्नामेंट है।



### पारी के दौरान प्रखर ने लगाये 46 चौके

प्रखर पारी घोषित होने तक नाबाद रहे। उन्होंने 638 गेंदों पर 46 चौके और तीन छक्के लगाए। उनकी मदद से कर्नाटक की टीम 223 ओवरों में 8 विकेट के नुकसान पर 890 रनों का विशाल स्कोर बनाने में कामयाब रही।

### राहुल द्रविड़ के बेटे समित ने बनाये 22 रन

मैच में भारतीय क्रिकेट टीम के हेड कोच राहुल द्रविड़ के बेटे समित द्रविड़ ने भी 5वें नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए 46 गेंदों पर 22 रन बनाए। समित ने गेंदबाजी करते हुए दो विकेट भी लिए। टीम के हर्षिल धमानी पारी के दूसरे शतकवीर थे, जिन्होंने 228 गेंदों पर 19 चौकों और 5 छक्कों की मदद से 169 रन बनाए। प्रखर ने दूसरे विकेट के लिए उनके साथ 290 रन जोड़े।

### द्रविड़ के दोनों बेटे प्रोफेशनल क्रिकेटर

द्रविड़ के दो बेटे हैं और दोनों ही प्रोफेशनल क्रिकेट खेल रहे हैं। बड़े बेटे समित, जो इस साल की शुरूआत में 18 साल के हो गए, वीनू मांकड़ ट्रॉफी में कर्नाटक के लिए खेले थे। दूसरी ओर, उनके छोटे बेटे अन्वय कर्नाटक अंडर-14 टीम के कप्तान हैं। वहीं, फाइनल में कर्नाटक ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का फैसला लिया। मुंबई के सलामी बल्लेबाज आयुष म्हात्रे के 145 रनों की मदद से टीम ने 380 रन बनाए। प्रखर चतुर्वेदी ने 404 रन की पारी खेलकर कर्नाटक का स्कोर पहली पारी में 510 रन तक पहुंचाया। चौथे दिन पारी घोषित करने के बाद दोनों टीमों के बीच मैच ड्रॉ हो गया। पहली पारी में बढ़त लेने के कारण कर्नाटक इस सीजन में कूच बिहार ट्रॉफी का चैंपियन घोषित किया गया।

## बेरा में कुष्ठ पीड़ित परिवार के बीच बंटा तिलकुट-चूड़ा

धनसार (आजाद सिपाही)। मकर संक्रांति के अवसर पर बीसीसीएल महिला दीक्षा मंडल के निर्देश पर बस्ताकोला क्षेत्र महिला मुस्कान समिति के सदस्यों ने कुष्ठ कॉलोनी बेरा में कुष्ठ परिवार के बीच तिलकुट, चूड़ा व मिठाई का वितरण किया। समिति की अध्यक्ष राजश्री राय ने करीब 40 परिवार को खाद्य सामग्री देकर मकर संक्रांति की बधाई दी। कहा कि समिति की महिला सदस्य जरूरतमंद लोगों की सेवा में तत्पर रहती हैं। इस दौरान स्वास्थ्य जागरूकता के प्रति अपील करते हुए बस्ती के लोगों के बीच मच्छरदानी का भी वितरण किया गया। मौके पर मंजू शर्मा, भगवती कुंडू, डेजी कश्यप और नीता बाग आदि थीं।

## लायंस क्लब एवं अलंकार ज्वेलर्स ने किया कंबल वितरण

कतरास (आजाद सिपाही)। लायंस क्लब कतरास एवं श्री अलंकार ज्वेलर्स के संयुक्त तत्वाधान में सोमवार को मकर संक्रांति पर कतरास स्टेशन प्रांगण में जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण किया गया। मौके पर लायंस क्लब के डॉक्टर स्वतंत्र कुमार, शैलेश बर्मन विभूति सिंह अमित संजय नरेश साव आदि उपस्थित थे।

**कार्रवाई : कुरियर सर्विस वाला बन कर किराये पर ले रखे थे मकान**

# 16 साइबर फ्रॉड गिरफ्तार

**मौके से 45 मोबाइल फोन, 13 सिमकार्ड, 1300 कूपन व 3000 विनर लेटर बरामद**

### पटना में बैठ कर सुमित नामक आरोपित करता है गिरोह का संचालन

आजाद सिपाही संवाददाता



पुलिस की गिरफ्त में सभी 16 साइबर फ्रॉड आरोपित।

**बोकारो।** बारी और मनमोहन कोऑपरेटिव के आवासों में छापा मारकर बोकारो पुलिस ने कुल 16 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस की मानें तो सभी आरोपित आवास किराये पर लेकर साइबर फ्रॉड करते थे। पकड़े गए सभी लोग बिहार के विभिन्न जिलों नालंदा, नवादा, जमुई और शेखपुरा आदि के रहने वाले हैं। उनकी उम्र 18 से 30 वर्ष के बीच की है। उनके पास से साइबर अपराध से जुड़े दस्तावेजों के आलावा 100 और 200 के नकली नोट भी बरामद हुए है। इसकी जानकारी डीएसपी सिटी कुलदीप कुमार ने दी। वे सोमवार को आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक प्रियदर्शी आलोक को पिछलो कई दिनों से लगातार सूचना मिल रही थी कि बारी कोऑपरेटिव के आसपास किराये के मकानों में रहकर कुछ बाहरी लोगों द्वारा साईबर अपराध जैसी घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है। थाना प्रभारी सेक्टर-12 थाना दुल्ल्ड़ चौड़े की ओर से गुप्त सूचना को अपने स्तर से सत्यापन किया गया तो पता चला कि बारी कोऑपरेटिव के प्लॉट नंबर 119 एवं मनमोहन कोऑपरेटिव के प्लॉट नंबर 647 में उस तरह के कुछ संदिग्ध लड़कों को देखा गया है। इस सूचना से वरीय पदाधिकारी को अवगत कराते हुए रविवार को थाना प्रभारी ने एक छामापारी टीम का गठन कर दोनों प्लॉट स्थित मकानों में छापामारी की। जिसमें बारी कोऑपरेटिव प्लॉट संख्या 119 से पांच और मनमोहन कोऑपरेटिव कॉलोनी स्थित प्लॉट नंबर 647 से कुल 11 व्यक्ति पकड़े गए। इनके पास साईबर अपराध से संबंधित कई दस्तावेज एवं मोबाइल फोन, नकली नोट, पंपलेट और ऑफर लेटर आदि बरामद किया गया है। पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि ये लोग प्रधानमंत्री मुद्रा लोन दिलाने के नाम पर फेसबुक एवं इस्टाग्राम में अपना विज्ञापन पोस्ट करते हैं। जो लोग इस प्रलोभन में आ जाते हैं, उनसे प्रोसेसिंग फीस के नाम पर मोटी रकम की ठगी करते हैं। साथ ही ऑनलाईन खरीददारी करने वाले लोगों का डाटा संग्रह कर ये लोग उन्हें लॉटरी जीतने का झांसा देकर उनके पते पर कुरियर के माध्यम से विनर लेटर एवं कूपन भेजते हैं। जिसमें अंकित हेल्पलाइन नंबर एवं कूपन में स्क्रैच करने पर बार कोड अंकित मिलता है। तब कस्टमर हेल्पलाईन नंबर पर संपर्क करते हैं, जो इनके पास लग जाता है और ईनाम की राशि/वाहन के मुताबिक उनसे प्रोसेसिंग फीस के नाम पर मोटी रकम ठग लिया जाता है। सभी 16 आरोपितों ने बताया है कि उनके सरगना का नाम सुमित है, जो पटना में रहता है। उसी के दिशा- निर्देश में वे लोग सारा काम करते हैं। पकड़े गए आरोपित बारी कोऑपरेटिव में मकान मालिक को कूरियर कंपनी का स्टाफ बता कर मकान किराये पर लिए थे। पुलिस ने आरोपितों के पास से 45 मोबाइल फोन, 13 सिम कार्ड, 1300 कूपन कार्ड, 3000 विनर लेटर, और लेटर भरा लिफाफा आदि बरामद किया। वहीं, छापामारी दल में पुलिस बल सेक्टर-12 थाना प्रभारी दुलड चौड़े, ऋषिकेश दूबे, प्रवीण कुमार गुप्ता, रामेश्वर महतो, भागीरथ महतो, मिथिलेश कुमार दूबे आदि शामिल थे।

# मोदी सरकार से जनता त्रस्त : संतोष सिंह

### कार्यकर्ता समागम का आयोजन, कई लोगों ने थामा कांग्रेस का हाथ

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** कांग्रेस आला कमान के निर्देश पर संगठन सशक्तिकरण को लेकर जिला के सभी विधानसभा में पंचायत एवं वार्ड स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। इसी कड़ी में सोमवार को सिंदरी विधानसभा क्षेत्र के बलियापुर प्रखंड के जगदीश पंचायत गांव में कार्यकर्ता समागम आयोजित कर पंचायत कमेटी का सत्यापन किया गया। बेजा बिंधा कार्यक्रम में तीर धनुष चलाकर अतिथियों ने शुरूआत किया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने जिला कांग्रेस कमेटी के सभी विधानसभा, प्रखंडों एवं नगरों के बूथ स्तर तक पार्टी को धारदार, सशक्त व मजबूत बनाने का संकल्प लिया। इस दौरान मनोज हाड़ी के नेतृत्व में सैकड़ो लोगों ने विभिन्न पार्टियों को छोड़कर कांग्रेस की विचारधारा को अपनाते हुए पार्टी में शामिल हुए। जिला अध्यक्ष ने सभी को स्वागत करते हुए उन्हें हर परिस्थिति में कंधे से कंधे मिलाकर खड़ा होने का आश्वासन दिया। साथ ही पिछले दिनों कांग्रेस पार्टी के नेता सह जिप सदस्य स्वर्गीय संजय कुमार महतो के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त किया गया। संतोष सिंह ने कहा कि देश को बचाने के लिए 2024 का लोकसभा चुनाव कांग्रेस के लिए अहम है। हम सभी को एक जूटता के साथ चुनाव की तैयारी में जुट जाना है। देशहित में किए गए जनकल्याणकारी कार्यों में कांग्रेस का महत्वपूर्ण व उल्लेखनीय योगदान रहा है। उन्होंने केंद्र सरकार की ओलाचने करते हुए कहा कि मोदी सरकार सभी मोर्चे पर विफल रही है। देश को एक चरागाह एवं प्रयोगशाला बनाने का प्रयास चल रहा है। भाजपा के हर फैसले से आम जनता परेशान है। मोदी सरकार में देश की आर्थिक व्यवस्था चरमरा गई है। महंगाई, बेरोजगारी चरम पर हैं। लोग आर्थिक संकटों से जूझ रहे हैं। मोदी सरकार के हर जन विरोधी कार्यों का 2024 में देश की जनता चुनाव के माध्याम से जवाब देगी। संतोष सिंह ने कहा कि राहुल गांधी ने लगभग 4000 किलोमीटर भारत जोड़ो यात्रा के माध्यम से देश में प्रेम, भाईचारा और सद्भावना का संदेश दिया है। वहीं, भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम में देश के लाखों लोग जुड़े और राहुल जी की यात्रा का समर्थन किया। कहा कि अब राहुल गांधी के नेतृत्व में 14 जनवरी से 20 मार्च तक लगभग 6200 किलोमीटर लंबी भारत न्याय यात्रा शुरू की गई है, जो 14 राज्यों के 85 जिलों से होकर गुजरेगी। यह यात्रा आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक न्याय के लिए है। भारत छोड़ो न्याय यात्रा संभवत फरवरी माह के प्रथम सप्ताह में धनबाद प्रवेश करेगी। उक्त कार्यक्रम की तैयारी में जिला कांग्रेस कमेटी मजबूती के साथ जुट गई है। राहुल गांधी के भारत जोड़ो न्याय यात्रा जिले में ऐतिहासिक बनाने का काम करेगी। इस दौरान खेल प्रतियोगिता में शामिल बच्चों को सम्मानित भी किया गया।

मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष राशिद राजा अंसारी, मुखिया रीना देवी, जावेद राजा, राजेश राम, मनोज हाड़ी, अजय कुमार, ईदु अंसारी, रफीक अंसारी, मोती रवानी, प्रदीप उपाध्याय, मंटू मोदक, टिंकू चौधरी, प्रदीप राय, मधुसूदन पंडित, फागु कुम्हार, मोती रवानी, सुफल महतो, शंकर रवानी, महादेव महतो, छोटु महतो, हीरालाल महतो, धीरेन महतो, भृगुनाथ महतो आदि उपस्थित थे।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

## मारवाड़ी युवा मंच धनबाद कोयलांचल शाखा ने मकर संक्रांति पर आयोजित किया पतंग उत्सव



धनबाद (आजाद सिपाही)। मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में सोमवार को माडवाड़ी युवा मंच, धनबाद कोयलांचल शाखा द्वारा पतंग उत्सव का आयोजन किया गया। इस रोचक कार्यक्रम में सभी छोटे-छोटे बच्चों को पतंग और लटाई दे कर उनके चेहरों पर एक खुशी लाने का प्रयास किया। धनबाद कोयलांचल शाखा सचिव शिव शंकर चौधरी ने धनबादवासियों को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जैसे-जैसे पतंगें ऊंची उड़ान भरती हैं, आपके सपने नई ऊंचाइयों तक पहुंचें और आपकी आत्मा हमेशा के लिए स्वतंत्र रहे। तिलकूट की मिठास आपके जीवन को खुशियों से भर दे और अलाव की गर्माहट सारी नकारात्मकता को दूर करे। कार्यक्रम को सफल बनाने में शाखा उपाध्यक्ष संजय अग्रवाल, अमन गोयनका, आदर्श गोयनका एवं अन्य शाखा सदस्यों का विशेष योगदान रहा।

## सामाजिक संस्था स्पंदन ने अनाथ और कुष्ठ आश्रम में वितरित किया चूड़ा-गुड़




धनबाद (आजाद सिपाही)। स्पंदन समाज सेवी संस्था के सदस्यों ने सोमवार को हीरापुर स्थित हिंदू मिशन अनाथ आश्रम और महावीर नगर स्थित बरमसिया कुष्ठ आश्रम में जरूरतमंदों के बीच चूड़ा, गुड़, दही और तिलकुट का वितरण किया। संस्था के सदस्यों ने बताया कि अनाथ आश्रम के लोगों के बीच में संक्रांति के सामग्री बांट कर पर्व का आनंद मिला। जरूरतमंदों के चेहरे पर खुशी देखकर मन में शांति मिली। कार्यक्रम में स्पंदन के बोरनाली सेनगुप्ता, देबदास सेनगुप्ता, अरविंदो बनर्जी, नीलकमल खवास, रिंकू दत्ता, पिंटू हालदार, माला रॉय, रूबी बक्शी, सुपरना पोद्दार, प्रसेनजीत पोद्दार, मीता सरकार, मोलोय सरकार, रानी मल्लिक, सैकत मल्लिक, सुधा मिश्रा, मनीष मिश्रा, राहुल हालदार, बबलू गांगुली, समीरण डे, अमालेदु पाल, सुरजीत पाल आदि मौजूद थे।

# बोलेरो लेकर बकरी चोरी करने पहुंचे चोरों की करतूत कैमरे में कैद, चालक गिरफ्तार

### तीन चोर सहित मास्टरमाइंड फरार, तलाश शुरू





आजाद सिपाही संवाददाता

**महुदा।** भाटडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत महुदा बस्ती स्थित डीआर एग्रो गॉट फर्म में बकरी चुराने के इरादे से रविवार देर रात बकरी चोरों का एक दल बोलेरो लेकर पहुंचा था। हालांकि बकरी चोरों की करतूत सिसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। बतातें चले कि बकरी चोरो ने फर्म के पीछे स्थित बाउंड्री वाल को फांद कर फर्म में घुसे थे, लेकिन फर्म में लगे सिसीटीवी कैमरे से अनजान चोरों की सभी चलकदमी उसमें कैद ही नहीं हुई, बल्कि उनके सभी गतिविधियों को वहां लगे कैमरे से लिंक मोबाइल फोन के माध्यम से फर्म मालिक के परिजनों ने देख भी लिया। इसके बाद घर के अन्य परिजनों सहित आसपड़ोस के लोगों को चोरी की जानकारी देते फर्म पहुंचे। लेकिन लोगों के आने की आहट सुनते ही चोरों ने मुख्य द्वार के दाहिने साइड स्थित बाउंड्री वाल से कूद कर फरार हो गये। इस दौरान ग्रामीणों ने चोरों का पीछा करते मुरलीडीह मोड़ तक गये। तबतक चोर उनके गिरफ्त से फरार हो चुके थे। इस बीच मोड़ पर स्थित बोलेरो वाहन को ग्रामीणों ने धर-दबोचा। आक्रोषित ग्रामीणों द्वारा चालक से सख़्ती से पूछताछ करने पर उन्होंने चोरी से जुडी सभी योजनाओं का खुलासा ही नहीं किया, बल्कि उन्होंने उसी फर्म में पिछले दिनों की गई चोरी का भी जिक्र भी कर दिया। इस दौरान घटना की सूचना पाकर भाटडीह ओपी पुलिस मौके पर पहुंचकर वाहन सहित चालक को अपने गिरफ्त में लेते हुए थाने ले आई। इसके बाद कार्रवाई शुरू कर दी है। वहीं मामले को लेकर फर्म के मालिक महुदा बस्ती निवासी वाहिद अंसारी के पुत्र रिजवान अंसारी ने सोमवार को भाटडीह ओपी प्रभारी को लिखित शिकायत दी हैं। जिसमें उन्होंने वाहन एवं उसके चालक पुटकी निवासी नूनीनाथ राय के पुत्र अरुण कुमार राय सहित इस वारदात में शामिल भेलाटांड रेलवे फाटक निवासी बिल्लू टाइगर, विक्की भुंया, एवं रोहित भुंया सहित बिल्लू टाइगर के जीजा सूरज जो को चोरी की योजना का मास्टरमाइंड बताया हैं। उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने की मांग की हैं। इस संबंध में रिजवान ने बताया कि इससे पूर्व में भी चोरी हो चुकी हैं। उस समय करीब डेढ़ से दो लाख रुपये की बकरियों की चोरी हुई थी। इस बार सीसीटीवी के कारण चोरों का सारा प्लान व्यर्थ रहा। इस बार किसी तरह का कोई नुकसान नहीं हुआ। उन्होंने आगे कहा कि चोरों ने अपने साथ बड़े-बड़े कई लोहे से बने साबल लाये थे जो भागने के क्रम में फर्म में ही छुट गया।

# धनबाद में रिकॉर्ड तोड़ ठंड, 20 साल में पहली बार 5 डिग्री पहुंचा तापमान

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** ठंड में पिछले 20 साल का रिकॉर्ड टूट गया। दो दशक में पहली बार धनबाद का न्यूनतम तापमान 5.4 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया है। झारखंड बनने के बाद जिले में कभी भी न्यूनतम तापमान इतना नीचे नहीं गिरा। लगातार बढ़ रही ठंड की वजह से लोगों की परेशानी बढ़ गई है। पिछले चार दिनों से लगातार ठंड बढ़ रही है और न्यूनतम तापमान नीचे गिर रहा है। तापमान का असर अब दिन में भी दिखने लगा है। खिली हुई धूप के बावजूद दिनभर लोग ठिठुरते रहे। रविवार को अधिकतम तापमान 22.5 डिग्री दर्ज की गई। ज्यादातर लोग सोमवार को मकर संक्रांति मना रहे हैं। सुबह स्नान करने वाले इस त्योहार में लोगों को ठंड से परेशानी झेलनी होगी। रांची मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो 17-18 जनवरी को बारिश की संभावना है। इसके मद्देनजर बोकारो, गिरिडीह में भी बारिश का असर देखने को मिलेगा। बारिश के बाद एक बार फिर से ठंड का असर धनबाद में रहेगा।

# बेहतर कार्य के लिए कतरास मारवाड़ी महिला समिति को मिला प्रथम पुरस्कार

**जमशेदपुर में अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला समिति का दो दिवसीय सम्मेलन संपन्न**

आजाद सिपाही संवाददाता



**कतरास।** अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला समिति का जमशेदपुर में 13 व 14 जनवरी को आयोजित दो दिवसीय अधिवेशन में मारवाड़ी महिला समिति कतरास शाखा की राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरा वाथबाल एवं प्रांतीय अध्यक्ष मंजू खंडेलवाल ने प्रथम पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कतरास मारवाड़ी महिला समिति द्वारा सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में बेहतर काम किये जाने पर प्रथम पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। इससे कतरास मारवाड़ी महिला समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों में हर्ष व्याप्त है। मारवाड़ी महिला समिति के कतरास शाखा के सदस्यों ने पुरस्कृत होने के बाद बताया कि मारवाड़ी महिला समिति आगे भी बेहतर काम करेगी। समाज के शोषित, दलित, पीड़ित महिला के उत्थान में हर संभव सहयोग करेंगी। मारवाड़ी महिला समिति कतरास शाखा की अध्यक्ष प्रियंका चौधरी ने बताया कि यह पुरस्कार मारवाड़ी महिला समिति के पूरे टीम की है। मारवाड़ी महिला समिति हमेशा सामाजिक कार्यों में बढ़-चढकर हिस्सा लेती है और आगे भी आने वाला समय में समाज के प्रति अपना दायित्व निभायेगी। इस मौके पर संगीता जलान, प्रियंका चौधरी, कविता अग्रवाल, रितू अग्रवाल, स्वेता खंडेलवाल, रूपा डंगाईच उपस्थित थी।

## भक्ति एल्बम की शूटिंग में लगे जय श्रीराम के नारे

बोकारो थर्मल/बेरमो (आजाद सिपाही)। डीविसी बोकारो थर्मल स्वामी विवेकानंद क्रीडांगन में सोमवार को भक्ति एल्बम की शूटिंग हुई। जिसे देखने के लिए काफी संख्या में लोग एकत्रित हो गए। यहां बंटू रिकोड्स कंपनी की ओर से भक्ति गीत जयकारा प्रभु का लगाते चलो जय श्रीराम जय जय श्रीराम गाते चलो, एल्बम की शूटिंग चल रही थी। गाने की धुन पर एल्बम में काम करने वाले कलाकार थिरक रहे थे और प्रभु श्रीराम का जयकारा लगा रहे थे। जिसे देखने व सुनने लोगो की भीड़ लग गई। इस संबंध में एल्बम के म्यूजिक डायरेक्टर जितेंद्र पण्डित ने बताए की प्रभु श्रीराम के चरणों में समर्पित हमारी नई भक्ति गीत भक्ति एल्बम, बरसाने वाली राधे म्यूजिक के तर्ज पर यह आधारित है। इस भक्ति गीत को बोकारो थर्मल निवासी संटू कुमार एवं उनकी टीम ने गाया है।

**मकर संक्रांति पर जरीडीह बाजार दामोदर नदी तट पर दो दिवसीय मेले का उद्घाटन**

# मेला हमारी सभ्यता व संस्कृति का अभिन्न अंगः मुखिया





आजाद सिपाही संवाददाता

**जरीडीह बाजार/बेरमो।** मकर संक्रांति के अवसर पर बेरमो कोयलांचल के जरीडीह बाजार श्री श्री महादेव नाथ मंदिर स्थित दामोदर नदी तट पर दो दिवसीय भव्य मेले का आयोजन किया गया. आज पहले दिन सोमवार को मेले का उद्घाटन जरीडीह पूर्वी पंचायत की मुखिया कंचन देवी,जरीडीह पश्चिम की मुखिया देवंती देवी , भाजपा के वरीय नेता डॉक्टर प्रहलाद बरनवाल सहित कई गण्यमन लोगों ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया, मुखिया कंचन देवी और मुखिया देवंती देवी ने कहा मेला हमारी सभ्यता व संस्कृति का अभिन्न अंग है ।यहां 5 दशकों से भी अधिक समय से मेला लगता आ रहा है ।मंदिर कमेटी के सभी सदस्य मेले को सफल बनाने में काफी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं .वहीं स्थानीय गांधीनगर की पुलिस विधि व्यवस्था पर नजर बनाए हुए हैं. महिला, पुरुष श्रद्धालु स्थानीय दामोदर नाथ महादेव मंदिर में पूजा अर्चना कर क्षेत्र के सुख शांति व समृद्धि की कामना की. महिलाओं व बच्चों ने मेले में लगे दुकानों में अपने-अपने उपयोगी सामानों की खरीदारी किया। बच्चे मेले में लगे आकर्षक झूलों का आनंद ले रहे हैं मेले में लोगों ने चाट, चोमीन, गुपचुप सहित कई प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजनो का आनंद उठाया। आज पहले दिन बेरमो कोयलांचल के कुरपनीया, संडे बाजार जारंगडीह, गांधीनगर, चलकारी, झुंजको, बसेरिया सहित विभिन्न क्षेत्रों से हजारों की संख्या में लोग मेले में पहुंचकर मेले का आनंद उठाया. कल मंगलवार को मेले का समापन होगा. प्रत्येक वर्ष की भांति अनुमान है कि कल भारी संख्या में बेरमो कोयलांचल के कोने-कोने से लोग मेले में शामिल होंगे।

# काम करने के दौरान प्रवासी मजदूर की मौत, गांव पहुंचा शव

आजाद सिपाही संवाददाता




**नावाडीह/बेरमो।** नावाडीह प्रखंड अंतर्गत खरपीटो पंचायत के अरगामो निवासी प्रवासी मजदूर बुधन महतो (42) का शव सोमवार की दोपहर उसके पैतृक गांव पहुंचा। शव पहुंचते ही परिजन चीत्कार मारकर रोने लगे। पत्नी, बच्चे व परिजन के रोने से गांव का माहौल गमगीन हो गया। परिजनो ने बताया कि विगत 6 महीना पहले वह काम करने मुंबई गया था। वहां बिल्डिंग लाइन में कार्य करता था। प्रतिदिन की भांति शनिवार को भी अपने अन्य मजदूरों के साथ काम कर रहे थे कि अचानक पांव फिसल जाने से 21वें मंजिल से नीचे गिर गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वह अपने पीछे पत्नी किसनी देवी, पुत्र दीपक कुमार व पुत्री सावित्री कुमारी को छोड़ गया है।

इधर, घटना की सूचना पाकर मद्य निषेध मंत्री बेबी देवी, प्रमुख पूनम देवी, पंसस डीलेश्वर महतो, लोकेश्वर महतो, जयलाल महतो , समाजसेवी विजय महतो, तारो महतो मृतक के घर पहुंचे और परिजनों को ढांढ़स बंधाया। मंत्री ने कहा कि दुख की इस घड़ी में हम सब उनके साथ खड़े है। उन्होंने हर संभव सरकारी मदद का दिलाने का आश्वासन दिया।

# अयोध्या में अरुण योगीराज की बनायी राम लला की मूर्ति स्थापित की जायेगी

## ■ 18 जनवरी को गर्भगृह में रखे जायेंगे श्री रामलला | ■ 22 जनवरी को 12:20 से 1 बजे तक प्राण प्रतिष्ठा

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** अयोध्या में 22 जनवरी को होनेवाली रामलला की प्राण प्रतिष्ठा और उससे पहले के सभी कार्यक्रम की पूरी जानकारी सामने आ गयी है। 22 जनवरी को दोपहर 12.20 से 1 बजे तक प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम होगा। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत और ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्यगोपाल दास अपने विचार रखेंगे। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने सोमवार को जानकारी देते हुए बताया कि मैसूर के शिल्पकार अरुण योगीराज द्वारा बनायी गयी श्री रामलला की मूर्ति को अयोध्या में राम मंदिर में स्थापना के लिए चुना गया है। अरुण योगीराज की बनायी श्री रामलला की मूर्ति 18 जनवरी को गर्भगृह में स्थापित की जायेगी। श्री रामलला की मूर्ति का वजन 150-200 किलोग्राम की होगी। अरुण योगीराज मैसूर के रहनेवाले हैं। उन्होंने केदारनाथ में शंकराचार्य की प्रतिमा बनायी है। दिल्ली के इंडिया गेट पर सुभाष चंद्र बोष की प्रतिमा भी उन्होंने ही बनायी है। सत्तर साल से जिस प्रतिमा की पूजा होती रही है, वह मूर्ति भी मुख्य गर्भगृह में रहेगी।

**मूर्ति निर्माण स्थल से पूजन का शुभारंभ:** श्री रामलला की मूर्ति का जिस कुटिया में निर्माण किया गया, 16 जनवरी को पूजन का प्रारंभ इसी कर्म कुटी से होगा। इसके बाद मूर्ति का निर्माण करनेवाले शिल्पी का प्रायश्चित पूजन होगा। विश्व हिंदू परिषद के राष्ट्रीय प्रवक्ता और धर्माचार्य संपर्क प्रमुख अशोक तिवारी ने बताया कि 17 फरवरी को श्री विग्रह का परिसर भ्रमण कराया जायेगा तथा गर्भगृह का शुद्धिकरण होगा। उन्होंने बताया कि 18 जनवरी से अधिवास प्रारंभ होगा। दोनों समय जलाधिवास होगा। साथ ही सुगंधि और गंधाधिवास भी होगा। 19 जनवरी को प्रातः फल अधिवास और शाम को धान्य अधिवास होगा। 20 जनवरी को सुबह पुष्प और रत्न अधिवास, शाम को घृत अधिवास होगा। 21 जनवरी को प्रातः शर्करा, मिष्ठान और मधु अधिवास होगा। शाम को औषधि और शय्या अधिवास होगा। भगवान राम सूर्यवंशी हैं और आदित्य भी द्वादश हैं, इसलिए द्वादश अधिवास हो रहे हैं। मंदिर परिसर 23 जनवरी से लोगों के लिए खोल दिया जायेगा। प्राण प्रतिष्ठा से पहले ही पूरे देश का माहौल 'राम मय' हो गया है।

## पद्मभूषण महेंद्र सिंह धोनी को भी मिला निमंत्रण पत्र



**रांची।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान एवं पद्मभूषण महेंद्र सिंह धोनी को 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह का न्योता मिला है। श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का आमंत्रण पत्र आरएसएस के सह प्रांत कार्यवाह धनंजय सिंह द्वारा दिया गया। इस मौके पर भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह भी उपस्थित रहे। बीजेपी के रांची जिला महानगर के महासचिव वरुण कुमार ने बताया कि महेंद्र सिंह धोनी ने न्योता देने के लिए आभार व्यक्त किया।

## नीति आयोग की रिपोर्ट में किया गया दावा

# मोदी राज में 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर निकले

आजाद सिपाही संवाददाता




**नयी दिल्ली।** नीति आयोग ने सोमवार को एक रिपोर्ट में कहा कि 2013-14 से 2022-23 तक नौ वर्षों में 24.82 करोड़ लोग बहुआयामी गरीबी से बाहर निकले। इस दौरान उत्तर प्रदेश, बिहार और मध्य प्रदेश में बहुआयामी गरीबी में सबसे बड़ी गिरावट दर्ज की गयी। बहुआयामी गरीबी को स्वास्थ्य, शिक्षा और जीवन स्तर में सुधार के आधार पर मापा जाता है।

**बहुआयामी गरीबी नौ साल में 29.17% से घट कर 2022-23 में 11.28% रह गयी :** नीति आयोग के चर्चा पत्र के अनुसार भारत में बहुआयामी गरीबी 2013-14 के 29.17 प्रतिशत से घट कर 2022-23 में 11.28 प्रतिशत हो गई, इस अवधि के दौरान लगभग 24.82 करोड़ लोग इस श्रेणी से बाहर निकल गये।

**यूपी में गरीबों की संख्या में सबसे ज्यादा घटी, उसके बाद बिहार, एमपी और राजस्थान :** उत्तर प्रदेश में पिछले नौ वर्षों के दौरान बहुआयामी गरीबी से 5.94 करोड़ लोग बाहर निकले। इसके बाद बिहार में 3.77 करोड़, मध्य प्रदेश में 2.30 करोड़ और राजस्थान में 1.87 करोड़ लोग बहुआयामी गरीबी के दायरे से बाहर निकले। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि 2005-06 से 2015-16 की अवधि (7.69 प्रतिशत वार्षिक गिरावट की दर) की तुलना में 2015-16 से 2019-21 के बीच गरीबी अनुपात में गिरावट की गति बहुत तेज (गिरावट की वार्षिक दर 10.66 प्रतिशत) रही।

**नीति आयोग के चर्चा पत्र के लिए ओपीएचआइ और यूएनडीपी ने तकनीकी इनपुट दिये :** नीति आयोग के इस चर्चा पत्र का विमोचन सोमवार को नीति आयोग के सदस्य प्रोफेसर रमेश चंद ने आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रह्मण्यम की उपस्थिति में किया। नीति आयोग के इस पेपर के लिए ऑक्सफोर्ड पॉलिसी एंड ह्यूमन डेवलपमेंट इनिशिएटिव और संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम ने तकनीकी इनपुट प्रदान किये हैं।

**12 सतत लक्ष्यों पर आधारित है राष्ट्रीय बहुआयामी गरीबी का आंकड़ा :** नीति आयोग के अनुसार, राष्ट्रीय बहुआयामी गरीबी में स्वास्थ्य, शिक्षा और जीवन स्तर में बदलावों के आधार पर वंचितों का आकलन किया जाता है। इन्हें विकास के 12 सतत लक्ष्यों पर आधारित संकेतकों के जरिए मापा जाता है। इनमें पोषण, बाल और किशोर मृत्यु दर, मातृ स्वास्थ्य, स्कूली शिक्षा के वर्ष, स्कूलों में उपस्थिति, खाना पकाने के ईंधन, स्वच्छता, पेयजल, बिजली, आवास, संपत्ति और बैंक खाते शामिल हैं।

## फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया का हर दिन तिरंगा शपथ अभियान शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** उद्योगपति नवीन जिंदल के नेतृत्व में देशभर में राष्ट्रभक्ति की अलख जगा रहे फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया ने शनिवार देर शाम नयी दिल्ली के कनॉट प्लेस में विशेष कार्यक्रम आयोजित कर हर दिन तिरंगा शपथ अभियान की शुरुआत की। इसमें कोई भी भाग ले सकता है। इसके लिए फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया की वेबसाइट पर जाकर शपथ लेनी होगी, जिसके लिए प्रमाणपत्र प्रदान किया जायेगा।

बता दें कि फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया ने 13 जनवरी 2024 को हर दिन तिरंगा शपथ अभियान शुरू किया है। फाउंडेशन के सेक्रेटरी जनरल, मेजर जनरल (अवकाश प्राप्त) अशीम कोहली ने बताया कि दोपहर बाद करीब 1 बजे यह कार्यक्रम शुरू हुआ, जिसमें सैकड़ों लोगों ने पूरे उत्साह से भाग लिया। इस अवसर पर तिरंगा से संबेधित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी हुई। इसमें विजयी 80 लोगों को फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया की ओर से पुरस्कृत किया गया। इस दौरान तिरंगे के रंग में रंगे दर्जनों युवकों ने गीत, संगीत, रैपिंग, कविता आदि के माध्यम से देश के प्रति अपने प्रेम को अभिव्यक्त किया। कवि रमेश शर्मा, दिल्ली पुलिस के विशेष आयुक्त रॉबिन हिबू ने भी लोगों से रोज तिरंगा फहराने और तिरंगे के माध्यम से देशप्रेम का प्रदर्शन करने का अनुरोध किया।









# अयोध्या राम मंदिर के बाहर कांग्रेस नेताओं से झड़प, पार्टी का झंडा ले जाने पर हुआ बवाल

आजाद सिपाही संवाददाता



**अयोध्या।** अयोध्या में रामलला का दर्शन करने पहुंचे कांग्रेस नेताओं के साथ राम मंदिर के बाहर ही कुछ लोगों की झड़प हो गयी। नेताओं के साथ दुर्व्यहार किया गया। कांग्रेस का झंडा छीन कर फाड़ दिया गया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विरोध किया, तो उन्हें दौड़ा लिया गया। इस दौरान कुछ दूर मौजूद पुलिस पहले मूकदर्शक बनी रही। फिर बात बढ़ने पर झंडा छीन रहे लोगों को रोकने की कोशिश की गयी। घटना ऐसे समय हुई है, जब कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के साथ पार्टी नेताओं का दल अयोध्या में रामलला का दर्शन करने पहुंचा है। इस बीच हुई घटना से कांग्रेसियों में जबरदस्त रोष फैल गया है।

मौके पर मौजूद अयोध्या की महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष रेनु राय ने कहा कि हमारे लोग यहां रामलला का दर्शन करने आये थे। कुछ अराजकतत्वों ने हमारी पार्टी का झंडा छीना और उनके साथ गालीगलौच शुरू कर दी। कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मारपीट की कोशिश की गयी। जय श्रीराम का नारा लगा कर दुर्व्यवहार किया गया। यह मंदिर किसी एक पार्टी का नहीं है। यह मंदिर सभी लोगों का है। घटना के बाद कांग्रेस नेताओं का जमावड़ा मौके पर शुरू हो गया है। कांग्रेस की ओर से हंगामा और नारेबाजी शुरू हो गयी है। कांग्रेस के खिलाफ भी कुछ लोगों ने एकजुट होकर नारेबाजी शुरू कर दी है। उनका कहना है कि यहां राममंदिर या देश का झंडा लेकर आना चाहिए। यहां कांग्रेस का झंडा लेकर आने की क्या जरूरत है।

## इंडियन ओवरसीज बैंक में राजभाषा संगोष्ठी का आयोजन



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** इंडियन ओवरसीज बैंक क्षेत्रीय कार्यालय ब्रह्मपुर में विश्व हिंदी दिवस के अवसर 10 जनवरी को राजभाषा संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसका विषय था देश को एक सूत्र में बांधती हिंदी। मुख्य वक्ता के रूप में यूनाइटेड बैंक से मुख्य प्रबंधक पद से सेवानिवृत साइब पात्र ने संबोधन में कहा कि भारत को एक सूत्र में बांधने के लिए सबसे समर्थ भाषा हिंदी है। इंडियन ओवरसीज बैंक के क्षेत्रीय प्रमुख मनीष कुमार ने भी अपने संबोधन में बताया कि हिंदी जनमानस की भाषा है। आशीष ठाकुर मुख्य प्रबंधक ने पीएम मोदी का संदेश सभी को पढ़ कर सुनाया। संचालन बैंक की राजभाषा अधिकारी प्रतिभा बहिदार ने किया।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in








| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |





## एमएसएमइ आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** केनरा बैंक महाप्रबंधक और अंचल प्रमुख जगदीश चंदर के कुशल मार्गदर्शन में केनरा बैंक ने भुवनेश्वर, कटक, बेरहामपुर, संबलपुर और भद्रक में एमएसएमइ आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया है। भुवनेश्वर में इस कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। ब्इसमें पी ठाकुर नाइक, डीजीएम, भुवनेश्वर सर्कल और महामाया प्रसाद रॉय एजीएम एवं आरओ प्रमुख, भुवनेश्वर आरओ समेत 40 एमएसएमइ ग्राहकों ने भाग लिया। बैठक में मंचेश्वर औद्योगिक क्षेत्र के उपाध्यक्ष प्रमोद कुमार दास और ओड़िशा प्लास्टिक पाइप्स मैन्युफैक्करिंग एसोसिएशन के सचिवनिकुंज छोत्र शामिल हुए। सभी ग्राहकों को बैंक की नवीनतम एमएसएमइ योजनाओं पर प्रस्तुति दी गयी। 10 ग्राहकों को स्वीकृति पत्र सौंपे गये। 34.25 करोड़ एफबी और 23 करोड़ एनएफबी की राशि के कुल 18 नये प्रस्ताव प्राप्त किये गये हैं।






आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**